# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




रोशनपुरा शाम 7 बजे का दृश्य

# अब 'धूप' भी 'कांप' उठी

## 8 शहरों में कोल्ड डे, एक में शीतलहर, 21 जिलों में पारा 10 डिग्री के नीचे

भोपाल में दिन का पारा आधा डिग्री गिरकर 23.5 डिग्री रहा जो नॉर्मल से 3 डिग्री कम है



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में मंगलवार को दिन और रात के तापमान में गिरावट रही। प्रदेश में उत्तरी हवाओं के असर और हल्के बादलों के आने- जाने से धूप में कमी के कारण सर्दी में तेजी से इजाफा हुआ है।

मंगलवार को 8 शहरों में कोल्ड-डे, एक में शीतलहर और 21 जिलों में रात का पारा 10 डिग्री के नीचे पहुंच गया है। सिवनी में दिन और रात का पारा सामान्य से 6 और 7 डिग्री कम रहने यहां कोल्ड-डे के साथ शीतलहर का असर रहा। पूरे प्रदेश में दिन के साथ रात में भी कंपकंपाने वाली सर्दी का अहसास रहा। इतना ही नहीं करीब 8 शहरों में रात का तापमान 6 से 8 डिग्री के बीच रहने से यहां तेज सर्दी का प्रकोप रहा। मौसम केंद्र के अनुसार बुधवार को भी तापमान में ज्यादा बदलाव की उम्मीद नहीं है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अब पश्चिमी विक्षोभ का असर कम होने से हवाएं पूरी तरह उत्तरी हो गई हैं। इससे दिन के साथ रात के तापमान में भी गिरावट हो रही है। यह क्रम दो दिन और जारी रहेगा।

### आज भी यहां कोल्ड डे रहेगा बरकरार

सिवनी में दिन का पारा 21.4 डिग्री रहा, जो सामान्य से 5.7 डिग्री कम है। रात का तापमान 9.4 डिग्री रहा। इसी तरह मलाजखंड दिन में 20.6 नॉर्मल से 4.5 डिग्री कम। रात में 7.2 डिग्री। बैतूल 22 सामान्य से 6.1 डिग्री कम, रात 8.8 डिग्री। दतिया में न्यूनतम 6 डिग्री, खंडवा में दिन का पारा नॉर्मल से 6.7 डिग्री कम रहा, रात का 9.4 डिग्री, जबकि खरगोन में दिन का सामान्य से 6 डिग्री कम और रात का 9 डिग्री पर दर्ज हुआ है। पचमढ़ी में दिन 17 और रात 7 डिग्री पर रही। इन सभी शहरों में कोल्ड डे रहा। बुधवार को भी इन शहरों में दिन और रात के तापमान में ज्यादा बदलाव की उम्मीद नहीं है। ⏩ पढ़ें पेज 03 भी

**ऐसा है सर्दी का सितम**

सीधी, मलाजखंड, बैतूल, दतिया, खंडवा, खरगोन और पचमढ़ी में कोल्ड-डे रहा, सिवनी में शीतलहर

आधा दर्जन जिलों में रात का पारा 6 से 8 डिग्री के बीच, 10 जिलों में दिन का तापमान सामान्य से 5 से 6 डिग्री कम रहा

**इन शहरों में 10 डिग्री पर पारा**

कोल्ड डे के करीब 8 शहरों को छोड़कर शेष करीब 13 शहरों में रात का पारा 10 डिग्री के नीचे रहा है। इनमें राजगढ़, रायसेन, ग्वालियर, गुना, छिंदवाड़ा, दमोह, जबलपुर, खजुराहो, मंडला, सागर, रीवा, सतना, नौगांव, उमरिया आदि शहर शामिल हैं। इन शहरों में तेज सर्दी रही। भोपाल में दिन का पारा आधा डिग्री गिरकर 23.5 डिग्री रहा, जो नॉर्मल से 3 डिग्री कम है। धुंध और बादलों के असर से रात में दशमलव 6 डिग्री बढ़कर 10.5 डिग्री रहा। बुधवार को इसमें कमी आने का अनुमान है।


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### गौरी खान को ईडी का नोटिस, बढ़ी मुश्किलें



**मुंबई।** बॉलीवुड के सुपरस्टार शाहरुख खान की पत्नी गौरी खान को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। गौरी खान कानूनी मुश्किल में फंसती नजर आ रही हैं। उन्हें प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने नोटिस भेजा है। दरअसल गौरी रियल एस्टेट कंपनी तुलसियानी ग्रुप की ब्रांड एंबेसेडर हैं। इसी पर केस दर्ज हुआ है।

### कोरोना के नए वैरिएंट की गाइडलाइन जारी



**भोपाल।** कोरोना वायरस के नए वैरिएंट को लेकर स्वास्थ्य विभाग की ओर से नई गाइड लाइन जारी कर दी है। अस्पतालों में आरटीपीसीआर की जांच की जाएगी। देश में कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच केंद्र सरकार ने राज्यों को सतर्क किया है। नए वैरिएंट जेनए.1 का पता चलने के बाद केंद्र ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एडवाइजरी जारी की थी।

### एडीजी राव सीबीआई में बने संयुक्त निदेशक



**भोपाल।** ग्वालियर जोन के एडीजी डी. श्रीनिवास वर्मा अब सीबीआई के संयुक्त निदेशक बनाए गए हैं। उन्हें पांच साल के लिए प्रतिनियुक्ति पर केंद्र में भेजे जाने का आदेश जारी हुआ। वर्मा पदभार ग्रहण करेंगे। मप्र कैडर के 1997 बैच के आईपीएस अधिकारी वर्मा करीब डेढ़ साल पहले स्थानांतरित होकर बतौर ग्वालियर जोन के एडीजी पदस्थ हुए थे।

### प्याज से भरा ट्रक पलटा लूटने वालों में मची होड़



**शिवपुरी।** शिवपुरी में ग्वालियर फोरलेन मार्ग पर सतनवाड़ा के पास खूबत घाटी के नजदीक मंगलवार को एक प्याज से भरा ट्रक पलट जाने से इस ट्रक में भारी प्याज सड़क पर फैल गई। इस दौरान यहां पर आसपास के ग्रामीण और लोग जुट गए, जिन्होंने प्याज के लिए लूटमार मचा दी और प्याज भरकर लोग ले गए।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नगरीय निकायों की व्यवस्था को लेकर 'बड़ा फैसला' लिया

# बिल्डिंग परमिशन और कंपाउंडिंग के नियम और प्रक्रिया होगी सरल



सीएम ने इंदौर की हुकुम चंद मिल के मजदूरों के बकाए 464 करोड़ रुपए की राशि को मंजूरी दी।

*समीक्षा के बाद सीएम पांढुर्ना पहुंचे। वहां वे जनसंवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। इस तरह का उनका यह पहला कार्यक्रम था। उन्होंने ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी और अधिकारियों को समाधान करने के सख्त निर्देश दिए।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को नगरीय निकायों की व्यवस्था को लेकर बड़ा फैसला लिया। उन्होंने कहा कि बिल्डिंग परमिशन और कंपाउंडिंग के नियम और प्रक्रिया का सरलीकरण करें। उलझाने वाले नियम नहीं होने चाहिए।

नियम स्पष्ट और सरल हों, जिसे आम आदमी आसानी से समझ सके और उसे कोई परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि सामान्य आदमी जीवन में एक बार मकान बनाता है, ऐसे में बिल्डिंग परमिशन आदि की व्यवस्था ऐसी हो, जिससे वह परेशान न हो और निर्धारित समय-सीमा में कार्य हो। मुख्यमंत्री विधानसभा सचिवालय स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में नगरीय प्रशासन विभाग की समीक्षा के दौरान यह बात कही। उन्हें नगरीय प्रशासन के साथ ही स्कूल शिक्षा तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की बैठक लेना था, किंतु नगरीय प्रशासन विभाग ⏩ शेष पेज 4 पर ⏩ पढ़ें पेज 02 भी

**ये भी फैसले**

शासकीय भवन निर्माण के लिए बिल्डिंग परमिशन ली जाए

नगरीय निकाय और बड़ी पंचायतें करें मांस-मछली विक्रय के लिए भवनों का निर्माण



### सड़क चौड़ीकरण से पहले स्थानीय लोगों से बात हो

डॉ. यादव ने कहा कि शासकीय भवनों के निर्माण के लिए भी नगरीय निकायों से अनुमति प्राप्त की जाए। सभी नगर निगम, लोक निर्माण विभाग, विकास प्राधिकरण, हाउसिंग बोर्ड, पर्यटन सहित शासकीय भवन निर्माण में संलग्न सभी एजेंसियां बिल्डिंग परमिशन लें। निर्माण में बिल्डिंग लाइन, ओपन स्पेस, पार्किंग आदि का अनिवार्य रूप से ध्यान रखें। टीडीआर व टीओडी के क्षेत्र में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि रहवासियों को सुविधा प्राप्त हो और शहरों की बेहतर प्लानिंग हो सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क चौड़ीकरण से संबंधित प्रोजेक्ट्स की प्लानिंग स्थानीय लोगों की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए करें।

### नगरीय निकायों में लोगों के नक्शे जल्दी पास होने चाहिए

*मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों से कहा कि नगरीय निकायों से नक्शे जल्दी पास कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। भवन अनुज्ञा से संबंधित सॉफ्टवेयर का आंकलन कर यह ज्ञात करें कि वर्तमान में औसतन कितने दिनों में भवन अनुज्ञा जारी की जा रही है। इस मौके पर बैठक में मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा, नगरीय प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव नीरज मंडलोई सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने इंदौर की हुकुम चंद मिल के मजदूरों का बकाया 464 करोड़ रुपए की राशि को भी मंजूरी दी। जल्दी ही मजदूरों को उनका बकाया राशि मिलेगा। साथ में उस भूमि का उपयोग भी सुनिश्चित हो सकेगा।*

### कान्ह नदी का पानी शुद्धिकरण के बाद ही क्षिप्रा नदी में मिले

*मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि कान्ह नदी का पानी, शुद्धिकरण के बाद ही क्षिप्रा नदी में मिले, यह सुनिश्चित करने के लिए आधुनिकतम तकनीक का उपयोग करते हुए आवश्यक प्लांट लगाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य शासन की ओर से मांस और मछली के खुले में बिकने पर प्रतिबंध लगाया गया है। इनके विक्रेताओं को परेशानी न हो, इस उद्देश्य से नगरीय निकायों को मांस-मछली मार्केट के लिए आवश्यक रूप से भवन निर्मित किए जाएं। जब तक भवन निर्मित नहीं होते तब तक मांस, मछली विक्रय के लिए अलग से स्थल निर्धारित कर अस्थाई शेड की व्यवस्था कराएं।*

### जिस मद का पैसा मिले, खर्च भी वहीं हो इसकी जांच कराएं

*मुख्यमंत्री ने कहा कि नगरीय निकाया जिस मद का पैसा मिला है, उसी मद में खर्च करें। इससे अलग मद में खर्च करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने प्रमुख सचिव से कहा कि सभी नगरीय निकायों की जांच कराएं कि उन्होंने गैर मद का पैसा किस तरह से अन्य मद में खर्च किया है। यह सुनिश्चित करें कि जिस मद के लिए* ⏩ शेष पेज 4 पर

## इंडिया गठबंधन की बैठक में फिर जुटे 28 दल



# सीएम ममता ने खरगे का नाम आगे बढ़ाया, कहा- वे हों 'पीएम कैंडिडेट'

इस प्रस्ताव का केजरीवाल ने किया समर्थन अखिलेश चुप

खरगे बोले- इस मुद्दे पर चुनाव के बाद बात होगी



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इंडिया गठबंधन के नेताओं की चौथी बैठक मंगलवार को दिल्ली के अशोका होटल में हुई। इसमें पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने पीएम चेहरे के लिए मल्लिकार्जुन खरगे के नाम का सुझाव रखा।

अरविंद केजरीवाल ने इसका समर्थन किया। यह जानकारी बैठक के बाद एमडीएमके (मरूमलारची द्रविड़ मुनेत्र कड़गम) के सांसद वाइको ने दी। हालांकि, पीएम फेस के सवाल पर यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने चुप्पी साध ली। पत्रकारों के सवाल के जवाब में खरगे ने कहा- पहले हम सभी को लोगों को जीतकर आना है, पहले इस पर विचार करना होगा। इस पर काम करेंगे। अगर हमारे पास सांसद नहीं होंगे तो पीएम फेस के बारे में बात करके हम क्या करेंगे? ⏩ शेष पेज 4 पर

### कुल 8 से 10 बैठकें होंगी


*खरगे ने बताया कि पूरे देश में कम से कम 8-10 बैठकें करने का फैसला हुआ है। भाजपा सरकार में देश की संसद से सांसदों को निलंबित किया जा रहा है। यह अलोकतांत्रिक है। इसके लिए सबको मिलकर लड़ना होगा जिसके लिए हम तैयार हैं।*

### इन मुद्दों पर चर्चा हुई

2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर सीट शेयरिंग का मुद्दा चर्चा का केंद्र रहा। भाजपा के खिलाफ 400 सीटों पर कॉमन कैंडिडेट उतारने के टारगेट पर बात हुई। वहीं, कांग्रेस की कोशिश है कि वह 275 से 300 सीटों पर अपने कैंडिडेट उतारे। पार्टी अन्य दलों को सिर्फ 200-250 सीटें देने के पक्ष में है। ⏩ पढ़ें पेज 08 भी

## कप्तान कमिंस को पछाड़कर आईपीएल इतिहास के

# सबसे महंगे खिलाड़ी बने स्टार्क




मिचेल स्टार्क
**24.75** करोड़
कोलकाता नाइट राइडर्स



डिरेल मिचेल
**14** करोड़
चेन्नई सुपर किंग



हर्षल पटेल
**11.75** करोड़
पंजाब किंग्स



अल्जारी जोसेफ
**11.50** करोड़
आरसीबी



पैट कमिंस
**20.50** करोड़
सनराइजर्स हैदराबाद

एजेंसी ⏭ दुबई

मिचेल स्टार्क मंगलवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग की खिलाड़ियों की नीलामी में ऑस्ट्रेलियाई टीम के अपने गेंदबाजी जोड़ीदार और कप्तान पैट कमिंस को पछाड़कर आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बने। सनराइजर्स हैदराबाद के रिकॉर्ड 20 करोड़ 50 लाख रुपये में कमिंस को अपने साथ जोड़ने के कुछ ही घंटों बाद कोलकाता नाइट राइडर्स ने बाएं हाथ के तेज गेंदबाज स्टार्क के लिए 24 करोड़ 75 लाख रुपये की बोली लगा दी। न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल (14 करोड़ में सीएसके), तेज गेंदबाजों में हर्षल ⏭ शेष पेज 4 पर ⏩ पढ़ें पेज 11 भी

**इनकी बोली नहीं लगी....**

ऑस्ट्रेलिया तेज गेंदबाजी तिकड़ी में शामिल जोश हेजलवुड के लिए किसी टीम ने बोली नहीं लगाई। उनका आधार मूल्य दो करोड़ रुपए था। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ, भारत के मनीष पांडे और दक्षिण अफ्रीका के रिली रोसेयु के लिए किसी ने बोली नहीं लगाई।

## मनीष सिंह को जनसंपर्क से हटाकर मंत्रालय में अपर सचिव बनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राज्य शासन ने देर रात जनसंपर्क आयुक्त मनीष सिंह को हटाकर मंत्रालय में अपर सचिव के पद पर पदस्थ कर दिया। इसके साथ ही साथ जनसंपर्क आयुक्त व एमडी माध्यम का प्रभार सचिव मुख्यमंत्री और जनसंपर्क विभाग विवेक ⏩ शेष पेज 4 पर



मनीष सिंह



विवेक पोरवाल



नीरज मंडलोई




# मूल भावना दर्शक के सामने आना चाहिए, 'श्रीमद रामायण' मूल भावना पर है आधारित

मुंबई से आनंद सक्सेना

*एक जनवरी से प्रसारित होने वाले 'श्रीमद रामायण' में मूल भावना ही देखने को मिलेगी, जिससे लोग रामायण ग्रंथ की गहराइयों को जान सकेंगे।*

हरिभूमि चर्चा

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर नए साल से शुरू होने जा रहे धारावाहिक श्रीमद रामायण में एक बार फिर से मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम की गौरव गाथा देखने को मिलेगी। इस धारावाहिक का प्रसारण 1 जनवरी 2024 से हर सोमवार से शुक्रवार रात 9 बजे से होगा। इसमें काम कर रहे कलाकारों का कहना है कि किसी भी धार्मिक धारावाहिक में उसकी मूल भावना दर्शकों के सामने आना चाहिए। क्योंकि किसी भी धार्मिक ग्रंथ से छेड़छाड़ नहीं की जा सकती है। जब दर्शक मूल भावना समझेंगे, तभी धारावाहिक की लोकप्रियता भी बढ़ी है। यह बात उमरगांव गुजरात स्थित सेट पर हरिभूमि से चर्चा करते हुए श्रीमद रामायण में काम कर रहे कलाकारों ने कही।

'श्रीमद रामायण' में काम कर रहे कलाकारों ने यह बात हरिभूमि से बातचीत करते हुए कही




**प्राची बंसल (सीता)**

प्राची बंसल धारावाहिक श्रीमद रामायण में सीता की भूमिका निभा रही हैं। प्राची बंसल कहती हैं कि मुझे लगता है कि जैसे मैंने इस भूमिका को चुना है। यह एक ऐसा किरदार है, जिसका हिस्सा हर कलाकार अपने अभिनय कॅरियर में बनना चाहता है। बचपन से ही रामायण के बारे में पढ़ते और सुनते आए हैं। मैं खुद को भाग्यशाली मानती हूं कि मुझे सीता मां का किरदार निभाने का मौका मिला है। प्राची बंसल के कॅरियर का यह दूसरा पौराणिक धारावाहिक है। वह कलर्स चैनल के शो शिव शक्ति तप त्याग तांडव में गंगा की भूमिका निभा चुकी हैं।



**सुजय रेऊ (राम)**

धारावाहिक सिया राम में भरत की भूमिका निभा चुके अभिनेता सुजय रेऊ धारावाहिक श्रीमद रामायण में राम की भूमिका निभा रहे हैं। वह कहते हैं कि श्रीमद रामायण में यह अवसर पाकर मैं सम्मानित और उत्साहित महसूस कर रहा हूं। ऐसे पूजनीय भगवान राम का किरदार निभाना सिर्फ एक भूमिका नहीं, यह एक गहरी जिम्मेदारी और अभूतपूर्व आध्यात्मिक यात्रा है।



**शिल्पा सकलानी (कैकयी)**

श्रीमद रामायण में कैकयी की भूमिका निभा रहीं शिल्पा सकलानी छोटे पर्दे की लोकप्रिय अभिनेत्री हैं। उनका कहना है कि कैकयी के सकारात्मक पहलू को अभी तक कम दर्शाया गया है। राम अपनी मां से पहले कैकयी का नाम लेते हैं और हमेशा उन्हीं के महल में बचपन बिताया। श्रीमद रामायण में यही सकारात्म भूमिका मैने दिखाई है। इसके पहले शिल्पा ने सास भी कभी बहू थी, जस्सी जैसी कोई नहीं, जैसे दर्जनों धारावाहिकों में काम कर चुकी हैं।



**निर्भय वाधवा (हनुमान)**

श्रीमद रामायण में हनुमान बने निर्भय बाधवा मानते हैं कि उन्हें लगता है कि वो सिर्फ हनुमान की ही भूमिका में अब काम करें। क्योंकि भक्ति में उन्हीं की करता हूं। जयपुर के रहने वाले अभिनेता निर्भय वाधवा इससे पहले भी धारावाहिक संकट मोचन महाबली हनुमान में हनुमान की भूमिका निभा चुके हैं।



**आरव चौधरी (दशरथ)**

स्टार प्लस की महाभारत में भीष्म पितामह की भूमिका निभा चुके आरव चौधरी श्रीमद रामायण में दशरथ भूमिका में आ रहे हैं। आरव कहते हैं कि दोनों की भूमिका में काफी अंतर है। एक में तेज तर्रार और एक में पारिवारिक राजा की भूमिका जिसे पुत्रों को पढ़ने के लिए आश्रम भेजने में तकलीफ होती है। इसके बाद भी अपने चरित्र में पूरी भूमिका को उतारने से हर काम आसान हो जाता है। जयपुर के रहने वाले आरव चौधरी धूम और हाउसफुल धारावहिक के साथ कुछ फिल्मों में भी काम कर चुके हैं।



**निकितिन धीर (रावण)**

अभिनेता निकितिन धीर ने श्रीमद रामायण में रावण का किरदार निभा रहे हैं। वे कहते हैं कि इस अवसर को पाकर बेहद सौभाग्यशाली महसूस कर रहा हूं। क्योंकि मैंने इस तरह के जीवन से भी बड़े किरदार के लिए वर्षों तक इंतजार किया। निकितिन धीर को शाहरुख खान की फिल्म चेन्नई एक्सप्रेस मंम थंगाबली की भूमिका के लिए पहचाना जाता है।

---

**इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय परिसर में राष्ट्रीय बालरंग महोत्सव का शुभारंभ**

# राज्य स्तरीय बालरंग महोत्सव में प्रदेश के 1200 विद्यार्थियों ने 25 स्टॉलों पर दिखाई 22 राज्यों की सांस्कृतिक झलक

हरिभूमि न्यूज भोपाल

*प्रदेश के विभिन्न 9 संभागों के लगभग 1 हजार प्रतिभागी विद्यार्थियों ने अपने जिले की संस्कृति, वेशभूषा, नृत्य एवं खानपान को विभिन्न मंचों पर प्रदर्शित किया।*

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय परिसर में राष्ट्रीय बालरंग महोत्सव का शुभारंभ हुआ। जिसके अंतर्गत आत्मनिर्भर भारत थीम के अनुरूप प्रदेश के विभिन्न 9 संभागों के लगभग 1 हजार प्रतिभागी विद्यार्थियों ने अपने जिले की संस्कृति, वेशभूषा, नृत्य एवं खानपान को विभिन्न मंचों पर प्रदर्शित किया। इसके साथ ही इन बच्चों ने लोक नृत्य एवं शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत किए।

लोकनृत्य (कनिष्ठ) में जबलपुर संभाग प्रथम, लोकनृत्य (वरिष्ठ) में इंदौर संभाग से गणगौर नृत्य प्रथम, जबलपुर संभाग से बामा नृत्य द्वितीय एवं शास्त्रीय नृत्य (कनिष्ठ वर्ग) में भोपाल संभाग प्रथम, सागर संभाग द्वितीय रहा। इसके साथ ही 'आत्मनिर्भर भारत' थीम पर 'समर्थ भारत प्रदर्शनी' में प्रदेश के 9 संभागों के करीब 1200 विद्यार्थियों द्वारा 25 स्टाल लगाए गए, जिसमें 22 राज्यों की सांस्कृतिक, जनजातीय और भौगोलिक विशेषताओं को बड़े ही मनमोहक रुप में दर्शाया गया।




*बाल रंग महोत्सव में 'आत्मनिर्भर भारत' थीम पर लगी 'समर्थ भारत प्रदर्शनी'*

### भांगड़ा और गिद्दा की प्रस्तुति के साथ ही गोल्डन टेंपल की प्रतिकृति



पंजाब का स्टॉल लगाने वाले पिपलानी पब्लिक स्कूल के 37 बच्चों ने जहां एक और पंजाबी भांगड़ा और गिद्दा की वेशभूषा में प्रस्तुति दी तो वहीं उनके स्टॉल पर सिखों के 10 गुरुओं की झलक भी नजर गाई। एक ओर गोल्डन टेंपल की प्रतिकृति थी तो दूसरी ओर पंजाबी संस्कृति को दर्शाते रंग बिरंगे छतरियों से सजा स्टॉल खास रहा।

### केदारनाथ मंदिर की झांकी, हर की पोड़ी पर गंगा आरती करते बच्चे



वहीं उत्तराखंड का स्टॉल लगाने वाले हमीदिया गर्ल्स स्कूल के 13 बच्चों ने जहां एक और केदारनाथ मंदिर की झांकी लगाई तो वहीं दूसरी ओर उत्तराखंड का राष्ट्रीय पशू कस्तुरी हिरन। हर की पोड़ी को भी इन बच्चों ने अपनी झांकी में शामिल किया। इन बच्चों ने खास रूप से सुबह और शाम की बेला में गंगा आरती भी की।

### कुनबी और पुर्तगीज नृत्य के साथ दर्शाई गोवा की सांस्कृतिक झलक



वहीं गोवा की झांकी लगाने वाले चार स्कूलों के बच्चे जिसमें खजूरी कला, केएस कॉन्वेंट, दिशा द्वीप और मै फ्लावर स्कूलों के करीब 40 बच्चों ने एक और गोवा का बीच बनाया तो दूसरी और क्रिसमस ट्री और उस ट्री के पीछे बना चर्च भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। साथ ही इन बच्चों ने कुनबी नृत्य और पुर्तगीज नृत्य के माध्यम से गोवा राज्य की संस्कृति को दर्शाया।

### रोहतां दर्रे पर स्थित अटल टनल एवं कांगड़ा शैली

हिमाचली वेशभूषा में सजे धजे कन्या कस्तूरबा स्कूल के बच्चों ने हिमाचल प्रदेश की सांस्कृतिक झलक दिखाई। करीब 40 बच्चों से सजे इस स्टॉल में रोहतां दर्रे पर स्थित अटल टनल, हिमाचल प्रदेश की कांगड़ा शैली को भी अपने स्टॉल पर प्रदर्शित किया।



### लोक नृत्यों ने किया थिरकने पर मजबूर

लोक नृत्यों के माध्यम से बच्चों ने देश के अनेकों राज्यों की सांस्कृतिक झलक को दर्शाया। किसी ने गोवा के कोंकण नृत्य में गोवा की संस्कृति दिखाई तो किसी ने हिमाचल के कांगड़ा नृत्य कर दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं पंजाबी गिद्दा और भांगड़ा ने तो दर्शकों को नाचने पर मजबूर कर दिया।



---

# दादा-दादी ने कहा...यही हालात रहे तो एक दिन मोटे अनाज की किस्में विलुप्त हो जाएंगी...

हरिभूमि न्यूज भोपाल

**मिलेट वूमेन ऑफ इंडिया लहरी बाई ने हरिभूमि को बताए अनुभव**

हरिभूमि चर्चा

बीज बैंक का काम मैंने यह सोच कर आरंभ नहीं किया था कि मुझे शोहरत मिलेगी। मैं खेतिहर बैंगा समुदाय से हूं। जब मैं करीब 12 साल की थी, तब हमें पारंपरिक खेती में दिक्कत हुई, क्योंकि बीज नहीं मिल रहे थे। मेरे दादा और दादी ने इस समस्या पर विचार किया और मुझसे बोले की यदि यही हालात रहे तो एक दिन मोटे अनाज की किस्में विलुप्त हो जाएंगी। उनके कहने पर मैंने बीज संरक्षण आरंभ किया और बीज बैंक बनाया।

मैं किसानों को बीज देती और पैसे के स्थान पर फसल उगने पर उनसे कुछ अधिक मात्रा में अनाज लेकर बीज के रूप में संरक्षित करती हूं। यह कहना है मिलेट वूमेन ऑफ इंडिया लहरी बाई का। मिलेट्स की ब्रांड एंबेसडर के रूप में मशहूर हो चुकी लहरी बाई ने यह बात सोमवार को हरिभूमि से चर्चा में कही। वे इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स डे पर आयोजित वाइस ऑफ मिलेट्स कार्यक्रम शामिल होने भोपाल आई थीं। कार्यक्रम का आयोजन गर्भावस्था सपोर्ट ग्रुप सफल की ओर से किया गया था, जिसमें मिलेट्स फार मदर्स नामक पुस्तक का विमोचन भी किया गया।



### श्रीअन्न को संरक्षित करें, इनका सेवन करें

उन्होंने कहा कि श्रीअन्न को संरक्षित करें, इनका सेवन करें और आगे बढ़ाएं। इसी में हमारी भलाई है। जिस प्रकार अपने शरीर का श्रृंगार हम खुद से करते हैं उसी प्रकार धरती का श्रृंगार श्रीअन्न से करें तभी हमारी धरती सुंदर होगी और हम स्वास्थ्य होंगे।

**ऐसे मिली ख्यातिः-** डिंडौरी जिले के सिलपिढी की रहने वाली लहरी बाई वैसे तो बीज संरक्षण का काम करीब 18 साल से कर रहीं हैं। ऐसा करके वे अपने जिले के पारंपरिक किसानों की मदद कर रही थीं। यूनेस्को ने साल 2023 को मिलेट्स वर्ष घोषित किया तो मिलेट्स के लिए काम करने वाले लोगों की खोजबीन होने लगी। डिंडौरी कलेक्टर विकास मिश्रा को जब पता चला कि लहरी बाई ने डेढ़ सौ से अधिक प्रकार के बीजों का संरक्षण किया है तो जिला प्रशासन के माध्यम से इनके काम को सराहना व प्रोत्साहन मिला। इसके बाद जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लहरी बाई के काम को सराहा, तब उन्हें ख्याति मिली।

### हमारा स्वसहायता समूह ही इस काम को आगे बढ़ाएगा

*एक सवाल के उत्तर में लहरी बाई ने कहा कि मुझे अपने काम पर गर्व है। मैं अपना काम वैसे ही करती रहूंगी, लेकिन बड़ी कंपनियों आदि के माध्यम से नहीं। हमारा स्वसहायता समूह ही इस काम को आगे बढ़ाएगा।*

---

**शहीद भवन में नाटक का मंचन, लगे ठहाके**

# मन को गुदगुदा गई 'पड़ोसी की बीवी'

हरिभूमि न्यूज भोपाल

घर की मुर्गी दाल बराबर होती है। देखा जाता है पुरुषों को अपनी पत्नी से अधिक अक्सर पराई स्त्री पसंद आती हैं। मंगलवार को ऐसी ही एक कहानी हास्य रस से भीगी हुई शहीद भवन में नाटक 'पड़ोसी की बीवी' के रूप में मंचित हुई।

मराठी नाटक 'देखणी बायको दुसर्याची से प्रेरित इस नाटक का हिंदी अनुवाद भानुमति सिंह ने किया है, वहीं नाटक का निर्देशन नजीर कुरेशी ने किया। लगभग डेढ़ घंटे अवधि के इस नाटक में पड़ोसी अपनी पड़ोसन के लिए कई अरमान लिए होते हैं। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है तो हास्य उत्पन्न होता है। यह नाटक का पहला मंचन था, जिसे करीब एक महीने में तैयार किया गया है।

### पड़ोसन का अरमान लिए होते हैं पति



नाटक की शुरुआत केशव और उसकी पत्नी सुशीला के नोंकझोंक भरे संवाद से होती है, जिसमें दोनों का प्रेम छलकता है और हास्य भी उत्पन्न होता है। इनके संवाद के बाद पड़ोसियों की एंट्री होती है, प्रेमा व नवीन दोनों से घुलते-मिलते हैं। बातचीत के दौरान केशव प्रेमा की ओर तथा नवीन सुशीला की ओर आकर्षित हो जाते हैं। दोनों भगवान से प्रार्थना करते हैं कि भले ही कुछ समय के लिए ही सही पड़ोसी की बीवी का साथ मिल जाए। इसके बाद भगवान दोनों की आत्माएं बदल देते हैं और इससे लगातार हास्य पैदा होता है।




# हरमन माइनर विद्यालय खजूरी कलां का रजत जयंती समारोह संपन्न

**छात्र-छात्राओं की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मन मोहा**

**भोपाल।** हरमन माइनर विद्यालय खजूरी कलां का रजत जयंती समारोह भेल के कल्चरल हॉल में मनाया गया। समारोह में स्कूल के छात्र-छात्राओं ने राजस्थानी लोक नृत्य समेत रंगारंग सांस्कृतिक और मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। इस दौरान मुख्य अतिथि लेडिज भेल क्लब की अध्यक्ष शशि सिंह और विशिष्ट अतिथि के रूप में वीनस तारकेश्वर व उमेश तारकेश्वर मौजूद रहे।

# राम कथा व्यक्ति के जीवन चरित्र निर्माण की कथा हैः डॉ. पचौरी

**भोपाल।** एक दिवसीय राम कथा का भव्य आयोजन न्यू कॉलोनी नंबर 2 कमेटी हॉल के सामने बिरला नगर ग्वालियर में किया गया।

राम कथा में बड़ी संख्या में उपस्थित छात्र-छात्राओं और ग्वालियर शहर के प्रसिद्ध जनों की उपस्थिति में गुरुजी ने बताया कि वास्तविक राम कथा व्यक्ति के जीवन चरित्र निर्माण की कथा है। गुरुजी ने विशेष कर छात्र-छात्राओं को कहा अगर जीवन में वास्तविक उन्नति करना है तो राम की ओर चलना पड़ेगा राम को समझाना पड़ेगा राम के चरित्र को जानना पड़ेगा।



गुरुजी ने बताया इस दुनिया में साक्षात ब्रह्मा हमारे माता-पिता हैं इसलिए माता-पिता और गुरु का हमेशा आदर करना चाहिए गुरुजी ने छात्र-छात्राओं को आधुनिक समय में चरित्र उन्नति पर जोर देने की बात कही।

**भारतीय विचार संस्थान न्यास की ओर से आयोजित व्याख्यानमाला**

# साधनों पर नहीं, मन पर निर्भर है सेवा कार्यः भैयाजी जोशी

**भोपाल।** सेवा का क्षेत्र ऐसा है, जो साधनों पर निर्भर नहीं है। सेवा के लिए मन चाहिए। मन जब तैयार होता है तो साधनों की परवाह किए बिना व्यक्ति सेवा कार्य के लिए निकल पड़ता है। सेवा कार्य योजना से नहीं किए जाते, यह तो मन की वेदना के आधार पर किए जाते हैं। सेवा करने वालों ने अपने कार्यों से 'सेवा परमो धर्मः' को सिद्ध किया है। ये विचार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय कार्यकारिणी के सदस्य सुरेश जोशी (भैयाजी



जोशी) ने व्यक्त किए। भारतीय विचार संस्थान न्यास की ओर से रवींद्र भवन, भोपाल में आयोजित तीन दिवसीय व्याख्यानमाला में अंतिम दिन उन्होंने 'सेवा परमो धर्मः' विषय पर अपना वक्तव्य दिया।

### संकल्पना में धर्म एक व्यापक तत्व है

भैयाजी जोशी ने कहा कि भारत के अलावा और कहीं धर्म के समान शब्द नहीं है। हमारी संकल्पना में धर्म एक व्यापक तत्व है। इसके दो पक्ष हैं- सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक। गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है कि धर्म को आचरण में लाने वाले मुझे सबसे प्रिय हैं। इसी प्रकार सेवा भी सिद्धांत का नहीं अपितु आचरण का विषय है। चिंतन जब व्यवहार में दृश्यमान होता है, तब सेवा दिखाई देती है।

---

**भोपाल आईं पॉप म्यूजिशियन माया कमाति ने कहा-**

# मेरे म्यूजिक में दिखती है महिला सशक्तिकरण और महिला अधिकारों की झलक

हरिभूमि न्यूज भोपाल

हरिभूमि चर्चा

मेरे पिता तमिलनाडु के हैं और मेरी मां रीयूनियन द्वीप की है, इस द्वीप पर फ्रांस का अधिकार है, जबकि यह अफ्रीका महाद्वीप के पास हिंद महासागर में स्थित है।

इसलिए मैं इंडियन कल्चर और इंडियन म्यूजिक से काफी इंस्पायरड हूं और मुझे इंडियन म्यूजिशियन में रवि शंकर एवं बप्पी लहरी काफी पसंद है। उनके म्यूजिक को सुनकर मुझे काफी रिलेक्स मिलता है और मेरे म्यूजिक में आपको महिला सशक्तिकरण और महिला अधिकारों की झलक नजर आएगी। क्योंकि मुझे लगता है कि हमारे क्षेत्र में महिलाओं को आगे आने की जरूरत है। यह कहना है पॉप म्यूजिशियन माया कमाति का, जो ऑलियंस फ्रांसिस की ओर से भारत भवन में आयोजित 'इंट्रोडक्शन टू द ट्रेडिशनल म्यूजिक ऑफ रीयूनियन' प्रोग्राम आईं।



### गीतों में दिखती है अफ्रीकन कॉन्टिनेंट की झलक

माया ने कहा कि भले ही रीयूनियन द्वीप फ्रांस के जस्ट ऑपोजिट हिंद महासागर में रही हूं, लेकिन इस पर फ्रांस का अधिकार है इसलिए हम लोग फ्रेंच भाषा, फ्रेंच कल्चर के काफी निकट स्वयं को मानते हैं, लेकिन मेरे गीतों में अफ्रीकन कॉन्टिनेंट की झलक भी नजर आएगी, जिसमें मेरे कॉस्ट्यूम में अफ्रिकन महाद्वीप की भांति यूनिकनेस दिखेगी तो वहीं मेरे साथ काम करने वाले आर्टिस्ट भी अफ्रीकन है।

### बांस के फूलों से तैयार आर्गेनिक इंस्ट्रुमेंट

बुधवार को भारत भवन में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में सोलो परफॉर्मेंस दूंगी और जिसमें मैं ऑर्गेनिक म्यूजिकल इंस्ट्रुमेंट को प्ले करूंगी। मेरी म्यूजिक कंसर्ट की यही स्टाइल है, इसीलिए मेरे फैंस मुझे इसी रूप में पसंद करते हैं। उन्होंने कहा कि आर्गेनिक इंस्ट्रुमेंट बांस के फूलों से तैयार किया जाता है और इसके प्ले होने से लगता है कि एक साथ कई म्यूजिक प्ले हो रहे हैं।

### भोपाल की ग्रीनरी, लेक्स मुझे काफी खूबसूरत लगी

माया कहती हैं कि मैं भोपाल पहली बार आ रही हूं लेकिन भारत में मैं अपना यह कंसर्ट पांच स्थानों पर दूंगी, जिसमें अहमदाबाद, कोलकाता सहित देश के चुनिंदा शहर शामिल है, लेकिन भोपाल में मैं पहली बार आई हूं और यहां की ग्रीनरी, लेक्स मुझे काफी खूबसूरत लगी।

### पिता का भारत से रिश्ता होने से मेरा नाम माया पड़ा

*रीयूनियन द्वीप की क्रियोल मुख्य भाषा है और इसकी क्रियोल संगीत भाषा मैलोया में भी मैंने अपने गीत गाए हैं। इसी भाषा में मार्च माह में मेरा एल्बम सोवाज आने वाला है। हमारी पांच पीढ़ियां रीयूनियन पर रहीं लेकिन पिता का भारत से रिश्ता होने की वजह से मेरा नाम माया पड़ा।*

भोपाल
बुधवार, 20 दिसंबर 2023
अगहन मास शुक्ल पक्ष-08
वर्ष : 10, अंक : 273
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 21
न्यून. 19

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

11 दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे वनडे में भारत...




विचार पेज
06 मोदी गारंटी के युग में नया...

## बड़ा सवाल...क्या यह पूर्व मुख्यमंत्री का मप्र की राजनीति से 'विदाई' का संकेत?

# नड्डा से मुलाकात के बाद शिवराज बोले अब मैं करूंगा दक्षिण के राज्यों का दौरा

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

क्यासों की मानें तो पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ वही होता दिख रहा है, जो कभी साध्वी उमा भारती के साथ हुआ था।

तब शिवराज सिंह चौहान मुख्यमंत्री थे और उमा भारती को प्रदेश की राजनीति से अलग कर उप्र भेज दिया गया था। अब डॉ. मोहन यादव मुख्यमंत्री हैं और दिल्ली में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात के बाद खुद शिवराज ने कहा कि अब वे दक्षिण के राज्यों का दौरा ▶▶ शेष पेज 4 पर

**शिवराज ने कहा- विकसित भारत संकल्प यात्रा में उन्हें जहां बुलाया जाएगा, वे वहां जाएंगे। वे मप्र में भी रहेंगे और केंद्र में भी।**

### ये भी संयोग...शिवराज के समय उमा को भी छोड़ना पड़ा था राज्य



यह भी बोले शिवराज...

### मिशन तय करता है कि आप क्या करेंगे?

नड्डा से मुलाकात के बाद पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज ने कहा कि अगले काम के बारे में उन्होंने मुझसे चर्चा की है। मैंने पहले भी कई बार कहा है कि भाजपा का काम मेरे लिए मिशन है। जब आप मिशन में काम करते हैं तो खुद तय नहीं करते है कि आप क्या करेंगे? इसलिए, वह मेरे लिए काम तय करेंगे। फिलहाल विकसित भारत संकल्प यात्रा में मेरे कार्यक्रम बनेंगे, उनके लिए मैं दक्षिण के राज्यों में जाऊंगा। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल के गठन के संबंध में भी उनके साथ चर्चा हुई है। सलाह-मशविरा हुआ है। ▶▶ शेष पेज 4 पर

### मैं वापस जाऊंगा लेकिन फिर आऊंगा

नड्डा से मुलाकात के बाद मीडिया के सवालों से घिरे शिवराज ने यह भी कहा कि अभी तो मैं वापस जाऊंगा लेकिन फिर आऊंगा और आपसे बार-बार मिलता रहूंगा। उनके इस कथन का भी यही संकेत है कि उन्हें केंद्र की ओर से जवाबदारी मिल गई है और वे मप्र से ▶▶ शेष पेज 4 पर

**तब उमा को लड़ना पड़ा था उप्र में चुनाव**

पहले तो उमा भारती ने शिवराज सिंह चौहान के मुख्यमंत्री बनने के बाद अपनी अलग पार्टी भाजश बनाई थी। इसके बाद उन्हें भाजपा में इसी शर्त पर लाया गया था कि वे मप्र की राजनीति से दूर रहेंगी। लिहाजा, उन्हें उप्र में चरखारी से विधानसभा और झांसी से लोकसभा का चुनाव लड़ना पड़ा था। दिली इच्छा होने के बावजूद उमा को मप्र से भाजपा का टिकट अब तक नहीं मिला। अब शिवराज सिंह के साथ भी ऐसा ही होता दिख रहा है। वे मप्र छोड़ना नहीं चाहते और पार्टी नेतृत्व ने तय कर दिया कि आपको दक्षिण के राज्यों में दौरे करना है।

**इसके पीछे कारण यह...**

### समानांतर शक्ति केंद्र न बनने देना उद्देश्य

*जब शिवराज सिंह प्रदेश के मुख्यमंत्री थे तब प्रदेश में उमा भारती का भी अच्छा दबदबा था। इसलिए प्रदेश में भाजपा में समानांतर कोई शक्ति का केंद्र न बने, इसलिए उमा को प्रदेश से बाहर किया गया था। अब वही नियम शिवराज के साथ लागू हो रहा है। मप्र में सत्ता के समानांतर कोई दूसरा शक्ति केंद्र न बने।*

## खबर संक्षेप

### खड़ी कार में लगी आग जिंदा जल गए भाई-बहन

**पटना।** पटना में खड़ी कार में अचानक आग लगने से दो मासूम भाई-बहन जिंदा जल गए। दोनों



बच्चे कार की पिछली सीट पर खेल रहे थे। इसी दौरान आग लग गई। और मिनटभर में दोनों की कार के अंदर जलकर मौत हो गई। यह दर्दनाक हादसा गौरीचक थानांतर्गत सोहगी रामपुर इलाके में सोमवार की रात साढ़े नौ बजे हुआ। कार में दो बच्चे बैठकर खेल रहे थे। इसी बीच कार भीतर से ही लॉक हो गई और बच्चे उसी में फंस गए।

### बिटकॉइन पोंजी मामले में महिला गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को कहा कि उसने 'बिटकॉइन पोंजी स्कीम' के




प्रवर्तकों के खिलाफ हालिया छापेमारी के बाद एक महिला को गिरफ्तार किया है और तीन लक्जरी कार तथा कुछ आभूषण जब्त किए हैं। इस योजना के तहत जनता से लगभग 6,600 करोड़ एकत्र किए गए। ईडी ने सिम्पी भारद्वाज उर्फ सिम्पी गौड़ को 17 दिसंबर को हिरासत में लिया था।

### गोगामेड़ी हत्या मामले की जांच करेगी एनआईए

**नई दिल्ली।** करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी हत्या मामले की जांच एनआईए



करेगी। जांच गृह मंत्रालय ने एनआईए को मंगलवार को सौंप दी। आशंका जताई जा रही है कि गोगामेड़ी के मर्डर में गैंगस्टर शामिल हैं। मर्डर की जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई गैंग के गुर्गे रोहित गोदारा ने लेते हुए कहा था कि हमने ये सब करवाया है। रोहित ने सोशल मीडिया पर लिखा था, गोगामेड़ी की हत्या हुई है। इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी हम लेते हैं।

### हंगामा काट रहे विपक्षी सांसदों के निलंबन के बीच यह नया ड्रामा, धनखड़ बोले- शर्मनाक

# टीएमसी सांसद ने की धनखड़ की मिमिक्री 'हंसते और वीडियो' बनाते रहे राहुल गांधी

सांसदों के निलंबन के खिलाफ 22 दिसंबर को देशभर में प्रदर्शन

*संसद की सुरक्षा में सेंध मुद्दे पर हंगामा कर रहे विपक्ष के अब तक 141 सांसद निलंबित कर दिए गए। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के केवल नौ सांसद ही बचे हैं, जिनमें सोनिया गांधी और राहुल गांधी शामिल।*

**आहत धनखड़ ने कहा-** एक सांसद मजाक उड़ा रहा और दूसरा वीडियोग्राफी कर रहा

**नियमों से चलेगी संसद,** ये लास्ट वॉर्निंग...कहकर बिरला ने 49 सांसद और कर दिए सस्पेंड

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के शीतकालीन सत्र में सुरक्षा में सेंध मामले में हंगामा कर रहे विपक्ष के 141 सांसद अब तक निलंबित किए जा चुके हैं। इस बीच एक नया ड्रामा विपक्ष ने कर डाला। मंगलवार को नई संसद के प्रवेश द्वार को घेरते हुए विपक्ष के सांसदों ने विरोध प्रदर्शन किया।

इस दौरान तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद कल्याण बेनर्जी ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री कर उनका मजाक उड़ाया। उनको ऐसा करते देख विपक्षी सांसदों ने जमकर ठहाके भी लगाए और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी अपने मोबाइल फोन में इसका वीडियो बना रहे थे। सभापति जगदीप धनखड़ ने आहत हुए कहा ▶▶ शेष पेज 4 पर

**संसद की सीढ़ियों पर टीएमसी के सांसद कल्याण बेनर्जी ने राज्यसभा चेयरमैन के तौर पर जगदीप धनखड़ के सदन के संचालन के उनके तरीके का मजाक उड़ाया।**



**मिमिक्री करने पर बोले सभापति...**

### गिरने की कोई तो सीमा होगी




धनखड़ ने कहा कि ये शर्मनाक, हास्यास्पद और अस्वीकार्य है। विपक्ष के गिरने की भी कोई सीमा तो होगी। कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि सदन और अध्यक्ष के अधिकार की अवहेलना करने वाले सदस्य (सांसद) को निलंबित किया जाना चाहिए।

### मेघवाल ने विपक्षी सांसदों को निलंबित करने का प्रस्ताव रखा

संसद से मंगलवार को कुछ और विपक्षी सांसदों को निलंबित कर दिया गया। मंगलवार को निलंबित किए गए सांसदों में शशि थरूर, डिंपल यादव, मनीष तिवारी, सुप्रिया सुले और दानिश अली आदि का नाम शामिल है। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने विपक्षी सांसदों को निलंबित करने का प्रस्ताव लोकसभा में पेश किया। इस प्रस्ताव में मोहम्मद फैसल, कार्ति चिदंबरम, सुदीप बंधोपाध्याय समेत 49 सांसदों का नाम शामिल है। ▶▶ पढ़ें पेज 08 भी

### तख्तियां लेकर आना पड़ा भारी



मंगलवार को विपक्षी सांसदों ने फिर से हंगामा शुरू कर दिया। कुछ सांसद पीएम नरेंद्र मोदी की मोर्फ्ड तस्वीरें लेकर पहुंचे। इस पर लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने चेतावनी दी। इसके बाद लोकसभा से 49 और सांसदों को सस्पेंड कर दिया गया। बिरला ने कहा कि तख्तियां लेकर आएंगे तो सदन नहीं चलेगी। संसदीय कार्यमंत्री प्रहलाद जोशी ने लोकसभा में कहा कि यह तय हुआ था कि सदन में कोई प्लेकार्ड लेकर नहीं आएगा।

**संसदीय दल की बैठक में पीएम मोदी ने कहा**

## कुछ पार्टियां संसद सुरक्षा में सेंध की घटना का समर्थन कर रहीं, यह घातक



यही आचरण रहा तो 2024 के लोकसभा चुनाव में विपक्ष 'विपक्ष' ही बना रहेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा से सांसदों के निलंबन के बाद भाजपा के संसदीय दल की मंगलवार को बैठक हुई। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने सांसदों को संबोधित भी किया। उन्होंने संसद की सुरक्षा में सेंध की घटना पर विपक्षी पार्टियों को घेरते हुए कहा कि कुछ पार्टियां संसद में हुई घुसपैठ का समर्थन कर रही थीं। यह सेंध लगने जितनी ही खतरनाक बात है।

पीएम ने कहा कि जो भी लोग लोकतंत्र पर भरोसा करते हैं, उन्हें इस सुरक्षा में सेंध की साझा तौर पर आलोचना करनी चाहिए थी। पीएम ने संसद में विपक्षी दलों के विरोध प्रदर्शन को लेकर भी निशाना साधा और कहा कि उनका यही आचरण रहा तो 2024 के लोकसभा चुनावों में उनकी संख्या और कम हो जाएगी और इससे भाजपा को फायदा होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि विपक्षी दल हालिया विधानसभा चुनावों में अपनी हार से हताश और निराश हैं और इसलिए संसद की कार्यवाही बाधित कर रहे हैं। उन्होंने भाजपा सदस्यों से गरिमा बनाए रखने और लोकतांत्रिक आचरण करने का आह्वान किया। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, जेपी नड्डा, अनुराग ठाकुर और अन्य केंद्रीय मंत्री-सांसद शामिल हुए।

**इंडिया गठबंधन पर भी कसा तंज**

### कहा-उनका लक्ष्य सरकार को उखाड़ फेंकना

*इंडिया गठबंधन की बैठक को लेकर भी पीएम मोदी ने निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विपक्ष का लक्ष्य उनकी सरकार को उखाड़ फेंकना है, लेकिन उनकी सरकार का लक्ष्य देश का उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करना है।*

### पुणे में कोरियन ब्लॉगर से गंदी हरकत

## लड़के ने आकर गले में हाथ डाल लिया, वीडियो वायरल

लाइव वीडियो में कैद हुई करतूत



एजेंसी ▶▶ पुणे

महाराष्ट्र के पुणे में केली नामक कोरियन ब्लॉगर के साथ लाइव वीडियो में बदसलूकी की गई। केली के यूट्यूब पर 1.69 लाख से अधिक सब्सक्राइबर हैं।

उन्होंने वीडियो के कैप्शन में लिखा था कि एक अकेली महिला यात्री के रूप में भारत में यात्रा इन दिनों वे पुणे में घूम रही थीं। वे सड़क पर चलते हुए वीडियो बना रही थीं। तभी अचानक कुछ लोगों ने उन्हें घेर लिया और उनके साथ बदसलूकी की। एक शख्स ने अचानक केली ▶▶ शेष पेज 4 पर

### कर्नाटक हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान

## कहा- लड़कों को सिखाना होगा महिलाओं का सम्मान

महिला को निर्वस्त्र कर गांव में घुमाया था




एजेंसी ▶▶ बेंगलुरू

कर्नाटक के बेलगावी के हुक्केरी में 11 दिसंबर को 42 वर्षीय महिला को निर्वस्त्र कर गांव में घुमाया गया और फिर बिजली के खंभे से बांधकर पीटा गया।

गांव के लोग महिला के बेटे से नाराज थे, क्योंकि उसने गांव की ही एक लड़की के साथ भागकर शादी कर ली थी। इस मामले में कर्नाटक हाईकोर्ट ने सोमवार को कहा कि बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ से काम नहीं चलेगा। अब जरूरत है कि बेटों को पढ़ाएं और उनसे बेटियों को बचाएं। मुख्य ▶▶ शेष पेज 4 पर

**सुप्रीम कोर्ट का निर्देश- हर 6 माह में मंदिर के साथ ज्योतिर्लिंग का हो निरीक्षण**

## जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया की टीम ने महाकाल से लिए भस्म और भांग के सैंपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

महाकाल मंदिर में भगवान शिव की आराधना और पूजा करने के लिए दुनियाभर से श्रद्धालु आते हैं।

ऐसे में ज्योतिर्लिंग पर तरह-तरह के चढ़ावे की वजह से ज्योतिर्लिंग क्षरण की खबरें सामने आई। वहीं, इस बार अब भगवान बाबा महाकाल के शिवलिंग की स्थिति पर नजर बनाए रखने के लिए सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (जीएसआई) ▶▶ शेष पेज 4 पर

लैबोरेटरी में टेस्टिंग के बाद रिपोर्ट जीएसआई के अधिकारियों को सौंपी जाएगी



**6 साल पहले दायर की गई थी याचिका**

दरअसल, लगभग 6 वर्ष पूर्व भगवान महाकालेश्वर के शिवलिंग क्षरण और मंदिर की संपदा का नुकसान होने के साथ अन्य अव्यवस्थाओं को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने मंदिर की परंपरा और पूजन पद्धति पर हस्तक्षेप से तो इनकार ▶▶ शेष पेज 4 पर

**राम जन्मभूमि परिसर के पास पकड़ा गया संदिग्ध व्यक्ति**

## हेलमेट में कैमरा लगाकर कर रहा था काम, सुरक्षाकर्मियों ने पुलिस को सौंपा

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

श्रीराम जन्मभूमि के गेट नंबर दस पर तैनात सुरक्षा बलों ने मंगलवार की दोपहर को बाइक पर घूम रहे एक संदिग्ध को हिरासत में लेकर थाना राम जन्मभूमि पुलिस को सौंप दिया। पकड़े गए व्यक्ति के हेलमेट पर कैमरा लगा हुआ था। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि उक्त व्यक्ति मैप इन इंडिया का कर्मचारी है और वह सर्वे का काम कर रहा था। हालांकि इसके लिए अभी कंपनी को अनुमति नहीं मिली



है। फिलहाल पुलिस व खुफिया एजेंसियां उससे पूछताछ कर रही हैं।

मंगलवार की दोपहर छत्तीसगढ़ निवासी भानू पटेल बाइक पर सवार होकर यलो जोन में घूम रहा था। उसके हेलमेट पर कैमरा भी लगा हुआ था। यह ▶▶ शेष पेज 4 पर

### पूछताछ कर रही पुलिस

सीओ अयोध्या एसपी गौतम ने बताया कि जांच में पता चला कि वह मैप इन इंडिया का कर्मचारी है। कंपनी ने जिला प्रशासन के पास सर्वे करने का आवेदन किया है लेकिन अभी अनुमति नहीं मिली है। इसके बावजूद उक्त कर्मी सर्वे कर रहा था। बताया कि उक्त व्यक्ति के बारे में कंपनी के अधिकारियों ने पुष्टि की है। बताया कि उसके आधार कार्ड व अन्य पहचान पत्र के आधार पर उसके पते आदि की भी तस्दीक कर ली गई है।

**कांग्रेस के नए अध्यक्ष जीतू पटवारी ने पीसीसी में पद संभाला और बोले**

स्वागत के लिए शहर में 100 से अधिक इलाकों में लगे मंच

## किसान का बेटा हूं, जो 'हल' चलाना भी जानता है और 'हल' निकालना भी

### रैली में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और उपनेता कटारे भी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मंगलवार को भोपाल पहुंचकर अपना पदभार ग्रहण कर लिया। वे देवास, सीहोर होते हुए बड़ी संख्या में कार्यकताओं के साथ भोपाल पहुंचे।

यहां बैरागढ़ से रोड शो करते हुए पीसीसी कार्यालय पहुंचे। इसके बाद पटवारी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। पटवारी ने कहा कि हमारे सामने भारतीय जनता पार्टी का वह घोषणा पत्र है, जिसमें मोदी की गारंटी दी गई है, जिसको लेकर हमें सरकार से ▶▶ शेष पेज 4 पर




### पटवारी ने कहा-मप्र देश में नंबर वन बने ऐसी मेरी कामना

*पूर्व पीसीसी चीफ कमलनाथ ने कहा कि मैं जीतू पटवारी को नई पारी के लिए पुनः शुभकामनाएं देता हूं। कांग्रेस के सभी कार्यकतार्ओं एवं समर्थकों से अपील करता हूं कि वे कांग्रेस को मजबूती प्रदान करें। पटवारी ने कहा कि बाबा महाकाल से भी मैंने प्रदेश की खुशहाली और समृद्धि की कामना की है। मध्यप्रदेश देश में नंबर वन बने, ऐसी मेरी कामना है। लोकसभा चुनाव में कितनी सीट आएगी, इसके जवाब में जीतू पटवारी ने कहा कि हम चुनाव में 29 सीटे जीतें, ऐसी मेरी कामना और प्रयास रहेंगे।* ▶▶ पढ़ें पेज 02 भी

# कांग्रेस की बाबा साहेब में आस्था नहीं, भाजपा की उनके प्रति आस्था है और हमेशा रहेगी



विधायक रामेश्वर ने कहा-डॉ. आंबेडकर व गांधीजी करोड़ों लोगों की आस्था के केंद्र हैं

16वीं विधानसभा की शुरुआत में सदन के अंदर एक बड़ा बदलाव हुआ

नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने सरकार को घेरा

पंडित नेहरू का चित्र हटाना निंदनीयः नाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र की 16वीं विधानसभा की शुरुआत में सोमवार को सदन के अंदर एक बड़ा बदलाव देखने को मिला। आसंदी के पीछे लगी देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू की तस्वीर को हटा दिया गया। उनके स्थान पर यहां संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की तस्वीर को लगा दिया गया। बताया जा रहा है कि नेहरू की यह फोटो नई विधानसभा की शुरुआत से यहां लगाई गई थी।

हालांकि प्रोटेम स्पीकर गोपाल भार्गव ने खुद का वचाव करते हुए साफ किया कि उन्होंने कोई बदलाव नहीं किया है। यह उनके पहले से लगा हुआ था। तत्कालीन विधानसभा अध्यक्ष इस बारे में जानकारी दे सकते हैं। इस बदलाव पर सदन में मंगलवार को नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा, 'डॉ. आंबेडकर के बाद ये गोडसे के फोटो लगाएंगे। नेहरू जी का फोटो हटाना महत्वपूर्ण नहीं है। महत्वपूर्ण ये है कि उनके विचार खत्म करने का प्रयास है।

### कमलनाथ बोले- भाजपा ने छोटी मानसिकता का परिचय दिया

*कमलनाथ से एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा- विधानसभा से पं. जवाहरलाल नेहरू का चित्र हटाया जाना अत्यंत निंदनीय है। मैं विधानसभा में संविधान निर्माता बाबा साहब आंबेडकर का चित्र लगाने का स्वागत करता हूं। बाबा साहब के चित्र को विधानसभा में सम्मानित स्थान पर लगाया जा सकता था, लेकिन जान बूझकर पं. नेहरू का चित्र हटाया गया। नेहरू की तस्वीर हटाकर अपनी छोटी मानसिकता का परिचय देती।*



### बाबा साहेब का फोटो पहले ही लग जाना थाः कृष्णा गौर

*भाजपा विधायक कृष्णा गौर ने कहा कि बाबा साहब का फोटो बहुत पहले लग जाना चाहिए था। कांग्रेस ने डॉ. भीमराव आंबेडकर को स्थान नहीं दिया। भारतीय जनता पार्टी बाबा साहब को उनका स्थान दे रही है। वहीं पूर्व शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि कांग्रेस का काम सिर्फ भ्रम फैलाना है। कांग्रेस डॉ. भीमराव आंबेडकर का सम्मान नहीं करती है।*

### हम स्वागत करते हैंः रावत

कांग्रेस विधायक रामनिवास रावत ने कहा कि आंबेडकर की तस्वीर लगाई जाने का हम स्वागत करते हैं। लेकिन पंडित नेहरू की तस्वीर हटाना दुर्भाग्यपूर्ण है। कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह ने कहा, 'यह ओछी मानसिकता है। प्रोटेम स्पीकर और मुख्यमंत्री से मांग की जाएगी। महात्मा गांधी, नेहरू जी, आंबेडकर जी किसी का अपमान नहीं होना चाहिए।'

## बाबा साहेब संविधान निर्माता हैः शर्मा



भाजपा ने कांग्रेस के बयानों पर पलटवार किया है। भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर का चित्र भारत के संविधान का चित्र है। संविधान निर्माता बाबा साहब आंबेडकर हैं कि नहीं। बाबा आंबेडकर के प्रति कांग्रेस की आस्था और विश्वास है कि नहीं? आंबेडकर करोड़ों लोगों की आस्था के केंद्र हैं, संविधान निर्माता हैं। संविधान निर्माता का फोटो विधानसभा में होना चाहिए या नहीं? कांग्रेस क्या बाबा साहेब आंबेडकर में गोडसे देखती है? गांधी जी, बाबा साहेब आंबेडकर के प्रति हमारी आस्था है और रहेगी।

### आज होगा विधानसभा के अध्यक्ष का चुनाव, भाजपा के वरिष्ठ सदस्य नरेंद्र सिंह तोमर का अध्यक्ष बनना तय



*भोपाल। मप्र की 16वीं विधानसभा के अध्यक्ष का चुनाव बुधवार को सुबह 11 बजे से होगा। भाजपा की तरफ से वरिष्ठ नेता नरेंद्र सिंह तोमर ने नामांकन भरा है। उनका निर्विरोध अध्यक्ष चुना जाना तय हो गया है। कांग्रेस ने जरूर भाजपा से उपाध्यक्ष का पद कांग्रेस को देने की अपील की है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि उन्होंने परंपरा अनुसार भाजपा से उपाध्यक्ष का पद देने को कहा है। उधर, सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को बाकी बचे 22 में से 13 सदस्यों ने शपथ व प्रतिज्ञान लिया। प्रोटेम स्पीकर गोपाल भार्गव ने सदन की कार्यवाही बुधवार को सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया।*

### दी गई श्रद्धांजलि

*सदन में पूर्व सदस्य सरताज सिंह समेत कुल 8 सदस्यों के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रोटेम स्पीकर भार्गव ने आठों सदस्यों का उल्लेख किया।*

---

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 25 हजार श्रमिक परिवारों के हित में लिया महत्वपूर्ण निर्णय

# 20 साल से लंबित था भुगतान, हुकुमचंद मिल के मजदूरों को मिलेंगे 464 करोड़ रु.



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हुकुमचंद मिल इंदौर के मजदूरों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने मजदूरों को मिलने वाली 464 करोड़ रूपए की बकाया राशि से संबंधित फाइल पर हस्ताक्षर कर अपनी स्वीकृति प्रदान की। इससे 25 हजार श्रमिक परिवारों के सदस्यों को राहत मिलेगी। श्रमिकों का यह भुगतान 20 वर्षों से लंबित था। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विधानसभा स्थित समिति कक्ष में नगरीय विकास एवं आवास विकास विभाग की समीक्षा बैठक के बाद इस फाइल पर हस्ताक्षर किए।

**खास बातें**

- सीएम ने फाइल पर हस्ताक्षर कर अपनी स्वीकृति प्रदान की
- नगरीय विकास एवं आवास विकास विभाग की समीक्षा बैठक की

## सीएम ने पांढुर्ना से शुरू किया जनसंवाद बोले- समस्याओं का करेंगे समाधान

हम मध्य प्रदेश को देश का नंबर एक राज्य बनाएंगे

सीएम बोले- प्रदेश की जनता के साथ भाई-बहन का नाता



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का मंगलवार से एक नया कार्यक्रम जनसंवाद शुरू हुआ है। जनसंवाद का पहला कार्यक्रम पांढुर्ना जिले से शुरू हुआ। विधानसभा चुनाव के कुछ समय पहले छिंदवाड़ा जिले को दो भागों में बांटकर नया जिला पांढुर्ना बनाया गया है। मुख्यमंत्री यादव का यह पहला कार्यक्रम है। हालांकि मतगणना के बाद भारी बहुमत के बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपना पहला कार्यक्रम इसी छिंदवाड़ा जिले से शुरू किया था।

अब मुख्यमंत्री यादव का मुख्य फोकस हर हाल में इस जिले में पैठ बढ़ाना है। मुख्यमंत्री ने कन्या पूजन कर संवाद कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने स्थानीय मंदिर में पुष्प अर्पण कर नमन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गांव, गरीब, किसान, मजदूर, महिला, युवा सभी के विकास के लिए लगातार कार्य किया जाएगा। प्रदेश को देश का नंबर एक राज्य बनाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहली बार आप सभी के बीच संवाद करने आया हूं। यह सिर्फ एक शुरुआत है, मैं लगातार आपके बीच जाकर संवाद करता रहूंगा। संवाद के इस सिलसिले को जनसंवाद का नाम दिया गया है। जनता से बात करके, जनता की कठिनाइयों को समझकर हर समस्या का उचित समाधान किया जाएगा।

### नए जिले की स्थानीय परेशानियों को दूर करना दायित्व

*मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि प्रदेश की जनता के साथ भाई-बहन का नाता है। इस नाते आप सभी के बीच लगातार आता रहूंगा। आप सभी से बात कर आपकी समस्याओं का निराकरण करूंगा। जो छोटे, नवीन और पिछड़े जिले हैं, उनकी क्षेत्रानुसार स्थानीय कठिनाइयां है। इन कठिनाइयों को मौके पर जाकर समझना और समाधान करना जरूरी है। जिला बनने के बाद जिले की स्थानीय परेशानियों को दूर कर उसका विकास करना राज्य शासन का दायित्व है।*

### स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए 24 घंटे रहती हूं अलर्ट

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को स्थानीय आशा कार्यकर्ता नर्मदा काकड़े ने बताया कि जन समुदाय को स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए वह चौबीस घंटे तत्पर रहती हैं। मुख्यमंत्री ने श्रीमती काकड़े की सेवा भावना की सराहना की और उन्हें निरंतर जनता के प्रति अपना कर्तव्य निभाने के लिए प्रोत्साहित किया। पूर्व मंत्री नाना भाऊ माहोड़ आदि मौजूद थे।

### पीएम ने प्राकृतिक खेती को किया प्रोत्साहित

मुख्यमंत्री ने पांढुर्ना के पाथई और कोडिया ग्राम के निवासियों से संवाद किया। ग्राम पाथई के कृषक राहुल कुमार से संवाद करते सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करते हुए सभी कृषकों को प्राकृतिक खेती करने के लिए प्रेरित किया है। प्राकृतिक खेती से खेती की लागत में कमी आती है। जमीन की उर्वरता बनी रहती है। कृषक राहुल ने बताया कि उनकी 10 एकड़ जमीन है। जिसमें वो पूरी तरह प्राकृतिक खेती करते हैं।

### कर्तव्यों के पालन के साथ रहें जनता के प्रति संवेदनशील

मुख्यमंत्री ने कहा कि शासकीय अमले का कर्तव्य है कि मुस्तैदी से अपना कार्य करें। जनहित के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अपने कर्तव्यों के पालन के साथ ही जनता के प्रति संवेदनशील रहें। जनता के हित में लगातार कार्य करते रहें।

---

## केंद्रीय गृह मंत्रालय से स्वीकृति, आईपीएस के थोकबंद प्रमोशन

# आईजी सूरी और गुप्ता बनेंगे एडीजी, 13 डीआईजी से आईजी व 18 एसपी डीआईजी पद पर होंगे प्रमोट

साल 2010 बैच के आईपीएस हेमंत चौहान और आबिद खान भी बनेंगे डीआईजी

राज्य सरकार की डीसीपी के बाद गृह विभाग जल्द जारी करेगा आदेश







हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश में थोकबंद आईपीएस अफसरों का प्रमोशन होने जा रहा है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने डीपीसी की सूची पर सहमति दे दी है। इसके साथ ही गृह विभाग को निर्देश दिए हैं कि कड़ाई से प्रमोशन में पालन किया जाएगा। साल 1999 बैच की आईजी दीपक सूरी और राकेश गुप्ता एडीजी बनेंगे।

इसके साथ ही 13 डीआईजी भी आईजी के पद पर प्रमोट किए जाएंगे। साल 2010 बैच के आईपीएस हेमंत चौहान और आबिद खान भी डीआईजी बनाए जाएंगे। अफसरों के प्रमोशन के बाद उन्हें फील्ड पर भेजने के लिए गृह विभाग आदेश जारी करेगा। इससे पहले दो-चार दिनों के भीतर से प्रमोशन का आदेश जारी किया जाएगा। तत्कालीन मुख्य सचिव इकलाब सिंह बैंस और डीजीपी सुधीर सक्सेना ने अफसरों के प्रमोशन के लिए डीपीसी की बैठक की थी। इस बैठक में 33 अफसरों के प्रमोशन पर फैसला किया गया है। हालांकि कुछ अफसर अभी डेपुटेशन पर हैं। ऐसी स्थिति में उन्हें प्रोफार्मा प्रमोशन दिया जाएगा।

साल 1999 बैच के अफसर के निरंजन व्यांगनकर के प्रमोशन में विभागीय जांच का पेंच है। इस लिहाज से वो प्रमोशन के दायरे से बाहर हैं। साल 2006 बैच के आकाश जिंदल पिछले कई सालों के दिल्ली में डेपुटेशन पर हैं। इसी बैच टी आमोंग्ला अय्यर भी डेपुटेशन पर हैं। दोनों ही अफसरों को प्रोफार्मा प्रमोशन दिया जाएगा।

### इनका होगा डीआईजी के लिए प्रमोशन

साल 2009 बैच के कई अफसरों का डीआईजी के लिए प्रमोशन हो चुका है। इस बैच के साकेत प्रसाद पांडे, अमित सांघी, टीके विद्यार्थी, एसके शुक्ला, वीरेंद्र कुमार सिंह, प्रशांत खरे, अतुल सिंह, मनीष कुमार अग्रवाल, आबिद खान, सिद्धार्थ बहुगुणा, आशुतोष प्रताप सिंह, मोहम्मद यूसुफ कुरैशी, निमिश अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, राकेश कुमार सिंह, विनीत कपूर, धर्मेंद्र सिंह भदोरिया और हेमंत चौहान डीआईजी बनेंगे। हालांकि 18 अफसरों के प्रमोशन से गौरव तिवारी और डीके चक्रवर्ती बाहर रहेंगे। उन्हें प्रोफार्मा प्रमोशन दिया जाएगा।

### साल 2006 बैच के अफसर बनेंगे आईजी

साल 2006 बैच की रुचि श्रीवास्तव, चंद्रशेखर सोलंकी, चैत्रा एन, अनिल कुशवाह, आरआरएस परिहार, आरके हिंगनकर, अंशुमान सिंह, मनीष कपूरिया, अरविंद कुमार सक्सेना, विनीत खन्ना, हिमानी खन्ना, मिशलेश कुमार शुक्ला और अनुराग शर्मा को आईजी बनाया जाएगा। हालांकि आईजी के प्रमोशन के लिए 15 पदों पर स्वीकृति दी गई है, लेकिन दो अफसर डेपुटेशन पर हैं। इसलिए 13 अफसरों का प्रमोशन होगा।

# विशेष पिछड़ी जनजाति समूह की बसाहटों के लिए मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित हों: राज्यपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि भारिया, सहरिया और बैगा जनजाति की बसाहटों के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाओं और सेवा केन्द्रों की उपलब्धता को सुनिश्चित किया जाए। मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता, आवश्यकता और पूर्ति की जानकारी को तहसीलवार संकलित कराने के निर्देश दिए हैं।



उन्होंने कहा है कि लक्ष्य पूर्ति के लिए चरणबद्ध कार्य योजना तैयार कर समय सीमा में कार्रवाई की जाए। राज्यपाल पटेल प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान की समीक्षा के दौरान जनजातीय कार्य विभाग और जनजाति प्रकोष्ठ राजभवन के अधिकारियों के साथ चर्चा कर रहे थे।

### पिछड़ी जनजाति की पहचान के लिए होगा सर्वेक्षण

राज्यपाल पटेल को बताया गया कि विशेष पिछड़ी जनजाति समूह के हितग्राहियों की पहचान के लिए जनजाति अनुसंधान संस्थान की ओर से सर्वेक्षण का कार्य कराया जा रहा है। सर्वेक्षण के दौरान 45 प्रश्नों की प्रश्नावली में जानकारियां प्राप्त कर गतिशक्ति पोर्टल पर दर्ज की जा रही है। राज्यपाल को बताया गया कि प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान योजनातंर्गत देश के 18 राज्यों के 75 विशेष पिछड़ी जनजाति समूह को लाभांवित करने का लक्ष्य तय किया गया है।

### महाअभियान में लाभांवित करेंगे

राज्यपाल पटेल ने कहा कि महाअभियान का प्रभावी संचालन सुनिश्चित किया जाए। जरूरी है कि विशेष पिछड़ी जनजाति भारिया, सहरिया और बैगा की चिन्हित बसाहटों के बाहर निवास करने वाले हितग्राहियों को भी महाअभियान के तहत लाभांवित किया जाए। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र परिवार वंचित नहीं रहे।

---

## उप निर्वाचन संबंधी प्रशिक्षण कराने के निर्देश

**भोपाल।** नगरीय निकायों एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन वर्ष 2023 (उत्तरार्द्ध) के लिए निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया गया है। उप निर्वाचन के लिए विभिन्न कार्यों में संलग्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपेक्षा अनुरूप कार्य करने के लिए प्रशिक्षण दिलाने के निर्देश सचिव राज्य निर्वाचन आयोग अभिषेक सिंह ने संबंधित कलेक्टर्स को दिए हैं।

सिंह ने कहा है कि जिले में ब्लॉक स्तरीय नोडल अधिकारी तथा मास्टर ट्रेनर्स (प्रशिक्षण) की नियुक्ति कर निर्वाचन के विभिन्न कार्यों का प्रशिक्षण करवाकर कार्य संपादित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा है कि प्रशिक्षण में नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुति, संवीक्षा एवं प्रतीक आवंटन, ईवीएम की कार्यप्रणाली एवं सीलिंग, मतदान दलों को सामग्री वितरण, वापसी मतदान दिवस की व्यवस्था, मतगणना की प्रक्रिया एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा से संबंधित विषय शामिल किए जाएं।

## मंत्रालय संघ चुनावः मंत्रालय सेवा अधिकारी-कर्मचारी संघ चला रहा सदस्यता अभियान

**भोपाल।** मंत्रालय सेवा अधिकारी-कर्मचारी संघ द्वारा मंत्रालय में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। संघ ने अब तक 800 से अधिक सदस्य बना लिए। संघ के तदर्थ अध्यक्ष राजकुमार पटेल ने मंत्रालय के अधिकारियों और कर्मचारियों से अपील की है कि वे संघ के चुनाव में पूरे उत्साह से भाग लें। पटेल ने कहा कि मंत्रालय के पूर्व संघ में भी अध्यक्ष-उपाध्यक्ष मनोनीत करने की परिपाटी नहीं रही है और इस संघ में भी ऐसा नहीं होगा। चुनाव बहुत जरूरी है, मंत्रालय का नेता मतदान के माध्यम से ही बनना चाहिए। पटेल ने बताया कि कहते हैं कि जिन संगठनों में बाकायदा मतदान के जरिए चुनाव होता है, जिन संगठनों में कार्यकाल पूरा होते ही चुनाव कराया जाता है और जनता के समर्थन से जो नेता बनते हैं, शासन उन्हीं की बात सुनता है, उन्हीं को वार्ता में बुलाया जाता है। सरकार के पास सारी रिपोर्ट रहती है कि कौन नेता जनता के समर्थन से बना है और कौन खुद बना हुआ है।

## कांग्रेस के नए प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने खास चर्चा में बेबाकी से दिए सवालों के जवाब

# पटवारी बोले- सदन से बाहर हूं, अब जनता की लड़ाई सड़कों पर जमकर लड़ूंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मध्य प्रदेश में कांग्रेस के नए प्रदेश अध्यक्ष के सामने चुनौतियों का पहाड़ है। इस पहाड़ से कांग्रेस के लिए रास्ता बनाने की जिम्मेदारी जीतू पटवारी को दी गई है। जीतू ने कहा कि भले ही सदन से बाहर हूं। अब जनता और कार्यकर्ताओं की लड़ाई में सड़कों पर जमकर लड़ूंगा। लक्ष्य है कि कांग्रेस की आवाज हर घर तक पहुंचाऊं। इसके लिए नई टीम और ऊर्जा से भरे कार्यकर्ताओं की फौज तैयार की जाएगी। मध्य प्रदेश के सीनियर नेताओं का मार्गदर्शन भी लिया जाएगा। सीएम मोहन यादव को बधाई के साथ यह भी कह रहा हूं कि बहनों को तीन हजार, किसानों को गेहूं के 2700 और धान के 2100 देने का भाजपा के पास महीने भर का समय है। फिर कांग्रेस जनता के बीच भाजपा के झूठ को उजागर भी करेगी।

**बहनों को तीन हजार, किसानों को गेहूं के 2700 और धान के 2100 देने का भाजपा के पास महीने भर का समय**

हरिभूमि चर्चा

**जीतू पटवारी बोले-लोकसभा में वोटिंग परसेंटेज बढ़ाने का लक्ष्य है**

### वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन मिलेगा, नई जिम्मेदारी पर सभी ने दी बधाईः जीतू

**▶▶ सवाल - कांग्रेस की स्थिति खराब हो चुकी है। हार के कार्यकर्ताओं का मनोबल भी टूट गया है?**

जवाब - आजादी से पहले की कांग्रेस की पार्टी है। कई चुनाव हारने के बाद भी कार्यकर्ता कांग्रेस के साथ है। भाजपा जैसी कांग्रेस की हालत नहीं है। भाजपा वही पार्टी है, जिसने अपने सीएम को घर बैठा दिया। कार्यकर्ता कांग्रेस की लड़ाई में साथ है। कांग्रेस की हालत कभी खराब नहीं हो सकती। कांग्रेस की विचारधारा लोगों के साथ जुड़ी है।

**▶▶ सवाल - लोकसभा का चुनाव कांग्रेस के साथ आपके लिए भी चुनौती है?**

जवाब - विधानसभा चुनाव में इस बार कांग्रेस को 40 फीसदी वोट मिले हैं। परिणाम कुछ भी रहा हो लेकिन जनता ने कांग्रेस को वोट दिया है। लोकसभा में जनता के मुद्दों की लड़ाई कांग्रेस सड़कों पर लड़ेगी। यह कांग्रेस और मेरे के लिए चुनौती नहीं है, बल्कि जिम्मेदारी है।

**▶▶ सवाल - साल 2018 की तुलना में इस बार विपक्ष कमजोर है?**

जवाब - साल 2018 में कांग्रेस की सरकार बनी। भाजपा के धनबल से बिकाऊ बिक गए। कांग्रेस को विपक्ष में बैठना पड़ा, लेकिन जनता के मुद्दों के लिए मुझे सस्पेंड किया गया। फिर भी मैं चुप नहीं रहा। भाजपा की नीतियों और किसानों के मुद्दों की लड़ाई जारी रखी। अब ज्यादा अधिक ताकत के साथ जंग लड़ी जाएगी।

**▶▶ सवाल - राहुल गांधी ने मुलाकात के दौरान क्या टास्क दिया?**

जवाब - राहुल गांधी जनता की आवाज है। उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा जनता के साथ पूरी की। उन्होंने जनता के लिए ही जिम्मेदारी दी है। किसान, युवा और कई वर्ग के लोग आज परेशान हैं। कांग्रेस की जिम्मेदारी है कि जनता की आवाज उठाई जाए। राहुल गांधी ने भी यही जिम्मेदारी सौंपी है। उनके टास्क को पूरा करने के लिए ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ता के बीच संवाद करने का लक्ष्य है।

**▶▶ सवाल - अब कांग्रेस के सीनियर नेताओं की क्या भूमिका होगी?**

जवाब - सभी वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन मिलेगा। नई जिम्मेदारी मिलने के बाद कमलनाथ और दिग्विजय सिंह सहित सभी नेताओं ने बधाई दी है। उनका पूरा सहयोग मुझे और कांग्रेस को मिलेगा। यह भाजपा नहीं है कि सीएम पद से हटे और किनारे लग गए। उदाहरण आडवाणी और जोशी जी हैं। उन्हें मोदी जी ने घर बैठा दिया। कई और नेताओं को जल्द ही घर बैठाने की कोशिश मोदी और शाह कर ही रहे हैं।

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 20 दिसंबर 2023



## खबर संक्षेप

### आधार में एनरोलमेंट कराने वाले व्यस्कों का डेटा होगा वेरिफाई

**भोपाल।** अठारह साल या उससे ज्यादा के उम्र वाले जो लोग भी अब आधार नंबर के लिए एनरोलमेंट करेंगे, उन्हें यह कार्ड सीधा नहीं मिलेगा। इनका डेटा बेंगलुरु से भोपाल फिर संबंधित जिले में भेजा जाएगा। वहां से वेरिफिकेशन के बाद ही इन्हें आधार कार्ड मिल सकेगा। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने सुरक्षा संबंधी सभी पहलुओं को देखते हुए यह निर्णय लिया है। यह व्यवस्था मध्य प्रदेश सहित सभी राज्यों में लागू कर दी गई है। नई व्यवस्था के लागू होने से आधार कार्ड मिलने की अधिकतम समय सीमा 6 महीने तय की गई है।

### रुचि लाइफ स्केप से शनि मंदिर तिराहे तक एक माह बंद रहेगा रास्ता

**भोपाल।** वार्ड 53 में रुचि लाइफ स्केप कॉलोनी से शनि मंदिर तिराहा होशंगाबाद रोड पर सीमेंट सड़क का निर्माण जारी है। इसके लिए नगर निगम ने एक माह के लिए रास्ता बंद किया है। लोग वैकल्पिक मार्ग के तौर पर रुचि लाइफ स्केप से निरूपम रॉयल पाम और पेबल वे की ओर जाने वाले मार्ग तथा राफेल स्कूल के पास से हनुमान नगर के पीछे से होशंगाबाद रोड को जाने वाले मार्ग का उपयोग करें।

### अतिथि विद्वान ले सकेंगे ट्रांसफर, 22 दिसंबर से चुन सकेंगे विकल्प

**भोपाल।** अब अतिथि विद्वान भी अपना तबादला करा सकेंगे। प्रदेश के सरकारी कॉलेजों में सेवाएं दे रहे अतिथि विद्वानों के लिए मंगलवार को आयुक्त उच्च शिक्षा ने आदेश जारी किया है। आदेश में कहा है कि वर्तमान में कार्यरत अर्हताधारी एवं मध्य प्रदेश के मूल निवासी, अतिथि विद्वान 22 से 25 दिसंबर तक विकल्प प्रस्तुत कर सकते हैं।

### स्टेशनों पर गंदगी करने वाले 6930 यात्रियों से वसूले 10.52 लाख रुपए

**भोपाल।** रेलवे स्टेशनों पर गंदगी फैलाने वाले 6930 व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 10.52 लाख रुपए से अधिक का जुर्माना वसूला गया है। भोपाल रेल मंडल के प्रवक्ता सूबेदार सिंह ने बताया कि अप्रैल से नवंबर 2023 तक भोपाल, रानी कमलापति, संत नगर, इटारसी, होशंगाबाद, हरदा, विदिशा, बीना, अशोकनगर, गुना आदि स्टेशनों पर गंदगी फैलाने वाले 6930 यात्रियों पर 10 लाख 52 हजार 745 रुपए का जुर्माना लगाया गया। गंदगी से नुकसान को लेकर समझाया दी गई।

### 1 जनवरी से डॉक्टरों को 'सार्थक 2' एप पर ही लगानी होगी हाजिरी

**भोपाल।** एक जनवरी 2024 से राजधानी समेत प्रदेश के डॉक्टर, नर्स और स्वास्थ्य कर्मी को 'सार्थक 2' एप पर ही हाजिरी लगानी पड़ेगी। डॉक्टरों के विरोध के बाद स्वास्थ्य विभाग ने 'सार्थक' एप की कमियों को दूर किया है। एप में कुछ नए विकल्प जोड़कर 'मैपआइटी' द्वारा 'सार्थक-2' तैयार किया जा रहा है। इस नए एप से फायदा यह होगा कि डाक्टर व अन्य कर्मचारी अस्पताल की जगह कहीं और ड्यूटी होने पर भी उपस्थिति दर्ज कर सकेंगे। साथ ही रात्रि ड्यूटी वाले स्वास्थ्यकर्मियों की उपस्थिति लग सकेगी।

### फार्मेसी पाठ्यक्रम में 26 दिसंबर से प्रवेश के लिए करा सकेंगे पंजीयन

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में फार्मेसी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए विद्यार्थी 26 दिसंबर से पंजीयन करा सकेंगे। बी.फार्मा, डी.फार्मा और एम.फार्मा में खाली सीटों पर प्रवेश मिलेगा। डीटीई ने उन कॉलेजों को अधिसूचना जारी कर दी है जो सत्र 2023-24 में संचालित काउंसलिंग में शामिल नहीं हो सके थे।

---

## 21 मल्टी, 17 मकान, दो धार्मिक स्थल और 60 से अधिक अवैध निर्माण, टीमों ने लगाए लाल निशान

मकान मालिकों में मचा हड़कंप, निगम ने जारी की है बिल्डिंग परमिशन

### कलियासोत नदी के 33 मीटर दायरे का सीमांकन हुआ शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) की सख्ती के बाद आठ साल में दूसरी बार कलियासोत नदी के 33 मीटर दायरे का सीमांकन मंगलवार को शुरु कर दिया गया है।

पहली टीम ने कोलार के भूमिका रेसीडेंसी से सीमांकन शुरू किया। यहां नदी की चौड़ाई 37 मीटर ही बची है। यहां से जेके ब्रिज तक नदी किनारे मल्टी बनी हैं। मशीन से सीमांकन किया गया तो किसी मल्टी में दो मीटर पार्किंग तो किसी मल्टी का दस मीटर तक हिस्सा 33 मीटर के दायरे में आ रहा है। जेके ब्रिज के पास हाल ही में एक टाउनशिप बन रही है, जब टीम ने उसका सीमांकन किया तो उसका गेट और आगे के कुछ डूप्लेक्स उसकी जद में आ गए। पहले दिन टीम एक ने दामखेड़ा पुल से सनखेड़ी, बंजारी, जेके ब्रिज और उसके थोड़ा आगे सागर प्रीमियम तक सीमांकन किया। यहां 21 मल्टी, 17 मकान, दो धार्मिक स्थल और 60 से ज्यादा छोटे-बड़े अवैध निर्माण मिले हैं।

#### बावड़िया कलां के अवैध निर्माणों को किया चिन्हित



*जेके ब्रिज से बावड़िया कलां की तरफ आते समय पुल से 300 मीटर की दूरी और नदी से 20 मीटर दूरी पर हाल में ही पिलर से एक नींव भी डाली है। अमले ने इसे अतिक्रमण के रूप में दर्ज किया है। इसी तरह टीम दो और तीन ने भी बावड़िया कलां क्षेत्र के अवैध निर्माणों को चिन्हित किया है। वहीं टीटी नगर की टीम ने चंदनपुरा में नदी क्षेत्र की तरफ से सीमांकन किया। यहां अभी तक सबसे कम अतिक्रमण मिला है। नदी का सीमांकन शुरु होने के बाद क्षेत्र के लोगों में हड़कंप मच गया है।*

#### तीन दिन में होगा सीमांकन, कोर्ट में पेश होगी रिपोर्ट

एसडीएम कोलार आशुतोष गोस्वामी ने बताया कि अलग-अलग टीमें सीमांकन कर रही हैं। करीब तीन से चार दिन सीमांकन में लगेंगे। इसके बाद नगर निगम रिपोर्ट बनाकर कोर्ट में पेश करेगा। सीमांकन के लिए नगर निगम के अफसरों के अलावा राजस्व विभाग के आरआई, पटवारियों को भी लगाया है।

#### टीमों को यहां भी मिले अवैध कब्जे

- कलियासोत नदी भोज यूनिवर्सिटी के बीच से गुजरती है। सर्वधर्म पुल के पास राजस्व नक्शे में पुल की चौड़ाई करीब 50 मीटर है। मौके पर 25 मीटर ही शेष है।
- सर्वधर्म ए-बी-सी-डी सेक्टर में ज्यादा अतिक्रमण है। 17 मल्टी, 90 से ज्यादा झुग्गी, 45 पक्के मकान, एक धार्मिक स्थल भी सीमांकन के दायरे में है।
- जेके से सलैया तक ही मेडिकल कॉलेज की दो इमारत, आकृति ईको सिटी रिट्रीट कॉलोनी के कुछ मकान और एक अफसर की कुछ जमीन अतिक्रमण की जद में है।

### *11 मील, खजूरी कलां ग्रीन बेल्ट एरिया से हटाए 17 अतिक्रमण*



शहर में ग्रीन बेल्ट एरिया से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जारी है। अब तक करीब डेढ़ सौ अस्थाई अतिक्रमण हटाए गए हैं। मंगलवार को जिला प्रशासन और नगर निगम की टीम ने 11 मील बायपास और खजूरी कलां बायपास ग्रीन बेल्ट एरिया से करीब 17 अतिक्रमण हटाए। एसडीएम एलके खरे ने बताया कि क्षेत्र के ग्रीन बेल्ट में अवैध कब्जों को हटाया जा रहा है।


---

नया वेरिएंट मिलने पर स्वास्थ्य विभाग ने दिए निर्देश

## कोरोना को लेकर अलर्ट फिर से अस्पतालों में होगी आरटीपीसीआर जांच शुरू

हर संदिग्ध पर नजर रखने की सलाह

*जिला अस्पताल समेत सभी अस्पतालों में जांच की व्यवस्था*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केरल में कोरोना के वेरिएंट जेएन-1 से संक्रमित मरीज के मिलने के बाद मध्यप्रदेश में भी अलर्ट जारी कर दिया गया है। भोपाल सहित प्रदेशभर के सभी अस्पतालों में पर्याप्त व्यवस्थाएं करने और आरटीपीसीआर जांच को एक बार फिर शुरू करने की सलाह दी गई है।

गाइडलाइन में स्वास्थ्य विभाग ने सलाह दी है कि सभी जिलों में कोविड जांच की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। ज्यादा से ज्यादा रैपिड और आरटीपीसीआर की जाए, ताकि संदिग्ध मरीजों को पकड़ा जा सके। संदिग्ध मरीजों के नमूनों की जीनोम सिक्वेंसिंग के लिए भी लैबोरेटरी में भेजने को कहा गया है। कोरोना का नया वैरिएंट बच्चों के लिए खतरनाक माना जा रहा है। ये इम्यून सिस्टम को चकमा देता है।

#### जेएन-1 सब वैरिएंट के लक्षण

- बुखार
- लगातार खांसना
- जल्दी थकान होना
- नाक बंद या जाम हो जाना
- नाक का बहना
- दस्त, पेट दर्द
- सिर में दर्द

#### यह है नया सब वेरिएंट

नए वैरिएंट को काफी खतरनाक माना जा रहा है। इसके लक्षण पिछले वैरिएंट की तरह ही हैं। जेएन.1, सार्स कोव-2 का एक उप प्रकार है, जो कोविड-19 का कारण बनता है और इसका एक मामला केरल में पाया गया है। डिजीज कंट्रोल एंड प्रीवेंशन सेंटर (सीडीसी) के मुताबिक कोरोना का यह सब वेरिएंट, ओमिक्रॉन सब वेरिएंट एसए2.86 का वंशज है, जिसे 'पिरोला' भी कहा जाता है।

#### गाइडलाइंस जारी

राज्य सरकार के निदेशानुसार कोरोना के नए वैरिएंट को लेकर गाइडलाइंस जारी कर दी गई है। अस्पतालों में जांच की व्यवस्था के साथ आम लोगों को भी कोविड नियमों का पालन करने को कहा गया है।

**डॉ. प्रभाकर तिवारी**, सीएमएचओ

---

◆ ये भी देखिए...किराया वॉल्वो स्लीपर का और बीच रास्ते में उतारकर खटारा बसों में सफर करा रहा वर्मा ट्रेवल्स

## यात्रियों को तीन घंटे तक हाइवे पर ही खड़ा रखा, बाद में साधारण बस से ठूंसकर भेजा

◆ *वर्मा ट्रेवल्स की भोपाल-मुंबई वॉल्वो बस नासिक के पास सुबह साढ़े पांच बजे हुई खराब*

◆ *न भोपाल के कंट्रोल रूम से कोई जवाब मिला, न एमडी दीपक वर्मा ने किसी का फोन उठाया*

*यात्री सुबह की दिनचर्या के लिए परेशान, न चाय मिली और न ही नाश्ते का कोई प्रबंध किया गया*



एक महिला यात्री के पति ने एमपी नगर पुलिस थाने में ट्रेवल्स के खिलाफ की धोखाधड़ी की शिकायत

*मुंबई में जिन यात्रियों को अंधेरी में उतरना था, उन्हें वहां से 25 किमी दूर उतार कर बस भागी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सोमवार की शाम 7 बजे भोपाल से मुंबई के लिए रवाना हुई वर्मा ट्रेवल्स की वॉल्वो स्लीपर बस अचानक नासिक के हाइवे पर खराब हो गई। तीन घंटे तक यात्री हाइवे पर खड़े रहे। ट्रेवल्स कंपनी का कोई स्टाफ उनकी पूछ-परख को नहीं आया।

कुछ यात्रियों को मुंबई से अपनी अगली यात्रा करनी थी। लेकिन, किसी को कुछ मालूम नहीं था कि बस कब आएगी। इस दौरान कंपनी के भोपाल कंट्रोल रूम ने न कोई रिस्पांस किया न कंपनी के एमडी दीपक वर्मा ने किसी का फोन कॉल रिसीव किया। यात्री सामान्य दिनचर्या के लिए परेशान होते रहे। न चाय का प्रबंध ही हुआ न नाश्ते का। तीन घंटे बाद एक साधारण बस में इन यात्रियों को जानवरों की तरह ठूंसकर मुंबई के लिए रवाना कर दिया गया। वहां भी जिन यात्रियों को अंधेरी में उतरना था उनको 25 किमी दूर छोड़कर बस भाग गई। इस मामले को लेकर कुछ यात्रियों के परिजनों सीएम मोहन यादव व परिवहन आयुक्त को शिकायत की है। एमपी नगर पुलिस थाने में भी आवेदन दिया गया है।

#### अनफिट दौड़ रही बसें

वर्मा ट्रेवल्स की बसों को लेकर आए दिन खराबी आ रही है। इसके चलते यात्रियों को खासा परेशान होना पड़ रहा है। पिछले तीन साल में वर्मा ट्रेवल्स की बसों में खराबी, बस के अनियंत्रित होकर पलटने सहित अन्य मामलों की कई शिकायतें सामने आ चुकी हैं। वर्मा ट्रेवल्स की बसें अनफिट होकर दौड़ रही हैं। इसके चलते यह मामले सामने आ रहे हैं।



#### यात्रियों के भरोसे से धोखाधड़ी

इस बस में सफर कर रही स्वदेशी जागरण मंच की मध्य भारत प्रांत की महिला विंग की सह-प्रमुख सीमा भारद्वाज ने बताया कि मैंने भोपाल से वर्मा ट्रेवल्स की स्लीपर बस में मुंबई के लिए रिजर्वेशन कराया था। जिसका (पीएनआर नंबर: 4737680/ टिकट आईडी टी एस 231216112257645078 एक्सजीएमएम) है। बस सोमवार शाम सात बजे भोपाल से चली। जिसको मंगलवार यानी 19 दिसंबर को सुबह 10:10 पर मुंबई पहुंचना था, लेकिन यह बस नासिक के हाइवे पर सुबह 5.30 बजे खराब हो गई। सीमा ने बताया कि उनको 'स्वदेशी जागरण मंच' के राष्ट्रीय अधिवेशन में भाग लेने कन्याकुमारी जाना था। मुंबई एयरपोर्ट से उनकी फ्लाइट थी। इसके साथ ही वहां ठहरने के लिए होटल बुक किया था, उसके किराए का नुकसान हुआ। एक अन्य यात्री ने बताया कि इसके चलते उनकी अगली बस छूट गई।

#### हम फिटनेस चेक कराएंगे

इस मामले को दिखवा लेते हैं। बस संचालक को नोटिस भेजकर बसों की फिटनेस कराने के लिए कहा जाएगा।

-**संजय तिवारी**, आरटीओ, भोपाल

---

## सर्द हवाओं से राजधानी में माहौल ठंडा...



**भोपाल।** राजधानी में मंगलवार को सुबह से धुंध के बाद धूप खिली। दोपहर में गुनगुनी लगने वाली धूप दोपहर बाद गायब हो गई। बादलों के टुकड़े आसामान पर मंडराने से धूप का असर कम रहा। इस बीच बर्फीली हवाएं जारी रहीं, जिनसे सर्दी का मिजाज शाम होते-होते तीखा हो गया। शाम को हवाएं ज्यादा सर्द रहीं, जो रात के समय लोगों को ठिठुराती रहीं। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार धुंध, हल्के बादल और उत्तर से आने वाली हवाएं दिन के साथ रात में भी सर्दी का असर बढ़ा सकती हैं। यह क्रम गुरुवार तक जारी रह सकता है। मंगलवार को दिन का पारा आधा डिग्री गिरकर 23 .5 डिग्री पर रहा, जो सामान्य से 2 .7 डिग्री कम है, लेकिन रात के तापमान में इतनी की बढ़त के बाद तापमान 10 .5 डिग्री पहुंच गया। यह सामान्य के करीब है। हवाओं की गति 10 से 12 किमी तक रहने से सर्दी ज्यादा सताती रही।

---

जेके अस्पताल के पास सागर प्रीमियम फेस-टू का मामला

## ननि इंजीनियर के घर में लगी आग, शो-पीस के रूप में लगे मिले फायर सिस्टम

घर में अकेली थीं अफसर की मां, अग्निशमन यंत्र मल्टी में आधे-अधूरे लगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



कोलार रोड स्थित जेके अस्पताल के पास सागर प्रीमियम फेस-टू के ई ब्लॉक में नगर निगम इंजीनियर प्रणय राठौर के फ्लैट नंबर बारह में मंगलवार दोपहर करीब ढाई बजे आग लग गई। जिस समय आग लगी, उस समय उनकी मां अकेली घर में थीं और आसपास के लोगों ने फायर ब्रिगेड को फोन किया। आग में गृहस्थी का सामान जल गया।

मल्टी में फायर सिस्टम सिर्फ शो पीस की तरह आधा-अधूरा लगा हुआ है। रहवासियों का आरोप है कि फेस वन और फेस टू में डेढ़ हजार से ज्यादा फ्लैट में 6 हजार से ज्यादा लोग रहते हैं, लेकिन बिल्डर ने फायर सिस्टम सिर्फ शो पीस की तरह लगा रखे हैं। नगर निगम के नोटिस के बाद भी सिस्टम नहीं लगाया जा रहा है। कोलार फायर स्टेशन प्रभारी पंकज खरे के अनुसार दमकल अमले ने आग पर काबू पा लिया, जिससे आग बढ़ नहीं पाई। बिल्डिंग में सुरक्षा की दृष्टि से लगाए गए सभी फायर सिस्टम सिर्फ दिखावे के लिए लगे हैं।




---

बीच सड़क पर चलते वक्त कहीं भी मुड़ जाते हैं

## शहर में ट्रैफिक व्यवस्था बिगाड़ रहे ई-रिक्शा, तय होंगे रूट

◆ सड़क पर खड़े कंडम समेत अन्य वाहन व ठेले सड़क से हटाए जाएंगे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में सुव्यवस्थित ट्रैफिक व्यवस्था के लिए ई-रिक्शों के लिए रूट तय किए जाएंगे। दरअसल, ई-रिक्शे बीच सड़क पर खड़े होने के साथ ही कहीं भी मुड़ जाते हैं, जिससे दुर्घटना का अंदेशा रहता है।

इसके अलावा सड़कों पर हाथ ठेलों के साथ ही अवैध हॉकर्स को हटाया जाएगा। महापौर मालती राय के अनुसार, सड़क किनारे खड़े कंडम समेत अन्य वाहनों को भी हटाया जा रहा है। वाहनों को पार्किंग स्थल पर ही पार्क कराया जाएगा। इसके लिए नगर निगम के अमले के साथ ट्रैफिक पुलिस काम करेगी और सड़कों पर अव्यवस्थित खड़े वाहनों पर चालानी कार्रवाई ट्रैफिक पुलिस करेगी।

---

डीजे संचालकों को अब तक नहीं मिला प्रशासन का आदेश

## डीजे बजाने पर लगी पाबंदी पर संचालकों ने कहा... बुकिंग हो चुकी है, इससे तो धंधा ही चौपट हो जाएगा

राजधानी में 1200 से अधिक हैं डीजे संचालक कर्मचारी भी होंगे प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अगर आपने शादी व अन्य कार्यक्रमों के लिए डीजे बुक कर दिया है या करने जा रहे है। तो सतर्क को जाए।

दरअसल प्रशासन ने ध्वनि प्रदूषण को लेकर डीजे बजाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। हालांकि इस माह शादियां नहीं है, लेकिन अगले माह बड़ी संख्या में शादियों के मुहूर्त है, इसके लिए लोगों ने पहले ही बुकिंग करा ली है। डीजे पर प्रतिबंध लगाने के संबंध में अधिकांश डीजे संचालकों को अभी जानकारी नहीं है। न ही उनको ऐसा कोई आदेश मिला है। हालांकि समाचार-पत्र व सोशल मीडिया के माध्यम से उनको डीजे पर प्रतिबंध लगाए जाने की जानकारी मिली है। इसको लेकर डीजे संचालकों में नाराजगी देखने को मिल रही है। कुछ संचालकों का कहना है कि जनवरी व फरवरी माह की शादियों के लिए वो पहले ही बुकिंग आ चुकी है। अब लोगों को मना करेंगे तो वह नाराज होंगे। रकम भी लौटना होगी। प्रशासन के इस आदेश से डीजे का कारोबार बंद हो जाएगा तो हजारों लोगों का रोजगार भी छिन जाएगा, जिससे सभी को आर्थिक नुकसान होगा।



#### संचालकों का तर्क- 75, 65 व 55 डेसीबल में डीजे बजाना संभव नहीं

अशोका गार्डन में रहने वाले डीजे संचालक सोनू कुमार कहना है कि भोपाल में 1200 से अधिक डीजे संचालक हैं। ऐसे में इनको बंद करना या शादियों व अन्य कार्यक्रमों में प्रतिबंध करना ठीक नहीं है। उन्होंने बताया कि अभी तक शासन-प्रशासन की ओर से ऐसे कोई आदेश नहीं मिला है। समाचार-पत्र व सोशल मीडिया से जानकारी मिली है। जिसमें 75, 65 व 55 डेसीबल की बात कहीं गई है। इतने में डीजे बजाना संभव नहीं है। वर्तमान में जो डीजे बजते हैं कि इनसे अधिक डेसीबल पर बजता हैं।

#### एडवांस बुकिंग हो चुकी, बारात में डीजे नहीं पहुंचा तो विवाद की स्थिति बनेगी

कटार हिल्स क्षेत्र में संचालक संतोष साहू ने बताया कि अभी से लेकर फरवरी तक होने वाली शादियों के लिए मेरे साथ अन्य डीजे संचालकों के पास एडवांस बुकिंग है। ऐसे में यदि बारात में डीजे नहीं पहुंचा तो विवाद की स्थिति बनेगी। दरअसल बुकिंग की एडवांस राशि डीजे के मेंटेनेंस व अन्य चीजों पर खर्च हो गई है। ऐसे में राशि वापिस लौटना भी संभव नहीं है। भोपाल में हर दिन करीब 100 से अधिक डीजे शादी के लिए बुक होते हैं। हर दिन तीन से चार लाख से ज्यादा का कारोबार प्रतिदिन होता है। साथ में घोड़ा, रोड लाइट भी शामिल होती हैं। जिससे लोगों को रोजगार मिलता है।

# नहीं मिलेगा 450 रुपए में सस्ता एलपीजी सिलेंडर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

राज्यसभा सांसद जावेद अली खान ने सरकार से सवाल किया कि क्या सरकार ने हाल ही में राजस्थान में 450 रुपए में एलपीजी सिलेंडर देने की घोषणा की है? उन्होंने सरकार ये भी पूछा कि क्या केंद्र सरकार उत्तर प्रदेश समेत पूरे देश में 450 रुपए में एलपीजी सिलेंडर देने पर विचार कर रही है? दोनों ही प्रश्नों का लिखित में जवाब देते हुए पेट्रोलियम राज्यमंत्री ने ऐसी किसी भी घोषणा से इंकार करते हुए कहा, भारत सरकार की ओर से 450 रुपए में एलपीजी सिलेंडर देने की कोई घोषणा नहीं की गई है। हालांकि, एक बात याद रखने वाली है कि अब तक राज्य सरकारों ने इस संबंध में कोई भी बयान नहीं दिया है। अगर राज्य सरकार चाहे तो वो 450 रुपए में एलपीजी सिलेंडर दे सकती है। राज्य सरकार को ऐसा करने के लिए अपनी तरफ से सब्सिडी बढ़ानी होगी।



बीजेपी ने घोषणापत्र में किया था वादा

अब सवाल उठता है कि 450 रुपए में एलपीजी सिलेंडर देने का मुद्दा आया कहां से? दरअसल हाल ही में पांच राज्यों में विधासभा चुनाव हुए हैं जिनमें राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम शामिल हैं। राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी ने अपने घोषणापत्र में पीएम उज्जवला योजना के लाभार्थियों को 450 रुपए में सिलेंडर देने का वादा किया था। मध्य प्रदेश में भी भाजपा ने अपने घोषणापत्र में 450 रुपए में सिलेंडर देने का वादा किया था। इन दोनों राज्यों के अलावा छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनाने में कामयाब रही है। इन तीनों राज्यों में भाजपा सरकार के गठन के बाद से ही ये सवाल उठने लगा है कि क्या राजस्थान और मध्य प्रदेश समेत पूरे देश में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के लाभार्थियों को 450 रुपए में एलपीजी सिलेंडर मिलेगा?

## कार ने बाइक को मारी टक्कर, विवाद के बाद कार की बढ़ा दी स्पीड

दो गिरफ्तार, युवकों पर हाफ मर्डर और एक्सीडेंट के मामले में कार्रवाई

# कार की खिड़की में लटकाकर तीन किलोमीटर तक घसीटा!

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

खास खबर

युवक को कार में लटकाकर तीन किमी तक घसीटते हुए ले जाने वाला वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद पुलिस प्रशासन जागा और दो युवकों पर कार्रवाई की।

दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 307, 279, 337 के तहत जुर्म दर्ज किया है। दुर्ग कोतवाली टीआई महेश ध्रुव ने बताया कि 17 दिसंबर की रात बेमेतरा के बेरला निवासी लोकेश मरकाम दुर्ग शादी में शामिल होने दुर्ग पहुंचा था। कार उसका दोस्त चला रहा था। घटना की रात 12 से 1 बजे के बीच की है। वह दुर्ग पटेल चौक पहुंचा तो उसने वार्ड 5 गया नगर दुर्ग निवासी पलाश चंद्राकर की बाइक को जोरदार ठोकर मार दिया।

ठोकर के बाद पलाश कार ड्राइवर साइड में बैठे युवक को पकड़ने की कोशिश कर रहा था। तभी कार चालक ने शीशा को ऊपर चढ़ाकर कार की स्पीड बढ़ा दिया। पलाश को कार चालक तीन किलोमीटर तक अपने साथ घसीटता ले गया। वहीं कार मालिक बेरला जिला बेमेतरा निवासी लोकेश मरकाम के मुताबिक वो बाइक सवार पलाश को बचाने की कोशिश कर रहा था, लेकिन कार चालक जहीरुद्दीन (32) कार को रोका नहीं, बल्कि पलाश का हाथ पकड़कर कार की खिड़की के बल टांगे रखा था। इसके कारण पलाश सड़क पर नहीं गिर पाया। वहीं पीड़ित पलाश चंद्राकर ने पुलिस में शिकायत किया है कि कार बैठे लोकेश मरकाम और जगरुद्दीन दोनों के ऊपर जान से मारने का प्रयास की जानकारी दी है।




### भीड़ ने दोनों युवकों को पकड़ा

*युवक को कार में लेटाकर घसीटते ले जाने वाला वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस सकते में आ गई। वीडियो में साफ दिख रहा था कि पलाश को कार चालक जान से मारने की कोशिश कर लेटाकर हाई स्पीड में लेकर जा रहा था। स्विफ्ट कार सीजी 04 एनजे 5437 रायपुर पासिंग कार थी। सुबह दुर्ग कोतवाली पुलिस ने कार को जब्त कर दो युवकों को पकड़ा है। कार चालक पलाश को दीवार से टकराकर मारने की कोशिश भी की, लेकिन युवक बच गया। इसके बाद चालक कार को अमर हाइट्स सोसायटी नदी रोड पर ले गया। जहां चालक को फरार होने का रास्ता नहीं मिलने से कार को वहीं छोड़कर फरार हो गए।*

पश्चिम मध्य रेल
ई–निविदा सूचना
खुली निविदा क्रमांक:WCR-CRWS-BOGIESTRIP-23-37
भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा अनुभवी ठेकेदारों स आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का नामः** स्ट्रिपिंग, क्लीनिंग एंड पेंटिंग वर्क ऑफ आईसीएफ एंड एलएचबी बोगीज एंड देयर कम्पोनेंट्स एट सीआरडब्ल्यूएस, भोपाल। **कार्य की लागतः** रू. 2,87,46,175.92, **निविदा फॉर्म का मूल्यः** रू. 0.00, **धरोहर राशिः** रू. 2,93,800.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 24 माह, **ऑनलाइन बिडिंग प्रारम्भ होने का दिनांक/ऑनलाइन निविदा बंद होने का दिनांक एवं समयः** 20.12.2023 / 03.01.2024 15.00 बजे तक, **निविदा खुलने का दिनांक एवं समयः** 03.01.2024 16.00 बजे, निविदा तथा निविदा प्रारूप की विस्तृत जानकारी भारत सरकार की वेबसाइट "www.ireps.gov.in" एवं निविदा सूचना मुख्य कारखाना प्रबंधक, सडिपुका/भोपाल कार्यालय के सूचना पटल पर उपलब्ध है।
मुख्य कारखाना प्रबंधक/सडिपुका/ निशातपुरा, पमरे, भोपाल
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

## कटास राज मंदिर दर्शन

# लाहौर पहुंचे 55 हिंदू यात्री



एजेंसी ▸▸ लाहौर

भारत से लगभग 55 हिंदू तीर्थयात्री पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के चकवाल में स्थित श्री कटास राज मंदिर के दर्शन के लिए मंगलवार को वाघा बॉर्डर के रास्ते लाहौर पहुंचे। धार्मिक स्थलों की यात्रा को लेकर द्विपक्षीय प्रोटोकॉल के अनुसार सिख और हिंदू तीर्थयात्री हर साल भारत से पाक की यात्रा करते हैं। पाक तीर्थयात्री भी हर साल भारत जाते हैं। इवेक्वी ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड (ईटीपीबी) के प्रवक्ता आमिर हाशमी ने कहा, 'विजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में 55 तीर्थयात्रियों का एक समूह कटास राज मंदिर के दर्शन के लिए मंगलवार को वाघा बॉर्डर के रास्ते लाहौर पहुंचा।' ईटीपीबी एक वैधानिक बोर्ड है जो विभाजन के बाद भारत गए हिंदुओं और सिखों की धार्मिक संपत्तियों व मंदिरों का प्रबंधन देखता है।

कार्यालय : विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, पचमढ़ी (म.प्र.)
क्र./1051/साडा/पच/23 पचमढ़ी, दिनांक 13/12/2023
द्वितीय, ई-निविदा सूचना
समस्त पंजीकृत ठेकेदारों एवं मध्य प्रदेश शासन द्वारा निर्धारित सक्षम श्रेणी में पंजीबद्ध ठेकेदारों/फर्मो से निम्न कार्य हेतु ई-निविदा का आमंत्रण किया गया है जिसका विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in में Organisation [Directorate of Town And Country Planing / Pachmarhi Special Area Development Authority] Tender ID 2023_DTCP_319542_1 पर उपलब्ध है। टेण्डर फार्म दिनांक 28/12/2023 तक क्रय कर सकते है।

| क्र. | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित राशि | अमानत राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य 18% जीएसटी सहित | रिमार्क ठेकेदार/ फर्म की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | प्राधिकरण क्षेत्र की चंपक झील की विभिन्ननवीनीकरण कार्य करवाये जाने (15 नग बेंच लगाने के कार्य को छोड़कर) | रू. 15,08,070/- | रू. 30161/- | 4 माह | रू. 3540/- | एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत सी एवं उपर |
| | कुल राशि | 15,08,070/- | 30161/- | 4 माह | 3540/- | |

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण
पचमढ़ी

# एक दिन में ही सालभर के बराबर बारिश, सेना तैनात

एजेंसी ▸▸ मदुरै

तमिलनाडु के दक्षिणी जिलों में सालभर में जितनी बारिश होती है, उतनी एक ही दिन हो गई और बाढ़ आ गई। बारिश के कारण तिरुनेलवेली और थूथुकुडी गंभीर रूप से प्रभावित हुए हैं। मूसलाधार बारिश ने कई जिलों को तबाह कर दिया है। भारतीय वायु सेना, आर्मी और अन्य बचाव दल राहत अभियान चला रहे हैं। यहां बारिश से संबंधित घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई है।



- तीन की मौत, 500 ट्रेन यात्री फंसे वायुसेना बचाव अभियान में जुटीं

## जैकेट का शेष

### बिल्डिंग परमिशन...

की ही समीक्षा की। इसके बाद पांढुर्ना पहुंचे। वहां वे जनसंवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। इस तरह का उनका यह पहला कार्यक्रम था। उन्होंने पांढुर्ना में बाकायदा ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी और अधिकारियों को समाधान करने के सख्त निर्देश दिए।

### जिस मद का पैसा ...

*राशि केंद्र या राज्य सरकार से प्राप्त हुई है, नगरीय निकाय उन राशियों का उपयोग उस मद के लिए ही करें।*

### सीएम ममता ने...

बैठक में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सपा नेता अखिलेश यादव, दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, फारूक अब्दुल्ला, उमर अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती और आरएलडी से जयंत चौधरी भी मौजूद रहे। खरगे ने बताया कि चौथी मीटिंग में 28 पार्टियों ने हिस्सा लिया।

### सबसे महंगे खिलाड़ी...

पटेल (11.75 करोड़ में पंजाब किंग्स), अल्जारी जोसेफ (11.50 करोड़ में आरसीबी), वेस्टइंडीज के रोवमैन पावेल (7 करोड़ 40 लाख राजस्थान रॉयल्स) ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड (6 करोड़ 80 लाख सनराइजर्स), शिवम मावी (6.40 करोड़ में लखनऊ सुपर जाइंट्स), उमेश यादव (5.80 करोड़ में गुजरात टाइटंस) के लिए फ्रेंचाइजियों ने बड़ी बोली लगाई। न्यूजीलैंड के बल्लेबाज रचिन रविंद्र को सुपरकिंग्स ने एक करोड़ 80 लाख रुपए में खरीदा। मुंबई इंडियंस ने दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएटजी को पांच करोड़, जबकि भारतीय ऑलराउंडर शारदुल ठाकुर चार करोड़ रुपए में एक बार फिर चेन्नई सुपरकिंग्स से जुड़े। इंग्लैंड के हैरी ब्रूक को दिल्ली कैपिटल्स ने चार करोड़ रुपए में खरीदा।

### मनीष सिंह को जनसंपर्क...

पोरवाल को सौंपा गया है। जबकि प्रबंध संचालक मेट्रो रेल कॉरपोरेशन का कार्य नगरीय प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव नीरज मंडलोई को अस्थाई रूप से सौंपा गया है।

## पेज एक का शेष

### नड्डा से मुलाकात के...

करेंगे। तो अब बड़ा सवाल ये हैं कि क्या यह पूर्व मुख्यमंत्री चौहान के मप्र की राजनीति से विदाई के संकेत हैं? हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में उन्हें जहां बुलाया जाएगा, वे वहां जाएंगे। वे मप्र में भी रहेंगे और केंद्र में भी।

### मिशन तय करता है कि...

लोकसभा चुनाव के लिए भी जो मेरी भूमिका तय की जाएगी, उस पर मैं काम करूंगा।

### मैं वापस जाऊंगा ...

बाहर दिल्ली एवं अन्य राज्यों में ज्यादा रहेंगे। हालांकि, चौहान ने कहा कि अभी उन्हें जवाबदारी नहीं मिली है।

### टीएमसी सांसद ने की...

कि ये बेहद शर्मनाक है। एक सांसद मजाक उड़ा रहा और दूसरा सांसद इस घटना की वीडियोग्राफी कर रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कहा कि निलंबन लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है, यह संसद का अपमान है। वह हमें डराने के लिए सांसदों को निलंबित कर रहे हैं।

### लड़के ने आकर गले ...

के गले में हाथ डाल दिया और गलत ढंग से छूकर उन्हें असहज महसूस करवाया। दरअसल, केली नाम की महिला ने कुछ दिन पहले अपने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो पोस्ट की थी। वीडियो की शुरुआत में केली कह रही थीं कि आप जहां भी यात्रा करें आपका बुरे लोगों से पाला पड़ सकता है। हालांकि घटना के बाद केली ने कहा कि कुछ लोगों ही इस हरकत से आप भारत के लोगों का आंकलन न करें।

**लोगों से बातचीत के दौरान हुई घटना:** केली ने यह भी कहा कि कुछ भारतीय लोगों ने यह भी कहा कि वह 'चीनी' दिखती हैं। लाइव व्लॉग में केली कह रही थीं कि यह जगह काफी साफ है। वे कई दुकानों पर गईं और इसके बाद कुछ स्थानीय लोगों ने बात करने लगीं। कुछ दुकानों के पास लोगों ने उनके साथ फोटो खींचने के लिए घेर लिया। इस दौरान कुछ लोगों ने केली के साथ बदसलूकी भी की। इसी दौरान एक शख्स ने केली के गले में हाथ डाल दिया और उनके साथ बदसलूकी की। इससे केली असहज हो गईं और तुरंत वहां से दूर हो गईं। घटना के बाद केली ने कहा कि मुझे यहां से भागना होगा। अलविदा, नमस्ते। मुझे लोगों को गले लगाना पसंद है मगर मुझे असहज महससू हुआ।

### कहा- लड़कों को ...

न्यायाधीश प्रसन्ना बी वराले की पीठ ने मीडिया रिपोर्टों के आधार मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए समाज पर सामूहिक जिम्मेदारी तय करने का आह्वान किया। न्यायमूर्ति वराले ने कहा, जब तक लड़कों को नहीं सिखाएंगे कि महिलाओं का सम्मान और रक्षा किस तरह करनी है, तब बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का लक्ष्य हासिल नहीं हो पाएगा। लिहाजा, अब जरूरत है कि बेटों को पढ़ाया जाए कि बेटियों को कैसे और किससे बचाना है।

### जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ...

की टीम ने महाकाल मंदिर से भगवान को अर्पित होने वाली भस्म, पानी और भांग के नमूने लिए हैं। जीएसआई भोपाल कार्यालय के डायरेक्टर आरएस शर्मा समेत 7 लोगों के दल ने सुबह से मंदिर में अलग-अलग सैंपल लिए। इसमें भस्म, आरओ वॉटर, भांग, श्रृंगार और पूजन के बाद चेंबर में निकलने वाले पानी के नमूने लिए हैं। लैबोरेटरी में टेस्टिंग के बाद रिपोर्ट जीएसआई के अधिकारियों को सौंपी जाएगी।

### 6 साल पहले दायर...

कर दिया था, लेकिन शिवलिंग क्षरण रोकने और मंदिर की संपदा को सुरक्षित रखने के जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (जीएसआई), आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (एएसआई) को गाइडलाइन बनाने के आदेश दिए थे।

कोर्ट ने जीएसआई, एएसआई को प्रति 6 माह में मंदिर के साथ शिवलिंग का निरीक्षण, भगवान को अर्पित होने वाली सामग्री तय मानक के अनुसार होने के संबंध में परीक्षण के निर्देश दिए थे। इसके पहले भी कई बार जीएसआई, एएसआई की टीम यहां आकर जांच कर चुकी है।

### हेलमेट में कैमरा ...

देख राम जन्मभूमि के गेट नंबर दस पर तैनात सुरक्षाकर्मियों ने उसे रोक लिया व तलाशी आदि लेने के बाद पुलिस को सौंप दिया। थाना राम जन्मभूमि में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों व कई खुफिया एजेंसियों ने उससे पूछताछ की।

### किसान का बेटा हूं, ...

आशा है कि वह अपने सारे वचन पूर्ण करेगी। कांग्रेस सरकार को विपक्ष के महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली है। मेरा बहनों से अनुरोध है कि भले ही शिवराज 3000 देने का वादा कर मुख्यमंत्री न रहे हों, लेकिन आपका भैया जीतू पटवारी किसान का बेटा है, जो हल चलाना भी जानता है और हल निकालना भी जानता है। जनवरी में हम भोपाल से वादा निभाओ की शुरूआत करेंगे, इसके बाद यह आंदोलन पूरे मध्यप्रदेश में किया जाएगा। पटवारी ने सुबह उज्जैन में बाबा महाकाल के दर्शन किए। यहां से देवास पहुंचे। उज्जैन से देवास के रास्ते में उनका कई जगह स्वागत किया गया। देवास में समर्थकों ने पटवारी पर जेसीबी से फूल बरसाए। रैली भी निकाली गई, जो तहसील चौराहे से नाहर दरवाजा होते हुए भोपाल चौराहा पहुंची। इसके बाद पटवारी का काफिला भोपाल पहुंचा। जीतू पटवारी बैरागढ़ से रैली के रूप में इमामी गेट, बुधवारा, लिली टॉकीज चौराहा, रोशनपुरा और लिंक रोड होते हुए प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पहुंचा। यहां वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में पदभार ग्रहण किया। स्वागत रैली में विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे भी मौजूद रहे। शहर में पटवारी के स्वागत के लिए 100 से अधिक स्थानों पर मंच लगाए गए।

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644



## राशिफल

**मेष:** शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।

**वृष:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन:** अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**कर्क:** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं असंतोष के भाव रहेंगे।

**सिंह:** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कन्या:** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के वविादों से बचने का प्रयास करें।

**तुला:** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृश्चिक:** घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**धनु:** पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**मकर:** परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।

**कुंभ:** परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख-रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

**मीन:** वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



स्वयं की वर्षो की रिसर्च 100% कारागर इलाज
सफेद दाग CURE CENTRE
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम NITESH SINGH KOURAV S/O DILAWAR SINGH KOURAV था। जो कि मेरी दसवीं की मार्कशीट में दर्ज है। किंतु अब मेरा नाम परिवर्तित होकर NITISH SINGH KAURAV हो गया है। अतः भविष्य में मुझे मेरे सही नाम NITESH SINGH KAURAV S/O DILAWAR SINGH KAURAV से जाना व पहचाना जाए।
ADDRESS : NARMADA COLONY, INDRA WARD, GADARWARA, NARSINGHPUR (M.P.) - 487551

## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। - व्यावस्थापक


## शब्द पहेली - 5369



**बाएँ से दाए**
1. असह्य, नागवार-5
4. कली-3
6. पराया, पंख-2
7. समुद्र-3
8. पिता की बहन-2
10. चौकसी, सुरक्षा-3
11. कृष्ण प्रेमी एक मुस्लिम कवि -4
14. छल, धोखा-3
16. पक्षी, उड़ने वाला-4
17. उम्मीद-2
18. दौरा, पहरेदारी-2
19. धारण करना-4
21. आफत, मुसीबत-3
22. विदिर्ण-2,2
24. प्रकाशित-3
25. बल, जान-2
27. रसदार-3
28. जगत, दुनिया-2
29. नग, मूल्यवान पत्थर-3
30. तृप्त होना-5


**ऊपर से नीचे**
1. जबरन उठा ले जाना-5
2. महोदय (अंग्रेजी-2)
3. नीलिमा-4
4. कुंती पुत्र, राधेय-3
5. वश, अधीन-2
7. संपूर्ण, पूर्ण-2
9. शिकार-3
12. असली, शुद्ध-3
13. हठ करना, रोना -4
15. हारा हुआ, पराजित-3
16. मशवरा, सलाह-4
17. विश्राम-3
18. अभिमान-3
20. भयभीत होना-2,3
21. संभवतः-3
22. टर्पेंटाइन, गंधा बिरोजा-4
23. तरना, स्वीमिंग-3
24. इसे मकड़ी बुनती है-2
26. जी, चित-2
28. संपत्ति-2

शब्द पहेली - 5368 का हल



## सूडोकु नवताल - 5379

कठिन



सूडोकु नवताल - 5378 का हल



- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

भारतीय खाद्य निगम की ई-नीलामी

# मध्यप्रदेश में 21000 मीट्रिक गेहूं और 1790 मीट्रिक टन चावल की ई-नीलामी आज

वाणिज्य प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) मध्यप्रदेश में आयोजित साप्ताहिक आधार पर अगली ई-नीलामी 20 दिसंबर 2023 को होगी। निगम ने इस संबंध में जानकारी स्वरूप नोटिस गत दिवस 15 दिसंबर को जारी कर दिया है।

एफसीआई इस ई-नीलामी के तहत संपूर्ण मध्यप्रदेश में लगभग 21000 मीट्रिक टन गेहूं और 1790 मीट्रिक टन नॉन-एफआरके राइस ग्रेड-ए के स्टॉक को बिक्री करेंगे। खुले बाजार में नीलामी योजना के तहत एफसीआई बाजार में गेहूं, आटे की कीमतों के स्थिरीकरण करने के लिए



कार्यान्वित कर रहा है।

भारतीय खाद्य निगम मध्यप्रदेश के महाप्रबंधक ने बताया कि लाभ वास्तविक उपभोक्ता तक पहुंचाने के प्रयासों के तहत 20 दिसंबर को नीलामी में केवल प्रोसेसर, आटा मिलर्सए गेहूं उत्पादों के निर्माता, गेहूं के अंतिम उपयोगकर्ता को अनुमति दी जाएगी तथा सफल बोलीदाताओं को एफसीआई से प्राप्त गेहूं के उठाव की अंतिम तिथि से 30 दिनों के भीतर गेहूं उत्पादों को बाजार में जारी करने का वचन देना होगा। यह ई-नीलामी एम-जंक्शन (वेबसाइट) के माध्यम से क्रियान्वित की जाएगी। महाप्रबंधक ने बताया कि भारतीय खाद्य निगम एवं राज्य सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए पूर्ण रूप से तैयार है कि ओएमएसएस (डी) के अंतर्गत खरीदे गए स्टॉक को संबंधित प्रोसेसर, आटा मिलर्स, गेहूं उत्पादों के निर्माता/गेहूं के अंतिम उपयोगकर्ता द्वारा निर्धारित उठान की अवधि के भीतर उठान कर लिया जाए।

न्यूमार्केट के व्यापारी दुकान के सामने काउंटर लगाकर किराए पर दे रखे हैं: पार्षद

# दुकानों के सामने खाली पड़ी जगह को प्रतिदिन के किराए पर चला रहे

मार्केट में फैली अव्यवस्थाओं के दुकानदार खुद जिम्मेदार: चंद्रशेखर





वाणिज्य प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

न्यूमार्केट में फैली अव्यवस्थाओं के जिम्मेदार यहां के व्यापारी खुद हैं। क्योंकि जिस व्यापारी की दुकान 6 बाई 8 फीट की है वह अतिक्रमण कर 10 फीट बाहर दुकान लगाए हुए है। तो यहां के अधिकांश दुकानदार प्रतिदिन के हिसाब से दुकान के सामने खाली जगह को हॉकर्स को देकर कर किराया वसूल रहे है। जब मार्केट जिम्मेदारों द्वारा ही मार्केट की शान पर बट्टा लगाया जा रहा है तो दूसरे लोग मार्केट में अव्यवस्थाएं तो फैलाएंगे ही और हॉकर्स का जमावड़ा तो लगेगा ही। यह कहना है कि संस्कृति बचाओ मंच के अध्यक्ष व भारतीय जनता पार्टी के नेता चंद्रशेखर तिवारी का। तिवारी के अनुसार पहले न्यूमार्केट में खरीदारी करने संभ्रात परिवारों के लोग पहुंचते थे, लेकिन अब यहां संघ के पदाधिकारियों में आपसी मतभेद होने से यहां फैली चौतरफा अव्यवस्थाएं और फैले अतिक्रमण के चलते अब संभ्रांत परिवार के लोगों को मोह यहां के भंग हो गया है।

वे मॉल्स पहुंच रहे है या फिर घर बैठे ऑनलाइन खरीदी कर रहे हैं। वहीं मार्केट के व्यापारियों के अनुसार संघ के कतिपय व्यापारियों के अड़ियल रवैया या फिर नगर निगम कर्मचारियों की साठगांठ कर दुकान को निश्चित सीमा से 8 से 10 फीट बाहर निकालने से यहां एक-दूसरे की देखा-देखी बाकी के दुकानदारों ने भी अपनी दुकान का सामना सड़कों तक फैला रखा है तो कई दुकानदार अपने दुकानों के सामने खाली पड़ी जगह को प्रति दिन के किराए पर चला रहे हैं। बाजार सूत्रों के अनुसार निगम के क्षेत्रीय अमले की मिलीभगत होने से दुकानदार मिलजुलकर किराएदारी का यह धंधा धड़ल्ले से चला रहे हैं। बताया जा रहा है कि दुकानदारों द्वारा 500 रूपए से लेकर हजार, दो हजार रुपए तक का किराया वसूल कर रहे हैं। इस प्रकार चल रहे अवैध अतिक्रमण और अवैध वसूली के प्रति नगर निगम का अमला भी आंख बंद कर बैठा हुआ है और दुकानदार निगम के नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं।

### अतिक्रमण अमले की दुकानदारों के साथ साठगांठ, शिकायत नजरअंदाज : किया गया: आरती राजू अनेजा

न्यू मार्केट में बहुत ही बेतरतीब अतिक्रमण फैला है। इससे पहले कभी भी आज तक इस प्रकार का अतिक्रमण नहीं देखा। हॉकर्स तो ठीक है नीचे रखकर अपना धंधा करते हैं,लेकिन दुकानदारों ने तो अपने काउंटर आगे किराए पर दे रखे हैं। यह बात क्षेत्रीय पार्षद (वार्ड 32, नगर निगम भोपाल) श्रीमती आरती राजू अनेजा ने कही। पार्षद आरती राजू के अनुसार अपने दायरे से बाहर दुकानदार निकल कर किराएदारी की दुकानदारी कर रहे है। 15 फीट चौड़ी सड़कें संकरी गलियों में तब्दील है। सड़कें 5 से 6 फीट में सिमट कर रह गई है। यहां चौतरफा फैले अतिक्रमण के चलते महिलाएं जो मार्केट पहुंचतीं है उनका पैदल चलना दूभर हो रहा है। पार्षद आरती राजू अनेजा ने कहा कि मेरे पास लोगों इस बात की कई बार शिकायत कर चुके है और मैंने भी इस संबंध कई बाद नगर निगम के अमले, उच्च अधिकारियों, वार्ड प्रभारी और अतिक्रमण अमले से शिकायत की, लेकिन अतिक्रमण अमले की यहां के दुकानदारों के साथ सांठगांठ होने के चलते अतिक्रमण हटाने की शिकायत को नजरअंदाज कर दिया गया। मार्केट में फुटपाथ पर जमीन पर बैठै हॉकर्स तो छोटा-मोटा धंधा करते हैं पर दुकानदार और व्यापारी खुद अपनी दुकान के सामने काउंटरों को किराए पर देने का धंधा कर रहे हैं। दुकानदारों की 4 फीट दुकान है तो 6 फीट तक आगे बढ़ा रखी है। मार्केट में फैली अव्यवस्था को लेकर क्षेत्रीय विधायक भगवानदास सबनानी के संज्ञान में लाउंगी। क्योंकि मेरा प्रयास है कि मार्केट स्वच्छ, सुंदर और अतिक्रमण मुक्त हो।



## बिजनेस न्यूज

### ओरिएंटल में स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2023 के ग्रैंड फिनाले का शुभारंभ



**भोपाल।** ओरिएंटल इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी भोपाल में दो दिवसीय शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल द्वारा प्रायोजित स्मार्ट इंडिया हैकथॉन का भव्य शुभारंभ मंगलवार किया गया। इस अवसर पर एआईसीटीई से आए तरुन कक्कड़ ने बताया की स्मार्ट इंडिया हैकथॉन के छठवें संस्करण में देश के विभिन्न स्थानों से चयनित 22 टीमें तीन मंत्रालयों की चार समस्याओं का समाधान खोजने के लिए 36 घंटे लगातार काम करेगी। विभिन्न मंत्रालयों से आए विशेषज्ञ, छात्रों द्वारा प्रस्तुत समाधान का मूल्यांकन करेंगे, तत पश्चात विजेता टीम को पुरस्कृत किया जाएगा इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन प्रवीण ठकराल ने सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए कहा की स्मार्ट इंडिया हैकथॉन ने देश में इनोवेशन ईको सिस्टम बनाने में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और छात्रों को राष्ट्रीय स्तर पर एक प्लेटफार्म उपलब्ध कराया है ।

### एलएनसीटी में हैकथॉन ग्रैंड फिनाले का शुभारंभ



**भोपाल।** एलएनसीटी ग्रुप में मंगलवार को पांच दिवसीय स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन हार्डवेयर एडिशन 2023 का शुभारंभ डॉ. इलांगोवन करियप्पन सहायक नवाचार निदेश, शिक्षा मंत्रालय, नवाचार सेल एआईसीटीई, भारत सरकार, राहुल दहिया- समन्वयक एमआईसी भारत सरकार, डॉ. अनुपम चौकसे, सचिव - एलएनसीटी समूह, चांसलर जेएनसीटी प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी एवं प्रो. चांसलर एलएनसीटी यूनिवर्सिटी , शिक्षाविदों, वैज्ञानिकों और उद्यमियों की उपस्थिति में हुआ। डॉ. अनुपम चौकसे ने पूरे देश से आए प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा की प्रति वर्ष एसआईएच लाखों छात्रों को प्रभावित कर रहा है और उन्हें वास्तविक दुनिया की समस्या-समाधान में अपनी शैक्षणिक ज्ञान का परीक्षण करने के लिए एक राष्ट्रीय मंच प्रदान करता है। यह नवाचार और उद्यमिता के प्रति उनकी रुचि और सोच में वृद्धि कर रहा है। डॉ. इलांगोवन करियप्पन ने कहा की स्मार्ट इंडिया हैकथॉन (एसआईएच) भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल की एक राष्ट्रव्यापी पहल है जो छात्रों को सरकार, मंत्रालयों, विभागों, उद्योगों और अन्य संगठनों की गंभीर समस्याओं को हल करने के लिए एक मंच प्रदान करती है।

### आईईएस कॉलेज में स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन के ग्रैंड फिनाले शुरू

**भोपाल।** आईईएस कॉलेज ऑफ टेक्नालजी नोडल सेंटर में स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2023 के ग्रैंड फिनाले का भव्य शुभारंभ आईईएस कैम्पस में किया गया। स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन (एसआईएच) शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल द्वारा छात्रों को सरकार, मंत्रालयों, विभागों, उद्योगों और अन्य संगठनों की गंभीर समस्याओं को हल करने के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी पहल है।



एसआईएच को दुनिया के सबसे बड़े ओपन इनोवेशन मॉडल के रूप में प्रशंसित किया गया है और यह छात्रों के बीच उत्पाद नवाचार और समस्या-समाधान की संस्कृति को विकसित करता है। आईईएस कॉलेज ऑफ टेक्नालजी में स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2023 के ग्रैंड फिनाले का शुभारंभ डॉ. सीसी त्रिपाठी, निदेशक, एनआईटीटीटीआर, भोपाल, मुख्य अतिथि, इंजीनियर बीएस यादव चेयरमैन, आईईएस कॉलेज ऑफ टेक्नालजी, भोपाल एवं श्रीकांत वी संगलूडकर, हैड नोडल सेंटर द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

### पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस की जीएचएफएल के रूप में ब्रांडिंग

**नई दिल्ली।** पूनावाला हाउजिंग फाइनेंस लिमिटेड को गृहम हाउजिंग फाइनेंस लिमिटेड (जीएचएफएल) के रूप में पुनःब्रांडिंग किया गया है। ग्लोबल प्राइवेट इक्विटी फर्म टीपीजी ने इस साल पूनावाला फिनकॉर्प से कंपनी में 99.02 फीसदी इक्विटी हिस्सा अधिग्रहण कर लिया है। नाम परिवर्तन के लिए सभी आवश्यक नियामक स्वीकृतियाँ प्राप्त कर ली हैं। ग्रीहम हाउजिंग फाइनेंस लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर और प्रमुख कार्यकारी अधिकारी मनीष जयसवाल ने पुनर्ब्रांडिंग पर बोलते हुए कहा कि गृहम, गृह (घर) और हम (एकता) का मिश्रण है, जो हमारी कंपनी की मौलिकता को दर्शाता है।

### दिव्यांग जनों के लिए ग्लोब रिसॉर्स सेंटर का उद्घाटन



**गुरुग्राम।** अमेजन और सार्थक एजुकेशन ट्रस्ट ने ग्लोबल रिसोर्स सेंटर (जीआरसी) लांच करने के लिए सहयोग किया है। भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की उपस्थिति में इसका उद्घाटन किया गया। इसका उद्देश्य पूरे भारत में विकलांग लोगों को सशक्त बनाना है। अमेजन और सार्थक एजुकेशन ट्रस्ट (एसईटी) के बीच यह सहयोग दिव्यांग लोगों के लिए अधिक समावेशी और सशक्त दुनिया बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### टाटा पावर ने की स्वच्छ हरित ऊर्जा को अपनाने की अपील

**मुंबई।** टाटा पावर ने धरती मां को गले लगाएं, अपने ग्रह से प्यार करें. स्वच्छ हरित ऊर्जा को अपनाएं के संदेश को बढ़ावा देने वाली एक नई ब्रांड फिल्म - दुनिया अपने हवाले लांच की है। चूंकि टाटा पावर सस्टेनेबल इज अटेनेबल' के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर कायम है, यह नागरिकों को स्थिरतापूर्ण जीवन शैली को वास्तविकता बनाने के लिए प्रेरित करने और स्वच्छ, हरित भविष्य के लिए व्यक्तिगत स्तर पर प्रयास करने और जिम्मेदारी के महत्व को रेखांकित करने की दिशा में एक और कदम है।

### कामधेनु करेगी मप्र में अपनी उपस्थिति को मजबूत

**भोपाल।** कामधेनु लिमिटेड ने पूर्वी मध्यप्रदेश में टीएमटी बार की अपनी बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए अपनी व्यावसायीकरण नीति की घोषणा की। रणनीति के अनुसार कंपनी अगली पीढ़ी के हाई-एंडइंटर लॉक स्टील टीएमटी बार के अपने प्रीमियम ब्रांड कामधेनुनेक्स्ट की भोपाल में उत्पादन क्षमता को अगले एक वर्ष में 48000मीट्रिक टन प्रीमियम टीएमटी बार से बढ़ाकर 72000 मीट्रिक टन करने की योजना बना रही है।

### बजाज ऑटो ने किया पल्सरमेनिया मास्टर्स एडिशन का आयोजन



**भोपाल।** दोपहिया एवं तिपहिया कंपनी बजाज ऑटो ने पल्सरमेनिया मास्टर्स एडिशन का आयोजन किया। 100 शहरों में आयोजित इस प्रतियोगिता को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली, जिसमें 25 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और 1 लाख से अधिक दर्शकों ने इसका आनंद उठाया। मुंबई में नेशनल फिनाले ने उपस्थित गणों को रोमांच से भरपूर अनुभव प्रदान किया और साथ ही सर्वश्रेष्ठ राइडरों को पल्सर पर अपनी मास्टरी, सटीकता और जुनून की जांच करने का मौका मिला । एलिमिनेशन स्टाइल के फोर्मेट ने प्रतियोगिता के रोमांच को कई गुना बढ़ा दिया और सुनिश्चित किया कि सबसे कुशल राइडर ही विजेता घोषित किए जाएं।

### शक्ति पंप्स को मिला हेलिकल पंप असेंबली के लिए पेटेंट



**इंदौर।** एनर्जी एफिशिएंट पंप्स और मोटर्स निर्माण की अग्रणी कंपनी शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड को हेलिकल पंप असेंबली के लिए पेटेंट प्राप्त हुआ है। पेटेंट कार्यालय, भारत सरकार ने, 1970 के पेटेंट अधिनियम में निर्धारित प्रावधानों का पूरी तरह से पालन करते हुए, शक्ति पंप्स को यह पेटेंट प्रदान किया है। यह पेटेंट 20 वर्षो की अवधि के वैध है यह और यह शक्ति पम्पस का आठवा पेटेंट है। पेटेंटे किया गया यह बेहतरीन पॉजिटिव डिस्प्लेसमेंट पंप, पीने के पानी के लिए प्रयोग किए जाने वाले उपकरणों के लिए सोलर पैनल की आवश्यकताओं में 50 फीसदी की कटौती का वादा कर सोलर एप्लीकेशन में क्रांति ला रहा है। शक्ति पंप्स के चेयरमेन दिनेश पाटीदार ने नई पेटेंट टेक्नोलॉजी के बारे में कहाकि हम वन्यजीव अभयारण्यों जैसे पर्यावरण की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों की सहायता करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा नया पंप यहां मौजूद चुनौतियों जैसे जानवरों, पक्षियों और अलग अलग प्रजातियों के लिए पानी के पंपों को सुरक्षित रखने के समाधान के रूप में उभरा है।

### एजेक्स ने पेश की थ्री-डी कांक्रीट प्रिंटिंग मशीन




**नई दिल्ली।** कंक्रीट उपकरण निर्माण कंपनी एजेक्स इंजीनियरिंग ने थ्री-डी कंक्रीट प्रिंटिंग तकनीक में प्रवेश किया है और अपनी थ्री-डी कंक्रीट प्रिंटिंग मशीन पेश की है। कंपनी ने आज इस संबंध में एक घोषणा की। कंपनी ने 3 दिन में 350 वर्ग मीटर का घर बनाकर इस तकनीक का प्रदर्शन किया। पारंपरिक निर्माण विधियों के अनुसार, इस प्रकार का घर बनाने में आमतौर पर कुछ महीने लगते हैं। उसकी तुलना में यह निर्माण 'एजेक्सथ्री-डी कंक्रीट प्रिंटिंग' तकनीक के माध्यम से तेजी से और बड़े पैमाने पर किया जा सकता है। यह किफायती और पर्यावरण की दृष्टि से टिकाऊ भी है।

### देव इंफॉर्मेशन ने दी ध्येय कंसल्टिंग सर्विसेज के अधिग्रहण को मंजूरी

**नई दिल्ली।** देव इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी लिमिटेड एक एंड-टू-एंड टेक्नोलॉजी सॉल्यूशंस प्रोवाइडर जो क्लाउड, ऑटोमेशन और डेटा टेक्नोलॉजीज का लाभ उठाते हुए डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन प्रदान करता है ने घोषणा की है कि उसके बोर्ड ने ध्येय कंसल्टिंग सर्विसेज की 100 फीसदी हिस्सेदारी हासिल करने की मंजूरी दे दी है। इसी उद्देश्य से बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने देव इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी लिमिटेड, मेसर्स ध्येय कंसल्टिंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड और ध्येय कंसल्टिंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के प्रमोटर्स के बीच शेयर खरीद एग्रीमेंट को अमल में लाकर निष्पादन पर विचार किया और मंजूरी दे दी है।

### निप्पॉन पेंट ने किया विबग्योर पेंट्स का अधिग्रहण

**नई दिल्ली।** निप्पॉन पेंट ने दक्षिण एशिया में पेंट एवं कोटिंग की प्रमुख आपूर्तिकर्ता कंपनी विबग्योर पेंट्स एंड केमिकल्स पांडिचेरी का 100 प्रतिशत अधिग्रहण करने की घोषणा की। विबग्योर पेंट्स एंड केमिकल्स पांडिचेरी भारतीय रेलवे को उच्च गुणवत्ता के पेंट की आपूर्ति में अपनी स्थापित प्रतिष्ठा और विशेषज्ञता के साथ अपने संसाधनों का उपयोग कर और अपनी वृद्धि एवं बाजार में अग्रणी स्थिति को और मजबूत करते हुए निप्पॉन पेंट इंडिया का एक डिवीजन बन जाएगी। निप्पॉन पेंट इंडिया के निदेशक एवं अध्यक्ष शरद मल्होत्रा ने कहाकि विबग्योर पेंट्स एंड केमिकल्स का अधिग्रहण हमारी भारत की वृद्धि रणनीति में एक महत्वपूर्ण कदम है।


## कार्यालय मुख्य अभियंता (भोपाल परिक्षेत्र) लोक निर्माण विभाग, भोपाल (म.प्र.)

ईमेल :- cepwdcapital@mp.gov.nic.in दूरभाष/फेक्स क्रमांक 0755-2551403

निविदा सूचना क्र.57/सा/01/विविध/2019 (वर्ष 2023) // निविदा सूचना // भोपाल, दिनांक 14.12.2023

निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्ततृ विवरण वेबसाइट https:mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | कार्य की अनु. राशि (रू. लाख में) | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2023_PWDRB _318322_1 | बैतूल | प्लान | भौरा से सातलदेही चौपना मार्ग ल. 13.00 कि.मी. का निर्माण | प्रथम | 881.36 | ईएमडी/समस्त दस्तावेज केवल आनलाईन प्रस्तुत किये जाना है। |
| | | | | योग | | 881.36 | |

उपरोक्त वेबसाइट भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 01.01.2024 (17.30) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जायेगा।

मुख्य अभियंता
लोक निर्माण विभाग,
भोपाल परिक्षेत्र भोपाल

जी-21952/23 देर से घर आए लेकिन दुरूस्त आए, धीरे चले सुरक्षित चले ।



## कार्यालय प्राचार्य शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नर्मदापुरम (म.प्र.)

क्रमांक 2889 नर्मदापुरम, दिनांक 18.12.2023

### निविदा विज्ञप्ति

विषय - पुस्तकें क्रय हेतु निविदा आमन्त्रण ।

इस महाविद्यालय के ग्रंथालय हेतु विज्ञान, कला, वाणिज्य, विधि व अन्य विषयों की पुस्तकों का क्रय किया जाना है। अतः संबंधित फर्म अपने भाव-पत्र निविदा शर्तो के अधीन सीलबन्द लिफाफे में विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 21 दिवस में कार्यालय प्राचार्य के पद नाम से प्रस्तुत करें। अधिक जानकारी एवं निविदा शर्तो के लिये महाविद्यालय की वेबसाईट www.mphighereducation.nic.in/hoshngabad or govthomesciencecollegehbd.com या महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड पर देख सकते हैं।

प्राचार्य
शास. गृहविज्ञान स्नातकोत्तर
महाविद्यालय, नर्मदापुरम (म.प्र.)

जी-21926/23 दो पहिया वाहन पर तीन सवारी ना बैठाएं सतर्क रहें, सुरक्षित रहें ।



## कार्यालय कार्यपालन यंत्री निर्माण संभाग क्रमांक-1 राजधानी परियोजना प्रशासन, लो.नि.वि., ई-5, अरेरा कालोनी, भोपाल

### // निविदा आमंत्रण सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत वेबसाइट https://www.mptemders.gov.in पर उपलब्ध है:-

| स.क्र | टेन्डर नं | निविदा क्र. एवं दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा प्रपत्र ऑनलाईन विक्रय डाऊनलोड की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_CPA _320468_1 | 99/SAC dt. 18.12.23 | गैस राहत उपसंभाग क्रमांक-4, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत विविध डिपाजिट मद के कार्य। | Rs.19.99 | Rs.39,980.00 | Rs.2,000/- | 05.01.2024 |

उपरोक्त वेबसाईट से ऑनलाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेन्डर डोक्यूमेंट) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे । निविदा प्रपत्र क्रय, डाउनलोड एवं ऑनलॉईन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 05.01.2024 सायं 5:30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एनआईटी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट में देखी जा सकती है।

कार्यपाल यंत्री
निर्माण संभाग क्रमांक-1,
राजधानी परियोजना प्रशासन, लो.नि.वि.
ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल 0755-2464382

जी-21962/23 दो पहिया वाहन पर तीन सवारी ना बैठाएं सतर्क रहें, सुरक्षित रहें ।



## कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल

यांत्रिक विभाग (मुख्यालय) गोंविंदपुरा (बी.एच.ई.एल.)

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

### ::- निविदा आमंत्रण घोषणापत्र -::

क्र. 457/यां.वि./2023 भोपाल, दिनांक 14.12.2023

निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दो लिफाफा पद्धति के अनुसार म.प्र. लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत व्यवस्था के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदार परसेन्टेज मोहर बंद निविदाये निर्धारित प्रपत्र पर ऑनलाईन आमंत्रित की जाती हैं

| क्र. | ऑनलाईन निविदा क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 2023_UAD_312417_2 | CONSTRUCTION OF CC ROAD AND RCC DRAIN AT BULI COLONY W-26 Z-15 SECOND CALL | 643937 | 03 months |
| 02 | 2023_UAD_312583_2 | CONSTRUCTION OF RCC DRAIN AND ROAD CROSS AT DIFFERENT GALI(KUA TO KANCHEDI LAL HOUSE, J.P GOYAL TO BOUNDARY, BEHIND RAM MANDIR AND PAPU MEENA TO JOGI) UNDER BALVIHAR AND GADIYAPURA W-62 Z-15. SECOND CALL | 854407 | 03 months |
| 03 | 2023_UAD_312430_2 | CONSTRUCTION OF CC ROAD AT DIFFERENT GALI(NARENDRA THAKUR TO RAJU MEENA HOUSE, SAXENA SHOP TO SONU PANDIT HOUSE, YADAV JI TO SURESH MALVIYA HOUSE AND SHARMA JI TO DARGAH) UNDER BALVIHAR AND GADIYAPURA W-62 Z-15. SECOND CALL | 1276158 | 02 months |
| 04 | 2023_UAD_312613_2 | CONSTRUCTION OF C.C. ROAD WORK FROM VISARJANGHAT SQUARE TO HIGHER SECONDARY GOVT.SCHOOL MALIKHEDI W-72, Z-16 SECOND CALL | 2581830 | 05 months |

Interested bidders can view tha NIT on website https://www.mptenders.gov.in

The Bid Document can be purchased only online from 10:30P.M. (time) 14.12.2023 (date) to 17.30P.M (time) 20.12.2023 (date) Amendments to NIT, if any, would be published on website https://www.mptenders.gov.in/ only, and not in newspaper

नि. क्र. 1250/023/024

कार्यपालन यंत्री (सिविल)
नगर निगम भोपाल



## कार्यालय सहायक संचालक उद्यान जिला-रायसेन (म.प्र.)

Teliphone No. 07482-222053 ::::: Email id horti.raisen@mp.gov.in

क्रमांक/निविदा/उद्यान/भंडार/2023-24/1922 रायसेन, दिनांक- 15.12.2023

### // अल्प कालीन विज्ञप्ति //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि शासकीय उद्यान रोपणी वेरसला विकासखंड उदयपुरा जिला रायसेन के आंवला फलबहार का विक्रय प्रक्रिया द्वारा किया जाना है, आंवला फलबहार के क्रय हेतु इच्छुक व्यक्ति/संस्था दिनांक 29.12.2023 दिन शुक्रवार को समय दोपहर 02:00 बजे से समय 05:00 बजें तक उद्यान अधीक्षक, शासकीय उद्यान रोपणी वेरसला विकासखंड उदयपुरा में उपस्थित होकर अपनी निविदा, निविदा बाक्स में डाल सकते है। निविदा फार्म के साथ क्रेता को राशि रूपये 2000/- (दो हजार रूपये मात्र) अग्रिम धरोहर नगद जमा करना होगा। निविदा उसी दिन समय 06:00 बजें निविदा कर्ताओं के समक्ष खोली जावेगीं। निविदा डालने के पूर्व शासकीय उद्यान रोपणी वेरसला विकासखंड उदयपुरा में आंवला फलबहार का अवलोकन कर सकते है, एवं संतुष्टि के उपरांत ही निविदा, निविदा बाक्स में डालें। निविदा की शर्ते निविदा फार्म के साथ संलग्न है। निविदा फार्म कार्यालयीन समय में उद्यान अधीक्षक, शासकीय उद्यान वेरसला विकासखंड उदयपुरा से कार्यालयीन समय में प्राप्त कर सकते है।

आंवला फलबहार सांची का विवरण।

| क्र. | नाम किस्म | पूर्ण फलन की स्थिति | अर्द्ध फलन की स्थिति | कम फले | बिना फले | कुल संख्या पारतलाई |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंवला | 25 | 20 | 42 | 163 | 250 |

(रमा शंकर शर्मा)
सहायक संचालक उद्यान
जिला-रायसेन (म.प्र.)

जी-21951/23 सड़क सुरक्षा नियमों को अगर अपनाओगे, खुद के साथ-साथ दूसरों की भी बचाओगे ।



## बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

महाराजपुर शाखा : रामलीला गली, महाराजपुर
जिला- छतरपुर - 471501 (म.प्र.)
फोन : 91 07685-272225, E-mail mahchh@bankofbaroda.com

### कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति के लिए)

सेक्यूरिटाइजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनानशियल एसेट्स एण्ड इनफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के तहत और सिक्यूरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम 2002 के साथ पठित सेक्शन 13(12)सपठित नियम (3) के तहत प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग के तहत बैंक ऑफ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने दिनांक **08.09.2023** को निम्न वर्णित उधारकर्ताओं/जमानतदारों को डिमांड नोटिस जारी किया तथा नोटिस में दर्शायी गई निम्न वर्णित राशि उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने के लिए जारी किया गया है।

उधारकर्ता/जमानतदार ऋण चुकाने में असफल रहे है, अतः उधारकर्ताओं एवं जमानतदारों/संपत्ति मालिकों एवं जनसामान्य को यह सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियम 8 के साथ पठित एक्ट के धारा 13 (4) के तहत उन्हें प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, यहाँ नीचे वर्णित संपत्ति का **कब्जा** दिनांक **16-12-2023** को ले लिया है।

ऋणी एवं जमानतदारों का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को उपलब्ध समय में छुड़ाने (**redeem** कराने) के संबंध में अधिनियम की धारा (13) एवं उपधारा 8 के प्रावधानों के तहत आकर्षित किया जाता है।

उधारकर्ताओं एवं जमानतदारों/संपत्ति मालिकों को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नलिखित संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज के लिए **बैंक ऑफ बड़ौदा, महाराजपुर शाखा,** के अधीन होगा।

| ऋणी /जमानतदार एवं खाते का नाम | कब्जा की गई संपत्ति का विवरण | मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|
| ऋणी- **मेसर्स अंकित पुरोहित पुत्र हरगोविन्द पुरोहित** जमानतदार एवं बंधककर्ता- **बालमुकुन्द पुरोहित पुत्र सुन्दरलाल पुरोहित** दोनों का पताः वार्ड क्रमांक 14 पुरोहित मोहल्ला कन्या पाठशाला के पास तह. महाराजपुर जिला-छतरपुर(म.प्र.)-471501 | **बंधक संपत्ति आरसीसी फ्रेम स्ट्रक्चर स्थित खसरा नं. 381/2/क, मौजा बकायन, पीएच नंबर 55, मकान नंबर 1285, वार्ड नंबर 38, बलकायन मार्ग तहसील एवं जिला छतरपुर (म.प्र.) कुल क्षेत्रफल 1470 वर्गफीट** चर्तुसीमाएंः उत्तर-साहूजी का मकान, दक्षिण-रोड, , पूर्व- श्रीमती राधा कुशवाह का मकान, पश्चिम -रोड, संपत्ति मालिक- श्री बालमुकुंद पुरोहित पुत्र शा श्याम सुंदर पुरोहित | ₹ 22,54,086.78 +ब्याज एवं खर्च |
| ऋणी- **श्रीमती शिव कुमारी पुरोहित** पत्नि श्री गणेश पुरोहित जमानतदार- 1. श्रीमती निधि पुरोहित पत्नि श्री बालमुकुंद पुरोहित जमानतदार एवं बंधककर्ताः 2. श्री अंकित पुरोहित पुत्र हरगोविन्द पुरोहित 3.हरगोविंद पुरोहित पुत्र सुंदरलाल पुरोहित 4. बालमुकुंद पुरोहित पुत्र सुन्दरलाल पुरोहित **सभी का पताः** वार्ड क्रमांक 14 पुरोहित मोहल्ला कन्या पाठशाला के पास तहसील महाराजपुर जिला-छतरपुर (म.प्र.) 471501 | **1.बंधक संपत्ति (प्लाट) स्थित खसरा नं. 2959, मौजा कुसुमा, वार्ड नं.13, प.ह.नं.16, आरआई सर्कल महाराजपुर, तहसील महाराजपुर जिला छतरपुर (म.प्र.) कुल क्षेत्रफल 2158 वर्गफीट** संपत्ति मालिक- **श्रीमती निधि पुरोहित** पत्नि बालमुकुंद पुरोहित एवं **श्रीमती शिव कुमारी पुरोहित** पत्नि श्री गणेश पुरोहित **चर्तुसीमाएंः (सेलडीड के अनुसार)** उत्तर- घनश्याम उपाध्याय की भूमि, दक्षिण-सड़क- गढ़ीमलेहरा एवं लवकुशनगर, पूर्व- श्री अशोक उर्फ मुनिया उपाध्याय की भूमि, पश्चिम- श्री अशोक उर्फ मुनिया उपाध्याय की भूमि **2. बंधक संपत्ति (प्लाट स्ट्रक्चर सहित) बालाजीपुरम कॉलोनी, बाल्कन मार्ग, मकान नंबर 39, खसरा नंबर 381/2/k/kha/3, मौजा बकायन, प.ह.नं. 55, तह. एवं जिला छतरपुर (म.प्र.) कुल क्षेत्रफल 1000 वर्गफुट** संपत्ति मालिक- **श्री अंकित पुरोहित** पुत्र हरगोविंद पुरोहित **चर्तुसीमाएंः (सेलडीड के अनुसार)** उत्तर-रोड, दक्षिण- मथुरा कुशवाह की भूमि, पूर्व-मथुरा कुशवाह की भूमि, पश्चिम-जगन्नाथ कुशवाह का मकान **3. बंधक संपत्ति (प्लाट) स्थित मकान नं. 2380 वार्ड नंबर 11 मौजा कुसमा, तह. महाराजपुर एवं जिला छतरपुर (म.प्र.) कुल क्षेत्रफल 225 वर्गफीट** संपत्ति मालिक- **श्री हरगोविंद पुरोहित** पुत्र सुंदरलाल पुरोहित एवं **श्री बालमुकुंद पुरोहित** पुत्र सुंदरलाल पुरोहित **चर्तुसीमाएंः (सेलडीड के अनुसार)** उत्तर- भुमानीदीन और गिरधारीलाल कोरी का मकान, दक्षिण-विक्रेता की भूमि, पूर्व- विक्रेता की भूमि, पश्चिम- सड़क | ₹ 22,95,977.60 +ब्याज एवं खर्च |

दिनांक : 16-12-2023, स्थानः महाराजपुर

प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा



## संचालनालय पशुपालन एवं डेयरी मध्यप्रदेश कामधेनू भवन वैशाली नगर भोपाल

### निविदा सूचना

क्रमांक 13094/भण्डार/2023-24 भोपाल दिनांक 11/12/2023

संचालनालय पशुपालन एवं डेयरी वैशाली नगर मध्यप्रदेश भोपाल में कार्यालय के उपकरणों के (डेस्कटॉप कम्प्यूटर/लेपटॉप/ मल्टीफॅक्शन प्रिन्टर आदि की) की वार्षिक रखरखाव के कार्यों के लिए आनलाईन निविदा प्रणाली के माध्यम से म.प्र.शासन के पार्टल Portal http://mptenders.gov.in पर निविदा आमंत्रित की जाती है

| स क्र. | विवरण | निविदा जारी करने का दिनांक | निविदा की राशि | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र जमा करने का अंतिम दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| MPD AH 185/ 2023 | संचालनालय पशुपालन एवं डेयरी वैशाली नगर मध्यप्रदेश भोपाल में कार्यालय के उपकरणों के (डेस्कटॉप कम्प्यूटर/लेपटॉप/ मल्टीफॅक्श न प्रिन्टर आदि की) की वार्षिक रखरखाव के कार्यों के लिए आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है निविदा फर्म का टर्न ओवर राशि रू. 3-00 लाख वित्तीय वर्ष 2022-23 का होना अनिवार्य है। | 22-12-2023 | 1000+ Processing Fees | राशि रु 5000-00 की धरोहर राशि ऑन लाईन mptenders.gov.in पर जमा की जानी है | दिनांक 15-1-2024 शाम 5.30 तक |

1 निविदा प्रपत्र उपरोक्त वर्णित वेवसाईट पर आन लाईन भुगतान कर प्राप्त किया जा सकता है ।
2. निविदा का अनुमानित मूल्य रु. 05-00 लाख है।
3. निविदा में कोई भी संशोधन होने की स्थिति उक्त संशोधन wwww.mptenders.gov.in. पर अपलोड किया जाएगा।

(डॉ आर.के.मेहिया)
संचालक
पशुपालन एवं डेयरी मध्यप्रदेश भोपाल

जी-21924/23 दो पहिया वाहन पर तीन सवारी ना बैठाएं सतर्क रहें, सुरक्षित रहें ।

## चिंतन

# बदरंग सियासत का अखाड़ा न बने संसद

संसद में चल रही राजनीति से जहां इस लोकतंत्र के मंदिर की प्रतिष्ठा धूमिल हो रही है, वहीं राजनीति का स्तर पर गिर रहा है। भारत के संसदीय इतिहास में पहली बार किसी एक सत्र में लगातार दो दिनों के दरम्यान इतनी बड़ी संख्या में सांसदों को निलंबित किया गया है। सोमवार को लोकसभा व राज्यसभा से 78 सांसद आसन की अवमानना व हंगामा के चलते निलंबित किए गए तो अगले दिन मंगलवार को 49 सांसदों को। 19 सांसद पहले किए गए थे। इस सत्र में अब तक निलंबित सांसदों की संख्या 141 पहुंच गई है। यह बहुत बड़ा आंकड़ा है। इससे पहले 1989 में तत्कालीन राजीव गांधी की सरकार के समय एक साथ 68 सांसद एक दिन में निलंबित किए गए थे। वर्ष 2012 से सांसदों के निलंबन की दर में बढ़ोत्तरी देखी गई है। सबके मूल में हंगामा या अवमानना ही कारण रहे हैं। अतीत में हंगामें ने अनेक संसद सत्र की बलि ली है, कामकाज को प्रभावित किया है। इसके बावजूद देश में कभी संसद में विपक्ष विहीन जैसी स्थिति नहीं बनी है। इतने व्यापक स्तर पर सांसदों का निलंबन संसदीय लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं है। हाल के दो दशकों में हंगामा करके संसद की कार्यवाही को ठप कर देना विपक्ष का शगल रहा है, इससे जहां संसद की गरिमा को चोट पहुंची है, वहीं संसद में स्वस्थ बहस की गुंजाइश कम होती गई है। लोकतंत्र का तकाजा है कि सभी पक्षों की बात सुनी जाय। संसद में सुरक्षा चूक हुई है, इससे किसी को इनकार नहीं होना चाहिए। संसद पर हमले की बरसी के दिन संसद में घुसपैठ कर स्मोक बम का इस्तेमाल अनायास घटना नहीं है, सभी सांसदों की सुरक्षा का सवाल है। बिना योजना यह संभव नहीं है। इसके पीछे साजिश होगी ही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद मीडिया से बात में संसद की सुरक्षा मुद्दे को गंभीर माना है और कहा है कि इस घटना के पीछे कौन हैं, उनका पर्दाफाश होना जरूरी है। ऐसे में अगर विपक्ष सरकार से संसद में चूक को लेकर जवाब संसद में मांग रहा है तो सरकार को जवाब देने में कठिनाई नहीं होनी चाहिए। उल्टे इस घटना के बाद गृहमंत्री को खुद आगे आकर संसद से देश को इस बाबत स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए थी, ताकि आवाम को वस्तुस्थिति का पता चले। विपक्ष की बात सुनने में हर्ज नहीं होना चाहिए। विपक्ष को भी अपनी मांग के लिए न ही आसन की अवमानना करने की जरूरत है और न ही संसद की मर्यादा को भंग करने की आवश्यकता है। पिछले कई सत्रों से विपक्ष संसद नहीं चलने दे रहा है, सरकार के लिए संसद की कार्यवाही चलाना कठिन से कठिनतर होता जा रहा है। ऐसे में लोकसभा अध्यक्ष व राज्यसभा सभापति के लिए हंगामा कर रहे व आसन की अवमानना कर रहे सांसदों के खिलाफ सख्ती दिखाना आवश्यक हो गया है, पर यह संदेश देने के लिए होना चाहिए, इसे हथियार नहीं बनाया जाना चाहिए। कुछ दिनों के लिए निलंबन समझ में आता है, पर समूचे सत्र के लिए निलंबन से संदन की क्षमता पर असर पड़ेगा। अधिकांश विपक्षी दलों के निलंबित रहने से सरकार अगर कोई विधेयक पास करेगी, तो मैसेज जाएगा कि विधेयक पास करवाने के हथकंडे के तौर पर निलंबन का रास्ता अपनाया गया है, सजा देने या सीख देने या कर्त्तव्यबोध कराने का मकसद गौन हो जाएगा। कांग्रेस ने सरकार पर आरोप लगाया भी है कि निलंबन 'दमनकारी' विधेयकों को चर्चा के बिना पारित कराने के लिए किया गया है। अच्छा हो कि लोकतांत्रिक ढंग से ही संसद चले, पक्ष व विपक्ष दोनों अपनी जिम्मेदारी समझें। संसद को बदरंग सियासत का अखाड़ा नहीं बनाया जाना चाहिए।

## सारा संसार



मैसूर महल का निर्माण 14वीं सदी में वाडयार राजाओं ने करवाया था, जबकि इसका डिजाइन प्रसिद्ध ब्रिटिश वास्तुकार हेनरी इरविन ने तैयार किया था।

## एनिमल के बहाने

सोनम लववंशी



# फिल्मों में महिलाओं को लाचार-कमजोर न दिखाएं

फिल्म समाज का दर्पण होती है। यही वजह है कि फिल्मों में दिखाए गए विवादित चित्रण पर विरोध की राजनीति भी होती रही है। ख़ासकर फिल्मी कथानकों में महिलाओं की स्थिति को लेकर अक्सर बहस होती रही है। इन दिनों रणबीर कपूर की फिल्म 'एनिमल' की चर्चा बहस के केंद्र में है। यूं तो इस फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त सफलता मिली, लेकिन इसके साथ ही फिल्म को लेकर संसद तक में आवाज उठी और फिल्म की आलोचना की गई। यह पहली बार नहीं है कि 'एनिमल' जैसी फिल्म को लेकर उंगली उठाई गई हो। इससे पहले शाहिद कपूर की फिल्म 'कबीर सिंह' को लेकर भी सवाल खड़े किए गए थे। संयोग देखिए कि 'एनिमल' और 'कबीर सिंह' दोनों फिल्मों के डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा ही हैं। दोनों ही फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सफ़लतम फिल्में रही, लेकिन इन फिल्मों में महिलाओं के ऊपर हिंसा मारपीट को दिखाया गया। हमारा समाज फिल्मी हीरो को अपना रोल मॉडल मानता है। उन्हीं की तरह रहन सहन को कॉपी करता है। ऐसे में महिलाओं के साथ हिंसा जैसे दृश्यों को दिखाना और उन्हें समाज द्वारा स्वीकार किया जाना सही नहीं है। फिल्म में महिलाओं के दोयम दर्जे के चित्रण को लेकर संसद में राज्यसभा सदस्य रंजीत रंजन ने टिप्पणी की। उनका कहना था कि 'एनिमल' जैसी फिल्में समाज में हिंसा और स्त्री द्वेष को बढ़ावा देती हैं। आश्चर्य की बात है कि हमारा समाज ऐसे चित्रण को जस्टिफाई कर रहा है। यह चिंतनीय विषय है। इनमें हिंसा और नेगेटिव रोल को हीरो की तरह पेश किया जा रहा है, जबकि हमारे देश में केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) है, जिसकी मंजूरी के बाद ही फिल्म को हरी झंडी मिलती है। बावजूद इसके ऐसी फिल्में बन रही है जो समाज के लिए एक 'बीमारी' की तरह है। सांसद में जो सवाल उठाए, वो गलत भी नहीं है। पितृसत्ता समाज की जड़ें बेहद गहरी हैं, एनिमल जैसी फिल्में इस बात का उदाहरण है। इस फिल्म के कथानक में एक पिता ही हर जगह मौजूद है। बेटे का पिता के लिए लगाव दिखाई भी देता है। मां उसके जीवन में कहीं नहीं है। फिल्म में चारों तरफ आदमियों की दुनिया है। उसमें औरतें हैं, पर किसी खास भूमिका में नहीं। इस फिल्म में नायिका की भूमिका को दोयम दर्जे का दिखाया गया है। कई दृश्यों में बहस करने पर उसे थप्पड़ भी मारे जाते हैं। इसी से समझा जा सकता है कि फिल्म में पुरुष और महिला के बीच किस हद तक असमानता है। इस फिल्म पर चर्चा इसलिए जरूरी हो जाती है, कि ऐसी फ़िल्में ही बहस छेड़ती हैं। औरतों को कितनी आजादी चाहिए? ऐसी फिल्में अलग तरह के समाज की कल्पना करती हैं, जिसमें औरतों के साथ गुलाम की तरह व्यवहार किया जाता है। पुरुष ये क्यों तय करें कि माँ, बहनें या फिर पत्नी क्या पहनेंगी, क्या पियेंगी! उनकी हिफाजत की ज़िम्मेदारी सदियों पहले भी मर्दों के हाथ में थी और आज भी है। आश्चर्य की बात है कि आज आधी आबादी पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है। धरती से लेकर आसमान की बुलंदियों तक अपनी कामयाबी का परचम लहरा रही है। लेकिन फिल्मों में महिलाओं को कमज़ोर और लाचार दिखाया जा रहा है जो सही नहीं है। अब फिल्मों में भी महिलाओं की भूमिका को मजबूत दिखाना होगा।

(लेखिका फ्रीलांसर एवं शोधार्थी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# मोदी गारंटी के युग में नया दायित्व, नई उम्मीद




भूपेंद्र सिंह
वरिष्ठ विधायक, भाजपा

विधानसभा अध्यक्ष चुने जाने के अवसर पर विशेष

2003 से लेकर 2023 तक के अंतराल में देश के हृदय मध्य प्रदेश में लंबी विकास यात्रा की है। 2003 में भाजपा ने 173 सीट जीत कर प्रदेश के सत्ता सूत्र संभाले थे। 2023 में भाजपा ने 163 सीट जीत कर दूसरी सबसे बड़ी जीत दर्ज की है। 2023 में भाजपा ने 2003 की तुलना में दस सीट जरूर कम जीती है लेकिन जनता का विश्वास पाने के मामले में यह अब तक की सबसे बड़ी विजय है। 2003 में 42 फीसदी वोट पाने वाली भाजपा ने सारे रिकार्ड तोड़ते हुए 2023 में सर्वाधिक 48 फीसदी वोट पाए हैं। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जनता के विश्वास के कारण संभव हुआ है। इस परिणाम से यह साबित हुआ है कि 'मोदी के मन में एमपी' है और 'एमपी के मन में मोदी' हैं।

मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार अब मोदी की गारंटी को मैदान में सच साबित करने के लिए प्राण प्रण से जुट गई है। जनता के इस भरोसे को कायम रखने का बड़ा जिम्मा विधायिका का है और विधायिका के संचालन का दायित्व पार्टी ने अपने सबसे विश्वसनीय, शांत और सुलझे हुए नेता दिमनी से विधायक नरेंद्र सिंह तोमर को सौंपा है। पार्टी के विश्वास पर हमेशा खरा उतरने वाले वरिष्ठ नेता नरेंद्र सिंह तोमर से एक बार फिर उम्मीद की गई है और इसमें कोई संदेह नहीं है कि अपने इस नए दायित्व को निभाने में भी वे सर्वश्रेष्ठ ही साबित होंगे।

हमने मध्यप्रदेश के राजनीतिक परिदृश्य और भाजपा नेताओं के परिश्रम को बीते वक्त में करीब से देखा है। 1970 के दशक में ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में एक युवा नेता अपने राजनीतिक कौशल और विचार शक्ति के कारण चर्चा में आया जो धीरे-धीरे अपने इन्हीं गुणों के कारण देश की राजनीति में पहचान बनाने में सफल हुआ। 12 जून 1957 को पोरसा में जन्मे इस युवक यानी नरेंद्र सिंह तोमर के कौशल को जान-समझ कर ही भाजपा ने 1977 में युवा मोर्चा का मंडल अध्यक्ष बना दिया था। तब से आरंभ हुई राजनीति की यह यात्रा विभिन्न पड़ावों से होते हुए मप्र विधानसभा के अध्यक्ष पद पर आरूढ़ होने तक आ पहुंची है। इस दौरान नरेंद्र सिंह तोमर के कार्य के विस्तार ने सत्ता और संगठन दोनों फलक पर शीर्ष को छुआ है। संगठन और सत्ता जहां-जहां उलझनों से दो-चार हुआ वहां-वहां नरेंद्र सिंह तोमर की उपस्थिति आवश्यक अनुभव की गई। संगठन में जहां मंडल अध्यक्ष, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष, राष्ट्रीय महामंत्री जैसे दायित्वों को निभाया। वहीं गुजरात चुनाव के सहप्रभारी, असम और हरियाणा चुनाव के प्रभारी के रूप में सत्ता के सूत्रधार की भूमिका को बखूबी संभाला है। और बात चुनाव की हो तो उन्होंने ग्वालियर नगर निगम के पार्षद से लेकर विधानसभा, लोकसभा और राज्यसभा में पार्टी प्रतिनिधित्व किया। मध्य प्रदेश संगठन को जब उनके कुशल नेतृत्व की आवश्यकता हुई तो उन्हें प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया और दोनों बार उनके कौशल का परिणाम था कि पार्टी सत्ता में पहुंची। जब केंद्र में भाजपा की सरकार बनी तो मध्यप्रदेश से जिस व्यक्ति के कैबिनेट में शामिल होने का विश्वास था वह नेता तोमर ही थे। 2014 में प्रधानमंत्री मोदी ने भविष्य का भारत गढ़ने के लिए जिस टीम का गठन किया उसमें नरेंद्र सिंह तोमर कर्मनिष्ठ सदस्य के रूप में शामिल किए गए। तब से लेकर अब तक पीएम मोदी के शासनकाल में तोमर का कद ऊंचा और कार्य विस्तारित हुआ है। वे इस्पात व खनन मंत्री बनाए गए थे लेकिन मोदी सरकार के पहले पांच साल पूरा होते-होते उनके पास कई अहम विभाग अतिरिक्त दायित्व के रूप में जुड़ते गए। ग्रामीण विकास, पंचायती राज, पेयजल और स्वच्छता मंत्री के पद पर रहते हुए उन्होंने जो कार्य किया है, वह नजीर बन कर उभरा है।





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूसरे कार्यकाल में वे कृषि मंत्री बनाए गए। कृषि प्रधान कहे जाने वाले देश में कृषि मंत्री का दायित्व कितना महत्पूर्ण है यह समझा जा सकता है। मंत्री रहते हुए तोमर ने कृषि को लाभ का व्यवसाय बनाने के संकल्प को पूरा करने में जुटे रहे। उन्होंने हर संभव प्रयत्न किया है कि हर तरह की आपदा से होने वाले किसानों के नुकसान को किसी तरह से न्यूनतम किया जा सके। 2019 में पीएम-किसान जैसी आय सहायता योजना की शुरुआत मील का पत्थर साबित हुई है जिसके तहत किसानों को 3 समान किस्तों में प्रति वर्ष 6,000 रुपए प्रदान किए जाते हैं। योजना के तहत 11 करोड़ से अधिक किसानों को 2.60 लाख करोड़ रुपए से अधिक जारी किए जा चुके हैं। साथ ही समर्थन मूल्यों में वृद्धि कर किसानों की आय बढ़ाना सुनिश्चित किया गया है। तोमर की पहल पर ही धान का एमएसपी को 2013-14 की 1,310 रुपए प्रति क्विंटल से बढ़ा कर वर्ष 2023-24 में 2,183 रुपए प्रति क्विंटल हो गया है। गेहूं की एमएसपी 2013-14 की 1,400 रुपए प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 2023-24 में 2,275 रुपए प्रति क्विंटल किया गया।

इसके लिए पर्याप्त बजट प्रावधान किए गए। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की तुलना में मोदी सरकार में कृषि बजट को बढ़ा कर सवा लाख करोड़ किया गया है। इससे पहले कृषि विभाग के लिए कभी इतना बजट नहीं दिया गया था। तोमर के कार्यकाल में कृषि के लिए वर्ष 2023-24 में 1,15,531.79 करोड़ रुपए का बजट है जबकि वर्ष 2013-14 में कृषि विभाग का बजट आवंटन केवल 21,933.50 करोड़ रुपए था।

तोमर के नेतृत्व में केवल कृषि का बजट ही नहीं बढ़ा बल्कि खाद्यान्न उत्पादन में रिकॉर्ड दर्ज हुआ। देश में कुल खाद्यान्न उत्पादन वर्ष 2013-14 में 265.05 मिलियन टन था जो वर्ष 2023-24 में बढ़कर 330.53 मिलियन टन हो गया है। यह अब तक का सबसे अधिक खाद्यान्न उत्पादन है। बागवानी उत्पादन भी 350.87 मिलियन टन था जो भारतीय बागवानी क्षेत्र का अब तक का सबसे अधिक है।

तोमर के कृषि मंत्री के कार्यकाल में ही देश में कृषि और संबद्ध वस्तुओं के निर्यात में जोरदार वृद्धि हुई। कृषि और संबद्ध निर्यात 2021-22 में 50.24 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2022-23 में 53.15 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है, यानी 5.79% की वृद्धि हुई हैं। शांत और सुलझे हुए नेता नरेंद्र सिंह तोमर के नेतृत्व में कृषि विभाग स्वर्णिम उपलब्धियां दर्ज कर रहा था तभी पार्टी नेतृत्व ने उन्हें प्रदेश की राजनीति में भेजा और दिमनी क्षेत्र से जनता ने भरपूर प्यार देकर उन्हें विधायक बना कर सदन में भेजा है।

तोमर के व्यक्तित्व को देखते हुए पार्टी ने उन्हें विधानसभा अध्यक्ष का दायित्व सौंपा है। जिस तरह पार्टी अध्यक्ष तथा केंद्रीय मंत्री रहते हुए तोमर ने विभिन्न मसलों को जिस कुशलता से सुलझाया है तथा समन्वयकारी नेतृत्व का परिचय दिया है, हमें उम्मीद है कि तोमर का वह रूप हमें सदन में दिखाई देगा। हमें पूरा विश्वास है कि पार्टी ने जिस उम्मीद और भरोसे के साथ तोमर को नई जवाबदेही सौंपी हैं, वे उस विश्वास पर हर बार की तरह खरे उतरेंगे। सत्ता पक्ष उनके सानिध्य में मध्य प्रदेश की विकास यात्रा का शीर्ष पाने के निर्णय लेगा तो विपक्ष को उनका संरक्षण मिलेगा और लोकतंत्र का मंदिर विधानसभा अपने संचालन में सर्वश्रेष्ठ रूप पाएगी। उनकी गंभीरता सदन की गरिमा के अनुरूप कार्य संचालन संभव कर पाएगी। जनता, कार्यकर्ता और पार्टी के विश्वास को सदैव पूर्ण करने वाले यशस्वी नेता नरेंद्र सिंह तोमर को नई भूमिका के लिए बधाई और शुभकामनाएं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# संघर्ष से आती है जीवंतता



संकलित
**दर्शन**

साधना संसार में है, जंगल में तो साधना का सवाल ही नहीं है। साधना यहां है, जहां प्रतिपल कांटे हैं। कांटों के बीच जिस दिन तुम चलना सीख लो और कांटों के बीच तो चलो और कांटे चुभें न, बस उसी दिन समझ लेना कि अब तुम योग्य हो गए। जंगल जाने की जरूरत भी क्या है। यहीं भीड़ में जंगल हो गया है, अगर तुम्हारे भीतर प्रौढ़ता आ जाए, तो प्रज्ञा का जन्म हो। प्रज्ञा का जन्म संघर्षण से होता है। प्रतिपल जीवन की चुनौतियों को स्वीकार करने से होता है। हारने, गिरने, उठने से होता है। हजार बार गाली दी जाएगी, तुम क्रोधित हो जाओगे। हजार बार के अनुभव से तुम्हें समझ में आ जाएगा कि अपने को जलाना व्यर्थ है। गाली कोई दूसरा दे रहा है, दंड अपने को देना व्यर्थ है। एक दिन तो ऐसा आएगा कि कोई दूसरा गाली देगा और तुम्हारे भीतर क्रोध न आएगा। उसी दिन तुम्हारे भीतर एक कांटा फूल बन गया। उस दिन तुम्हें जो शांति मिलेगी, कोई जंगल नहीं दे सकता। जंगल की शांति मुर्दा है। अगर यहां गालियों के बीच तुम शांत हो गए, तो तुम्हारी शांति में एक जीवंतता होगी। जंगल की शांति में सन्नाटा है, क्योंकि वहां कोई है ही नहीं। वह नकारात्मक है। संसार में अगर तुम शांत हो जाओ तो सकारात्मक है। जंगल की शांति मरने जैसी है, संसार की शांति बड़ी जीवंत है। परमात्मा को पाना है, तो भागना मत। भगोड़ों से परमात्मा का कभी कोई संबंध नहीं जुड़ता। कायरों से संबंध जुड़ भी कैसे सकता है? चुनौती स्वीकार करने वाला साहस चाहिए।

# झूठे आरोप का सामना धैर्य के साथ करें



संकलित
**प्रेरणा**

महाभारत की कथा है। उस समय द्वारका में सत्राजित नाम का व्यक्ति था, वह सूर्य भक्त था। उसकी भक्ति से प्रसन्न होकर सूर्य देव ने उसे स्यमंतक नाम की चमत्कारी मणि दी थी। इस मणि की खास बात ये थी कि ये हर रोज बीस तोला सोना देती थी। मणि की वजह से सत्राजित बहुत धनवान हो गया था। एक दिन श्रीकृष्ण ने सत्राजित से कहा कि आप ये मणि राजकोष में दे देंगे तो राज व्यवस्था के लिए हमें भी थोड़ा धन मिल जाएगा। श्रीकृष्ण की बात सुनकर सत्राजित ने मणि देने से मना कर दिया। सत्राजित की ना सुनकर श्रीकृष्ण वहां से अपने महल लौट आए। सत्राजित का एक भाई था प्रसेनजित। प्रसेनजित ने अपने भाई को बिना बताए उसकी स्यमंतक मणि ले ली और जंगल में शिकार खेलने चला गया। जंगल में एक शेर ने प्रसेनजित को मार दिया और खा गया। प्रसेनजित के पास से स्यमंतक मणि वही गिर गई। इधर सत्राजित को अपना भाई और मणि दिखाई नहीं दी तो उसने पूरी द्वारका में ये खबर फैला दी कि कृष्ण ने मेरी मणि चुराई है और मेरे भाई प्रसेनजित की हत्या कर दी है। श्रीकृष्ण ने विचार किया कि इस कलंक को मिटाना होगा। जंगल में श्रीकृष्ण को शेर के पंजों के निशान दिखाई दिए। वहीं पास में एक गुफा के बाहर कुछ बच्चे मणि से खेल रहे थे, श्रीकृष्ण ने मणि देख ली। उस गुफा में जामवंत रहते थे। श्रीकृष्ण गुफा में पहुंचे। गुफा में श्रीकृष्ण और जामवंत का युद्ध हुआ। युद्ध में श्रीकृष्ण जीते तो जामवंत ने अपनी पुत्री जामवती का विवाह श्रीकृष्ण से कर दिया और स्यमंतक मणि भी दे दी।

## सटाका




## आज की पाती

### सुप्रीम कोर्ट ने अदालतों को दिए सुनवाई में देरी को लेकर निर्देश

कोर्ट में जिरह में देरी के कारण समय पर फैसला नही मिलता है। फौजदारी केस की बात करे तो इसमें अपराधी को बहुत कुछ सहन करना पड़ता है। कोर्ट में बढ़ते केस की वजह से लोगों को समय पर न्याय नही मिल पाता है। यह आम लोगों की परेशानी है। अभी हाल में देश में पचीस करोड़ केस पेंडिंग है। इसमें आरोपी की मौत तक हो जाती है लेकिन उसकी फाइल का नम्बर नही आता है। कभी कभार सबूतो के अभाव में निर्दोष भी सजा का पात्र बन जाता है। तारीख पर तारीख सिलसिले का समाधान आज के परिपेक्ष्य में बढ़ते केसों का समाधान नही है लेकिन जनता को परेशानी का सबब बनता जा रहा है। कम संख्या के कारण न्यायाधीश उतने केस को निपटाने में असफल रहते है। *-कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## करंट अफेयर

# उत्तर कोरिया, अमेरिका के खिलाफ और आक्रामक होगा

उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने अपने देश की सबसे उन्नत मिसाइल के तीसरे परीक्षण के बाद अमेरिका के खिलाफ 'और अधिक आक्रामक कदम' उठाने की धमकी दी। समझा जाता है कि इस मिसाइल को मुख्य रूप से अमेरिका पर हमला करने के लिए ही तैयार किया गया है। किम के बयान से जाहिर है वह अपने बढ़ते मिसाइल शस्त्रागार को लेकर आश्वस्त हैं और वह संभवत: अमेरिका में अगले साल राष्ट्रपति चुनाव होने से पहले तक हथियार परीक्षण गतिविधियां जारी रखेंगे। बहरहाल, कई पर्यवेक्षकों का कहना है कि अगर उत्तर कोरिया यह साबित करना चाहता है कि उसके पास अमेरिका को निशाना बनाने वाली मिसाइल हैं तो उसके लिए अभी और महत्वपूर्ण परीक्षण करने की जरूरत है। 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) के अनुसार, किम ने कहा कि सोमवार को 'ह्वासोंग-18' अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल का प्रक्षेपण देखकर समझ आ गया होगा कि अगर अमेरिका 'उसके खिलाफ कोई गलत कदम' उठता है तो उत्तर कोरिया किस तरह अपना जवाब देगा। केसीएनए के अनुसार, किम ने 'अपने शत्रु के किसी भी सैन्य खतरे को नजरअंदाज नहीं करने और अधिक आक्रामक प्रतिक्रिया के साथ उनका मुकाबला करने' पर जोर दिया।



## ऑफ बीट

# जाने कुछ ब्लैक होल दूसरों से बड़े क्यों?

ब्लैक होल घने खगोलीय पिंड होते हैं, जिनका गुरुत्वाकर्षण इतना मजबूत होता है कि कुछ भी खुद में समेट लेते हैं, यहां तक कि प्रकाश भी, इससे बच नहीं सकता है। जो कुछ भी ब्लैक होल के गुरुत्वाकर्षण प्रभाव की सीमा को पार करेगा, वह ब्लैक होल में गिर जाएगा। इस गहरे, घने गड्ढे के अंदर, इसे फिर कभी नहीं देखा जा सकेगा। ब्लैक होल ब्रह्मांड में यहां-वहां फैले रहते हैं। हमारी आकाशगंगा जैसी आकाशगंगाओं में कुछ छोटे ब्लैक होल बेतरतीब ढंग से बिखरे हुए हैं। अन्य विशाल ब्लैक होल, जिन्हें 'सुपरमैसिव' ब्लैक होल कहा जाता है, आकाशगंगाओं के केंद्र में स्थित हैं। इनका वजन हमारे सूर्य के द्रव्यमान से दस लाख से एक अरब गुना तक हो सकता है। तो आप सोच रहे होंगे: खगोलशास्त्री संभवत: इतनी अंधेरी और इतनी बड़ी चीज़ कैसे देख सकते हैं? मैं एक खगोलशास्त्री हूं जो हमारे ब्रह्मांड में बने पहले सुपरमैसिव ब्लैक होल का अध्ययन करता है। मैं यह समझना चाहता हूं कि ब्लैक होल कैसे बनते हैं और वे किस प्रकार के खगोलीय माहौल में विकसित होते हैं। दो प्रसिद्ध वैज्ञानिकों, अल्बर्ट आइंस्टीन और कार्ल श्वार्ज़चाइल्ड ने सबसे पहले ब्लैक होल का विचार प्रस्तुत किया था।



## ट्रेंड

### सस्ते दामों पर उत्तम दवाई



जन औषधि परियोजना पीएम मोदी के 'अंत्योदय' और 'जन-कल्याण' के दृष्टिकोण पर आधारित है। कोई भी गरीब दवाई से वंचित ना रहे इसके लिए सस्ते दामों पर उत्तम दवाई उपलब्ध करवा रही हैं। आज 10,000 से अधिक जन औषधि केंद्र लोगों की सेवा में क्रियान्वित हैं।
**-मनसुख मंडाविया, केंद्रीय मंत्री**

### संसद में बयान नहीं देते



मोदी-शाह ने सदन की गरिमा का अपमान किया है। गंभीर सुरक्षा चूक के बावजूद वो संसद में आकर बयान नहीं देते। मुझे बहुत दु:ख है कि इतिहास में पहली बार इतने सांसदों को ससपेंड किया गया। ये लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाने जैसा है।
**-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

### आदतें मुश्किल से मिटती



पुरानी आदतें बड़ी मुश्किल से मिटती हैं। खासकर जब पुराने दोस्त मिलते हैं। अभी कुछ दिन पहले संसद के बाहर साथी सांसद रविशंकर प्रसाद से मुलाकात हुई। मिलने, अभिवादन और ईश्वर एक-दूसरे को आशीर्वाद देने के बावजूद.. जय बिहार! जय हिन्द!
**-शत्रुघ्न सिन्हा, टीएमसी नेता**

### तुरंत जुड़ जाती हैं आत्माएं



कुछ आत्माएं तुरंत जुड़ जाती हैं, चाहे सबसे अच्छे दोस्त के रूप में, आत्मीय साथी के या शब्दों से परे एक अनोखे बंधन में। आप इस व्यक्ति को उसकी हर चीज के लिए स्वीकार करते हैं, और वे आपको कभी सुंदर अपूर्ण स्व के अलावा कुछ और नहीं बनने देंगे।
**-हर्ष गोयनका, उद्योगपति**

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

मौत के कारणों की सही वजह जानने के लिए पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

# हार्ट अटैक, साइलेंट अटैक और सर्दी की वजह से गोविंदपुरा क्षेत्र में 3 लोगों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के गोविंदपुरा इलाके में तीन लोगों की मौत हो गई। हालांकि तीनों के मौत के कारण अलग-अलग है। सर्दी की वजह से भिखारी ने सड़क पर ही दम तोड़ दिया। वही हार्ट अटैक से भोजपाल मेले में दुकानदार की खड़े-खड़े ही मौत हो गई। 81 साल की बुजुर्ग कुर्सी पर बैठे-बैठे ही उन्होंने दम तोड़ दिया। गोविंदपुरा पुलिस ने तीनों ही मौत के मामलों पर मर्ग कायम कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गोविंदपुरा पुलिस का कहना है कि फिलहाल मौत के मामलों की सही वजह सामने नहीं आई है लेकिन ठंड और साइलेंट अटैक मौत के कारण प्रारंभिक जांच में सामने आए हैं।

**खास बातें**

- सर्दी की वजह से भिखारी ने सड़क पर ही दम तोड़ दिया
- हार्ट अटैक से भोजपाल मेले में दुकानदार की खड़े-खड़े ही मौत हो गई
- 81 साल की वृद्धा ने कुर्सी पर बैठे-बैठे ही तोड़ दिया दम

## मिर्गी की बीमारी का चल रहा था बुजुर्ग का इलाज

भेल से रिटायर्ड एनके वर्मा पुत्र केपी वर्मा 81 वर्षीय शक्ति नगर इलाके में रहते हैं। पुलिस ने बताया कि पिछले कई महीनों से मिर्गी की बीमारी की शिकार थे। उनका इलाज चल रहा था। दोपहर के समय खाना खाने के बाद धूप सेंकने के लिए बैठे हुए थे। इसी दौरान कुर्सी से गिर गए। पुत्र ने उन्हें कस्तूरबा अस्पताल ले कर पहुंचे वहां डॉक्टर ने चेक करने के दौरान उन्हें मृत्यु घोषित कर दिया। इसके बाद सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

### सामने ग्राहक, अचानक हो गई दुकानदार की मौत

भेल दशहरा मैदान में भोजपाल मेले में दुकानदार की मौत हो गई। कोई समझ नहीं पाया कि हार्ट अटैक आया है। पुलिस ने बताया कि 51 साल के जे एन भास्करन चेन्नई के रहने वाले हैं। भोजपाल मेले में दुकान लगाते हैं। रात करीब 11:30 बजे दुकान के बाहर ग्राहक सामान खरीद रहे थे। इसी बीच अचानक भास्करन जमीन पर गिर गए। उन्हें अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। इस दौरान डॉक्टर ने उन्हें मृत्यु घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आना बाकी है, लेकिन साइलेंट अटैक का मामला सामने आया है।

### झाड़ू लगाने वाले को दिखा कंबल में ढंका शव

आईएसबीटी बस स्टैंड में सड़क के किनारे सुबह झाड़ू लगाने वाले नगर निगम के कर्मचारियों को कंबल में ढ़का व्यक्ति सड़क पर पड़ा मिला। झाड़ू लगाते समय उसने उठने के लिए कहा, लेकिन युवक की और से कोई जवाब नहीं मिला। नगर निगम के कर्मचारियों ने देखा तो बेसुध हालत में पड़ा हुआ था। 108 को सूचना दी और उसे हमीदिया अस्पताल लेकर गए। डॉक्टर ने चेक किया तो युवक की मौत हो चुकी थी। गोविंदपुरा थाना पुलिस को अज्ञात 45 वर्षीय व्यक्ति की मौत की सूचना अस्पताल से मिली थी। सर्दी से मौत की वजह प्रारंभिक जांच में पाई गई है।

## एनसीसी मप्र-छग एलुमनी एसोसिएशन का गठन

**भोपाल।** मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के पूर्व एनसीसी कैडेटों की प्रगतिशील पहल के तहत एनसीसी मप्र-छग एलुमनी एसोसिएशन का गठन किया गया है। इस पहल का नेतृत्व भोपाल के पूर्व ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर संजय घोष के सहयोग से 1997 बैच के पूर्व एनसीसी कैडेटों ने किया है।

एसोसिएशन का उद्देश्य मप्र-छग राज्यों के सभी पूर्व एनसीसी कैडेटों को एक मंच पर लाना है, ताकि वे लोगों की मदद करने में परिवर्तन के एजेंट बन सकें। इसमें रोजगार के विभिन्न अवसरों की तैयारी के लिए पूर्व एनसीसी कैडेटों के लिए कोचिंग और ट्यूटोरियल के लिए बुनियादी ढांचे और अवसरों का निर्माण शामिल है।

अपर सत्र न्यायाधीश अतुल सक्सेना की कोर्ट ने सुनाया फैसला

## फर्जी दस्तावेज से प्लॉट बेचने वाले को 5 साल का कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मृत व्यक्ति के प्लाट को धोखाधड़ी कर कूट रचित फर्जी दस्तावेज बनाकर विक्रय करने के आरोप में मंगलवार को अपर सत्र न्यायाधीश अतुल सक्सेना के न्यायालय ने सीहोर निवासी आरोपी युसुफ को दोषी पाते हुए 5 वर्ष के कठोर कारावास के साथ 2 हजार रुपए के जुर्माना से दंडित किया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से अपर जिला लोक अभियोजक वासूदेव गोस्वामी ने पैरवी की। अभियोजन पक्ष के अनुसार परिवादी अमरीन के स्वर्गीय पति नईम खान ने अपने जीवन काल में पन्ना नगर सईद कॉलोनी निशातपुरा करोंद भोपाल में एक प्लॉट क्रय किया था। नईम खान की मृत्यु के बाद आरोपी ने उनके प्लॉट को धोखाधड़ी कर फर्जी दस्तावेज बनाकर नुजहत नामक महिला को विक्रय कर दिया था। परिवादी ने इसकी लिखित शिकायत 9 जून 2012 को पुलिस से की थी लेकिन पुलिस द्वारा परिवादी की शिकायत पर कोई कार्रावई न किए जाने पर परिवादी ने न्यायालय में निज परिवाद पत्र प्रस्तुत किया था।

**खबर संक्षेप**



### फुटबॉल खिलाड़ियों को किट वितरित

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में फुटबॉल ऐसोसिएशन द्वारा फुटबॉल खिलाड़ियों को किट वितरित की गई। फुटबॉल प्रशिक्षक नरेन्द्र सेन ने जानकारी देते हुए बताया कि मंडीदीप फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा पूर्व क्रिकेटर सुनील परमार और जिला हॉकी की उपाध्यक्ष रिजवान अली तथा फुटबॉल संरक्षक लखन सियोते मामा की तरफ से खिलाड़ियों को किट वितरण की गई है। उन्होंने बताया कि लगभग फुटबॉल में 45 बालक और 30 बालिकाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर रहीं हैं।

### बहु से छेड़छाड़ करने वाले ससुर को 1 साल की सजा

**भोपाल।** पूजा बौरासी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी के न्यायालय ने बहू के साथ अश्लील छेड़छाड़ करने के आरोपी ससुर दीपक अग्रवाल को भादंस की धारा-354 और 506 के अंतर्गत दोष सिद्ध पाते हुए 1 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2000 रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया है। उक्त प्रकरण में शासन की ओर से सहायक जिला लोक अभियोजन ज्योति कुजूर द्वारा पैरवी की गई है। अभियोजन पक्ष के अनसार फरियादिया ने पुलिस थाना गोविंदपुरा भोपाल में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 29 जनवरी 2015 को शाम करीब 7:30 बजे ससुर ने अश्लील छेड़छाड़ की।

### हरजीत सिंह मंगू का मनाया जन्मदिन

**औबेदुल्लागंज।** प्रदेश कार्यालय में हरजीत सिंह मंगू का जन्मदिव मनाया गया। सभी पदाधिकारी और नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने हरजीत सिंह मंगू को बधाई दी। रायसेन जिला अध्यक्ष मुमताज खान, देवेंद्र पटेल, सुरजीत सिंह बिल्ले, राजेश खटीक, साधु गौर, किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नवनिर्वाचित विधायक दिनेश गुर्जर ने भी बधाई दी।

### डॉ. वीरभान आडवाणी के निधन पर शोक

**संतनगर।** सिंधु नव जागरण



समिति के पूर्व अध्यक्ष व वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. वीरभान आडवाणी के निधन पर सामाजिक संगठनों, राजनेताओं ने शोक व्यक्त किया है। डॉ. आडवाणी का दाह संस्कार मंगलवार को संत हिरदाराम नगर विश्राम घाट पर किया गया। जहां पर पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष साबू रीझवानी ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि डॉक्टर आडवानी के योगदान को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। शोक व्यक्त करने वालों में वेदांत संत लाल साई,वरिष्ठ सेवी हीरो ज्ञानचंदानी, समिति के माधु चॉदवानी, आसनदास वाधवानी, राम पारदासानी, घनश्याम लालवानी, नरेश चोटरानी, पार्षद राजेश हिगोंरानी पार्षद अशोक मारन, सुशील वासवानी, तिलोकचंद दीपानी, रमेश जनयानी ,चंद्र प्रकाश इसरानी, रामचंद्र मूलचंदानी आदि शामिल है।

शाहपुरा थानांतर्गत रोहित नगर फेस-1 में हुई वारदात

# रिटायर्ड कर्मचारी के सूने मकान का ताला तोड़कर नगदी व जेवरात चोरी

**वारदात के समय पूरा परिवार पुणे-महाराष्ट्र गया हुआ था**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शाहपुरा थानांतर्गत रोहित नगर स्थित एक रिटायर्ड कर्मचारी के सूने मकान का ताला तोड़कर चोर नकदी समेत हजारों रुपए के जेवरात चोरी कर ले गए। वारदात के समय पूरा परिवार पुणे महाराष्ट्र गया हुआ था। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक गिरीशचंद श्रीवास्तव (65) आयुष विभाग के रिटायर्ड कर्मचारी हैं और रोहित नगर फेस-1 शाहपुरा में रहते हैं। बीती 17 सितंबर को वह घर पर ताला लगाकर काम से पुणे महाराष्ट्र चले गए थे। तीन महीने बाद 18 दिसंबर को वापस लौटे तो दोनों बेडरूम का सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी के ताले टूटे थे। चेक करने पर अलमारी में रखे 25 हजार रुपए नगद, सोने के हार दो सेट, सोने की अंगूठी, चांदी के दो गिलास, दो थाली, दो चम्मच नहीं थे। बदमाशों ने मकान की खिड़की की ग्रिल में लगे लोहे की राड को टेढ़ा करके भीतर प्रवेश किया था और वारदात के बाद उसी रास्ते से बाहर निकल गए। चोरी गए सामान की कीमत हजारों रुपए बताई गई है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।



### गुमठी का ताला तोड़कर गल्ले में रखे साढ़े चार हजार रुपए चोरी

**भोपाल।** कोतवाली स्थित एक पान की गुमठी का ताला तोड़कर चोरी गल्ले में रखे साढ़े चार हजार रुपए नगदी और पान मलासा समेत हजारों रुपए का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने दुकान मालिक की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक जगदीश सैनी (42) शिवनगर भानपुर थाना छोला मंदिर में रहते हैं और लोहा बाजार स्थित आदित्य प्लाजा में पान की गुमठी चलाते हैं। बीती 16 दिसंबर को जगदीश गुमठी में ताला लगाकर आदित्य प्लाजा के बेसमेंट में रखने के बाद घर चले गए थे। सोमवार सुबह करीब ग्यारह बजे वह दुकान पर पहुंचे तो गुमठी का ताला टूटा मिला। चेक करने पर गल्ले में रखे साढ़े चार हजार रुपए नगदी और पान मसाला समेत बीस हजार रुपए का सामान गायब था। पुलिस ने जगदीश की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### बड़े भाई ने डांटा तो छोटे भाई ने एसिड पी कर की खुदकुशी

**भोपाल।** मिसरोद इलाके में एक युवक ने एसिड पीकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने बताया कि जाटखेड़ी इलाके में रहने वाला 18 वर्षीय युवक लक्ष्मी अहिरवार मजदूरी करता था। पिछले कुछ दिनों वे वह ठीक तरह से अपने काम पर नहीं जा रहा था। दो दिन पहले उसके बड़े भाई ने रोजाना काम पर जाने की बात कही। इसी बात को लेकर जब लक्ष्मी बहस करने लगा तो बड़े भाई ने उसे डांट दिया। बड़े भाई का डांटना उसे इतना नागवार गुजरा कि लक्ष्मी ने एसिड पी लिया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां पर सोमवार को उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मर्ग कायम किया तथा जांच शुरू की।

### हनुमान मंदिर में चोरी करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार, 55 हजार का मशरूका बरामद

**भोपाल।** गांधीनगर थाना क्षेत्र स्थित मंदिर में चोरी करने के आरोप में पुलिस ने 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 55 हजार का मशरूका बरामद किया है। पुलिस के अनुसार फरियादी हरिनारायण मीणा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि ग्राम लाउखेड़ी में स्थित हनुमान मंदिर से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा हनुमानजी को चढ़े दो चांदी के छत्र व 1 हनुमानजी की छोटी मूर्ति को चोरी कर लिया है। सूचना पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपियों की तलाश में पुलिस ने टीम गठित की। विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर एक आरोपी हरीश कुशवाह को लाउखेडी सूरज नगर से हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसने अन्य साथी दीपक माली के साथ मिलकर घटना को अंजाम देना स्वीकारा। आरोपी के कथन के आधार पर आरोपी हरीश कुशवाह के कब्जे से लाउखेडी एवं दीपक माली के कब्जे से इंदौर के प्रकरण का संपूर्ण मशरूका बरामद किया गया है। आरोपियों से करीब 55 हजार रुपए कीमत का मसरूका बरामद हुआ है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।



मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर अर्जुन नगर तिराहे से पकड़ा

## शौक पूरा करने वाले चोरों से पुलिस ने बरामद की 6 बाइक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुलिस ने बताया कि पीएचई विभाग मे शासकीय कर्मचारी राहुल यादव पुत्र जमुना प्रसाद यादव (30) निवासी सरस्वती स्कूल के पास एन सेक्टर अयोध्यानगर से बाइक चोरी की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 31 अक्टूबर को अयोध्यानगर शराब की दुकान के पास से उनकी बाइक को कोई अज्ञात चोर चोरी ले गए।

मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर घेरा बंदी कर अर्जुन नगर तिराहा के पास से 2 संदिग्ध को वाहन के साथ पकड़ा। जिन्होंने पूछताछ में अपना नाम फैजान अब्बासी पिता अनीश अब्बासी (20) निवासी म.न. 515 ग.न. 2 सतनामी नगर थाना पिपलानी भोपाल, रितिक ठाकुर पिता स्व. जसवंत सिंह ठाकुर (20) निवासी गली न. 1 नाले के पास कल्याण नगर छोला मंदिर भोपाल ने होंडा स्वीस्टर चोरी करना स्वीकार किया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि शौक पूरा करने के लिए वाहनों की चोरी करते हैं। 6 दोपहिया वाहन चोरी करना स्वीकर किया। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 6 दोपहिया वाहन बरामद किए हैं।





### महिला पंचायत का पांचवां स्थापना दिवस मनाया

**संतनगर।** सिंधी महिला पंचायत की स्थापना के पांच वर्ष हो चुके हैं। इस अल्प अवधि में पंचायत नई समाज हित में कई कार्य किए हैं, जिसमें कई टूटे परिवारों को टूटने से बचाया है, जिससे उनको कोर्ट कचहरी जाने के झंझट से छुटकारा मिला। महिला पंचायत ने सामाजिक कुरितियो का भी बहिष्कार करवाया है। बच्चों की शादी समय पर करना अपने समाज के तीज त्यौहारों को मनाना आदि पर जोर दिया है। विवाह समारोह के रिसेप्शन में दूल्हा-दूल्हन समय पर पहुंचने पर मुहिम चलाई है, साथ ही शादी में कर्ज लेकर दिखावा न करना आदि पर भी जोर दिया है। महिला पंचायत अध्यक्ष किरण वाधवानी ने बताया कि पांचवें थापना दिवस पर मंगलवार को एक प्राइवेट स्कूल में कॉपियों का वितरण किया ओर सुखमनी पाठ साहिब के पाठ धर्म प्रचारक धर्म गुरु ग्रन्थ प्रभुदास की बेटी पदमा उदासी से करवाया। इस अवसर पर किरण वाधवानी, मयूरी मूरजानी, मुस्कान कृपलानी, रितिका साधवानी, मानसी गोलानी, लता लालवानी, नूतन लखवानी, नेहा आहूजा, किरण रुघवानी, नेहा आहूजा, पदमा उदासी, ज्योति देवना सहित कई महिला सदस्य उपस्थित रही।

### तलाकशुदा को शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल।** शाहजहांनाबाद इलाके में रहने वाली महिला करीब पांच साल से एक युवक के संपर्क में थी। दोनों का जब तलाक हो गया तो युवक ने महिला को शादी करने का झांसा दिया तथा शारीरिक शोषण करना शुरू कर दिया। पांच महीने तक ज्यादती करने के बाद उसने शादी से मना कर दिया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि 26 वर्षीय महिला शाहजहांनाबाद इलाके में रहती है तथा घरों में झाड़ू-पोंछा व खाना बनाने का काम करती है। उसका अपने पति से तलाक हो चुका है। करीब चार साल पहले वह समीर खान नाम के युवक के संपर्क में आई थी। करीब दो साल पहले समीर का अपनी पत्नी से तलाक हो गया। तलाक के बाद समीर ने महिला को शादी करने प्रस्ताव दिया, तो उसने शादी के लिए हामी भर दी। जल्द ही निकाह करने की बात कहते हुए उसने महिला के साथ शारीरिक संबंध बनाए।

## भाजपा स्थानीय नेताओं की जोड़ी चर्चा में, हो रही कानाफूसी

**औबेदुल्लागंज।** नगर में डॉ. भूपेंद्र नागर जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष और दीपू परमार पार्षद की पक्की जोड़ी ने भाजपा के बड़े नेताओं में हलचल मचा दी है। मंडल अध्यक्ष सोनू चौकसे, जिला भाजपा महामंत्री रविंद्र विजय की जोड़ी इन दिनों कई भाजपा के स्थानीय नेताओं में कानाफूसी हो रही हैं, कि वे इन दोनों नेताओं की कार्य प्रणाली से असंतुष्ट हैं। आनंद पांडेय और माधव यादव तो जब से डॉक्टर मोहन यादव मुख्यमंत्री बने तब से ज्यादा खुश हैं।

वरिष्ठ कन्हैया नंदवंशी, सुरजीत सिंह गिल, अशोक यादव पितामाह के रूप में सबको समझाइश देते हैं। डॉक्टर कैलाश विनय, मछुआरा बोर्ड पूर्व अध्यक्ष का कहना है कि मैं तो पटवा का फैन हूं। इधर, तीन पार्षद राजेंद्र गुड्डु साहू, पार्षद सुजीत यादव, पार्षद सुनील सेरिया नपा अध्यक्ष के हुकुम के इक्के हैं। वहीं सीएमओ सोनाली शर्मा और अध्यक्ष पति सोनू चौकसे कुंभ राशि के होने से सब ठीक हो रहा है। पार्षद आमिर सन ममनून और पार्षद नरेश सेठी परेशान हैं। अनिल अरोड़ा ने फिर से नपा अध्यक्ष के पति सोनू चौकसे से दोस्ती का हाथ बड़ा लिया है।

## बड़े-बड़े कांग्रेस दिग्गजों को पटवा ने हराया

**औबेदुल्लागंज।** भोजपुर क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र पटवा लगातार 2013- 2018 एवं 2023 में कांग्रेस के दिग्गजों को भारी मतों से हारते आ रहे हैं। 2013 में पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदेश अध्यक्ष सुरेश पचौरी को लगभग 20000 मतों से हराया फिर पुनः 2018 में लगभग 30000 और अब 2023 में पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल को 40,779 मतों से हराया। दिग्गजों को हराने में हर बार 10000 मतों का इजाफा हुआ है। 2023 में पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल को हराने में 11000 से ज्यादा मत मिले। भोजपुर क्षेत्र में 1985 से पूर्व मुख्यमंत्री सुंदरलाल पटवा ने कांग्रेस के दिग्गजों को पटकनी दी थी। हाईकोर्ट के वकील जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय धाकड़ को हराया। कांग्रेस के दिग्गज अजय सिंह राहुल और 1993 में पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल को हराया था। पटवा की देन है कि भोजपुर क्षेत्र में कांग्रेस तो है मगर फूल छाप कांग्रेसी 99 फीसदी हैं। कांग्रेस मात्र एक प्रतिशत ही बची है हर चुनाव में फूल छाप कांग्रेस का चेहरा बदल जाता है



## ध्वनि विस्तारक यंत्रों के नियम विरुद्ध प्रयोग पर कार्रवाई के लिए उड़नदस्ता दल गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में मप्र शासन के गृह विभाग द्वारा धार्मिक स्थलों एवं अन्य स्थानों में ध्वनि विस्तारक यत्रों लाउडस्पीकर, डीजे, संबोधन प्रणाली के अनियंत्रित व नियम विरुद्ध प्रयोग पर नियंत्रण तथा कार्रवाई के लिए दिशा-निर्देश दिए किए गए हैं।

जिला दण्डाधिकारी अरविंद दुबे द्वारा शासन के निर्दशों के परिपालन में रायसेन जिले में अपर जिला दण्डाधिकारी अभिषेक दुबे को नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए तहसीलवार उड़नदस्तों में गौहरगंज तहसील के लिए उड़नदस्ते में नीलेश सरवटे, प्रभारी नायब तहसीलदार गौहरगंज, ओमप्रकाश पाठक केवी एएसआई गौहरगंज तथा देवेन्द्र पाल सिंह, एसआई औबेदुल्लागंज की ड्यूटी लगाई गई है। इनके अतिरिक्त देवेन्द्र शुक्ला नायब तहसीलदार गौहरगंज तथा अमर सिंह निगम एसआई मण्डीदीप, रमेश प्रताप राय एसआई सतलापुर, जीतेन्द्र रानवे केवी एएसआई उमरावगंज और अशोक कुमार गौर केवी एएसआई नूरगंज की भी उड़नदस्ते में ड्यूटी लगाई गई है। गठित उड़नदस्ता दल में शामिल तहसीलदार या नायब तहसीलदार, थाना प्रभारी या पुलिस अधिकारी और मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड मंडीदीप द्वारा नामित अधिकारी संगीता आरदानी मुख्य रसायनज्ञ के साथ संबंधित क्षेत्र में ध्वनि मानकों को क्रियान्वित करने के लिए शासन के दिशा-निर्देशों का पालन कराया जाना सुनिश्चित करेंगे।

## नगर पालिका ने 5 किलो सिंगल यूज पॉलिथीन थैलियां की जब्त

**मंडीदीप।** नगर पालिका ने सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध अभियान के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए 5 किलोग्राम पोलिथिन की थैलियां जब्त की है। लोगों को पॉलिथीन की थैलियों का उपयोग नहीं करने के लिए भी जागरूक किया। नगर पालिका सीएमओ सुधीर उपाध्याय ने बताया कि निकाय को कचरा मुक्त एवं प्रदूषण मुक्त शहर बनाने में शासन के निर्देश अनुसार विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं, जिसमें औद्योगिक नगर में नगर पालिका द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध अभियान चलाया जा रहा हैं। इसकी रोकधाम के लिए गठित की गई टीम ने सोमवार को कस्बे की विभिन्न दुकानों से 5 किलोग्राम पॉलिथीन जब्त की है और दुकानदारों को चेतावनी दी कि अब उनके पास पॉलिथीन की थैलियां पाई जाने पर उनका चालानी कार्रवाई की जाएगी।



जनसुनवाई में 82 लोगों ने शिकायती आवेदन किए पेश

# बहू से तंग आकर बेटे ने लगाई फांसी, सास-ससुर को भी सताया, पीड़ित बुजुर्ग ने कलेक्टर से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आचार संहिता खत्म होने के बाद दूसरी जनसुनवाई में आवेदकों की तादाद बढ़ गई। सुबह 11 बजे से शरू हुई जनसुनवाई में दोपहर एक बजे तक 82 लोगों ने शिकायती आवेदन पेश किए, जिसमें से अधिकतर में कार्रवाई के निर्देश अफसरों को दिए गए।

रामभरोसे यादव पिता कन्हैया लाल उम्र 62 निवासी सांची दूध डेयरी के पास करारिया फार्म ने शिकायत दर्ज कराई है कि मेरे छोटे बेटे राकेश यादव ( 35) की शादी 12 साल पहले रचना यादव निवासी ढोडई तहसील बाबई जिला होशंगाबाद से शादी की गई थी। बहू आए दिन किसी न किसी बात पर मुझसे झगड़ा करती है। कुछ दिन पहले रचना और छोटे बेटे राकेश के बीच विवाद हो गया, जिसके बाद बेटे ने फांसी लगाने की कोशिश भी की। यह दोनों मेरे घर में रहते है, जबकि मैं और मेरी पत्नी किराए के मकान में रहते हैं। पीड़ित ने बहू पर कार्रवाई करने की मांग की है। कलेक्टर आशीष सिंह ने मामले की जांच पुलिस उपायुक्त को सौंपी है।



### सीमांकन की रिपोर्ट देने आरआई ने मांगे पांच हजार

दीपक कुशवाह पिता लालाराम निवासी कुटकीपुरा बैरसिया ने शिकायत दर्ज कराई है कि मेरी जमीन का रकबा 0.730 हेक्टेयर है। दिसंबर 2022 में नायब तहसीलदार सुनील शर्मा ने मेरी जमीन को लेकर सीमांकन का आदेश जारी किया था। राजस्व निरीक्षक रामकृष्ण दुबे ने सीमांकन की रिपोर्ट पेश करने के लिए पांच हजार रुपए की मांग रखी है। पैसे नहीं देने पर राजस्व निरीक्षक फील्ड बुक जमा नहीं कर रहे हैं।

### उज्जवला में मिला गैस सिलेंडर फटा, एक की मौत

अप्रैल 2023 को फकीर मोहल्ला बैरसिया निवासी शायदा बी ने बताया कि मेरी बेटी को मिले उज्जवला गैस सिलेंडर को जैसे ही मैंने जलाया उसमें विस्फोट हो गया, जिससे मैं, हसीब शाह और पोता हसन शाह बुरी तरह आग से झुलस गए। बेटे की इलाज के दौरान हमीदिया अस्पताल में मौत हो गई। हसीब परिवार में इकलौता कमाने वाला था। उसकी मौत की वजह से परिवार का भरण पोषण करना मुश्किल हो रहा है, जिसको लेकर बुजुर्ग ने आर्थिक सहायता देने की मांग रखी है। मामले की जांच बैरसिया एसडीएम विनोद सोनकिया को सौंपी गई है।


ग्राम तामोट और इकलवाड़ा में हुआ आयोजन

## विकसित भारत संकल्प यात्रा में सौंपे लाखों के प्रमाण-पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

विकसित भारत संकल्प यात्रा का मंगलवार को ग्राम तामोट और इकलवाड़ा में आयोजन हुआ। इस दौरान विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत अनेकों हितग्राहियों को लाखों रुपए के प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

इस अवसर पर जनपद सदस्य सुलेखा चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी और विश्वास से महिलाओं को संपन्न बनाने एवं गांव-गांव के विकास के लिए संकल्प यात्रा से जागरूकता बढ़ेगी। एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव, सीईओ युक्ति शर्मा, बीआरसी शिवनारायण चौहान, तहसीलदार प्रीति नागेंद्र, बीसी निशा पटेल, भाजपा नेता रविंद्र विजयवर्गीय, गुड्डु साहू, जनपद अध्यक्ष प्रीति चौकसे, कोमल चौहान, नवंकूर, रामकिशोर चौहान, रामपाल सिंह, संजीव चौहान, बाबूलाल चौहान, रामस्वरूप नागर, हेमराज चौहान, प्रेम नारायण सोनी, तामोट सरपंच कपिल मेहरा, सरपंच सचिव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल रहे।



राम मंदिर में अभिषेक समारोह

# आडवाणी और जोशी को मिला आमंत्रण, विहिप ने दिया बुलावा

22 जनवरी को अभिषेक समारोह की तैयारियां जोरों पर हैं। इसमें प्रधानमंत्री मोदी शामिल होंगे। प्रतिष्ठा समारोह के बाद 24 जनवरी से उत्तर भारत की परंपरा के अनुसार 48 दिनों तक मंडल पूजा होगी। वहीं, 23 जनवरी से आम लोग रामलला के दर्शन कर सकेंगे

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी और पूर्व केंद्रीय मंत्री मुरली मनोहर जोशी को अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आने का निमंत्रण मिल गया है। आडवाणी और जोशी राम मंदिर आंदोलन के अग्रणी नेताओं में रहे हैं। विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय कार्याध्यक्ष आलोक कुमार ने दोनों दिग्गज नेताओं को मंगलवार को निमंत्रण दिया।

राम मंदिर आंदोलन के अग्रणी नेताओं में दोनों शुमार, कहा- आने का प्रयास रहेगा



विहिप के कार्याध्यक्ष आलोक बोले

## दोनों वरिष्ठों से की आंदोलन के बारे में बात



*आलोक कुमार ने कहा कि राम मंदिर आंदोलन के पुरोधा लाल कृष्ण आडवाणी जी और डॉ. मुरली मनोहर जोशी को अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आने का आमंत्रण दिया। रामजी के आंदोलन के बारे में बात हुई। दोनों वरिष्ठों ने कहा कि वह आने का पूरा प्रयास करेंगे। प्रतिष्ठा समारोह के बाद 24 जनवरी से उत्तर भारत की परंपरा के अनुसार 48 दिनों तक मंडल पूजा होगी। वहीं, 23 जनवरी से आम लोग रामलला के दर्शन कर सकेंगे।*

### स्वास्थ्य कारणों से न आने का अनुरोध किया था



श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव ने कहा था

इससे पहले खबर थी कि स्वास्थ्य और उम्र के कारण दोनों नेताओं को कार्यक्रम का आमंत्रण नहीं भेजा गया। दोनोंसे रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल नहीं होने का अनुरोध किया था। निर्माण के लिए गठित श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा था कि दोनों परिवार के बुजुर्ग हैं और उनकी उम्र को देखते हुए उनसे न आने का अनुरोध किया गया, जिसे दोनों ने स्वीकार कर लिया है। आमंत्रित लोगों की सूची देते हुए राय ने कहा, उम्र संबंधी कारणों से आडवाणी और जोशी शायद अभिषेक समारोह में शामिल नहीं होंगे। आडवाणी अब 96 साल के हैं और जोशी अगले महीने 90 साल के हो जाएंगे।

### 150 साधु-संत और 13 अखाड़े शामिल होंगे

*उन्होंने कहा कि विभिन्न परंपराओं के 150 साधु-संतों और 6 दर्शन परंपराओं के शंकराचार्यों सहित 13 अखाड़े इस समारोह में भाग लेंगे। कार्यक्रम में लगभग चार हजार संतों को आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा 2200 अन्य मेहमानों को भी आमंत्रण भेजा गया है।*

---

## खबर संक्षेप

### पीएम जनधन योजना 51 करोड़ लाभान्वित



**नई दिल्ली।** बैंकिंग सेवाओं से वंचित नागरिकों के सशक्तिकरण के लिए प्रधानमंत्री जन धन योजना की शुरुआत की गई थी। अब इस योजना से करीब 51 करोड़ लोग लाभान्वित हो चुके हैं। वित्त मंत्रालय ने बताया योजना ने बैंकिंग सेवाओं से वंचित नागरिकों के सशक्तिकरण में अहम भूमिका निभाई है। इस योजना के कुल लाभार्थियों में से 55.5 फीसदी महिलाएं हैं।

### बंगाल के 'कैद' मंत्री के दफ्तर में ईडी का छापा



**कोलकाता।** ईडी की एक टीम ने करोड़ों रुपए के कथित राशन वितरण घोटाले की जांच के सिलसिले में गिरफ्तार वन मंत्री ज्योतिप्रियो मल्लिक के कार्यालय की मंगलवार को तलाशी ली। एजेंसी के अधिकारी घोटाले से जुड़े कुछ दस्तावेजों की तलाश में साल्ट लेक में 'अरण्य भवन' स्थित मलिक के कार्यालय गए थे। संदेह है कई अहम दस्तावेज छिपाए होंगे।

### मंत्री पोनमुडी नहीं होंगे बरी, 21 को सजा तय



**चेन्नई।** उच्च शिक्षा मंत्री और द्रमुक नेता के पोनमुडी और उनकी पत्नी पी विशालाक्षी को मद्रास उच्च न्यायालय से झटका लगा है। कोर्ट ने1.75 करोड़ की आय से अधिक संपत्ति के मामले में उनकी बरी करने के निचली अदालत के आदेश को रद्द कर दिया। न्यायमूर्ति जी जयचंद्रन ने मंत्री और पत्नी को 21 दिसंबर को सजा का ऐलान करेंगी। उन्हें मौजूद रहने को कहा है।

### ज्ञानवापी मस्जिद से जुड़ी सभी याचिकाएं खारिज



**वाराणसी।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वाराणसी के ज्ञानवापी मस्जिद और विश्वेश्वर मंदिर विवाद मामले में सुनवाई करते हुए दाखिल सभी याचिकाएं खारिज कर दी। कोर्ट ने सर्वे जारी रखने की छूट दी है और कहा कि सर्वे रिपोर्ट कोर्ट में दाखिल हो। जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल ने कहा है कि वाराणसी जिला अदालत में चल रहा वाद सिविल वाद प्लेसेस आफ वर्शिप एक्ट से बाधित नहीं है।

### सभी सांसदों का निलंबन वापस लिया जाए: ओवैसी



**नई दिल्ली।** लोकसभा और राज्यसभा से 141 विपक्षी सांसदों के निलंबन पर एआईएमआईएम के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने मोदी सरकार पर हमला किया है। उन्होंने कहा कि निलंबन वापस लिया जाना चाहिए। संसद को भाजपा की चिंतन बैठक की तरह नहीं चलाया जा सकता है। यह ठीक नहीं है। यदि विपक्षी सांसदों को निलंबित कर दिया जाए तो लोकतंत्र में क्या बचता है?

---

दिल्ली में विपक्षी गठबंधन की बैठक, कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए कसी कमर

# मुकुल वासनिक को सौंपी संयोजक की जिम्मेदारी! गहलोत-बघेल को भी स्थान

*सीट के बंटवारे, साझा जनसभाओं और नए सिरे से रणनीति पर करेंगे चर्चा*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए गठबंधन और सीटों के बंटवारे को अंतिम रूप देने के मकसद से मंगलवार को पांच सदस्यीय राष्ट्रीय गठबंधन समिति का गठन किया। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल के अनुसार कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुकुल वासनिक इस समिति के संयोजक होंगे। हालांकि अभी गोषणा होना बाकी है।

■ राष्ट्रीय गठबंधन समिति की 5 सदस्यीय कमेटी गठित

इस समिति में राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पार्टी के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद और मोहन प्रकाश भी शामिल हैं। कांग्रेस ने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की बैठक शुरू होने से कुछ देर पहले इस समिति की घोषणा की है। विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के घटक दलों के प्रमुख नेताओं की बैठक में अगले लोकसभा चुनाव के लिए सीट के बंटवारे, साझा जनसभाओं और नए सिरे से रणनीति बनाने समेत कई मुद्दों पर चर्चा होगी।



### कांग्रेस के खराब प्रदर्शन पर भी की बात

यह बैठक हाल में संपन्न विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के खराब प्रदर्शन की पृष्ठभूमि में हो रही है। राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा है। माना जा रहा है कि इस बैठक में सकारात्मक एजेंडा तय करने, सीट के बंटवारे, नए सिरे से रणनीति बनाने, और साझा जनसभाओं को लेकर मुख्य रूप से चर्चा संभव है।

### 27 दलों के नेताओं ने की शिरकत

विपक्ष के सामने सबसे बड़ी चुनौती यूपी, पंजाब, दिल्ली, केरल और पश्चिम बंगाल में सीटों का बंटवारा करना है। बैठक में 27 दलों के नेता पहुंचे हैं। इनमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, नीतीश कुमार, ममता बेनर्जी, अरविंद केजरीवाल, एमके स्टालिन, शरद पवार, लालू यादव, तेजस्वी यादव, अखिलेश यादव और जयंत चौधरी शामिल हैं।

### खरगे, सोनिया समेत ये नेता रहे शामिल

*अशोक होटल में आयोजित इस बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी और संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, जनता दल (यू) से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राजीव रंजन सिंह, शिवसेना (यूबीटी) से उद्धव ठाकरे और आदित्य ठाकरे, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की महबूबा मुफ्ती, अपना दल (के) से कृष्णा पटेल एवं पल्लवी पटेल और कई अन्य नेता शामिल हैं।*

शिवसेना का कांग्रेस पर निशाना

### रथ में 27 घोड़े हैं, लेकिन सारथी नहीं



विपक्षी गठबंधन इंडिया के घटक दलों की बैठक मंगलवार को दिल्ली में होगी। इस मीटिंग में अगले लोकसभा चुनाव के लिए सीट के बंटवारे, साझा जनसभाओं और नए सिरे से रणनीति बनाने समेत कई मुद्दों पर चर्चा होगी। यह बैठक दोपहर तीन बजे दिल्ली के अशोका होटल में होगी। उससे पहले शिवसेना (यूबीटी) के मुखपत्र 'सामना' के संपादकीय के जरिए कांग्रेस को बड़ी नसीहत दी गई है। इसमें पार्टी को अहंकार और मतभेद छोड़कर क्षेत्रीय दलों को उचित सम्मान देने को कहा है। 'इंडिया का रथ! सारथी कौन' शीर्षक से लिखे संपादकीय में कहा गया, 2024 की लड़ाई मोदी-शाह की नई भाजपा से है। इसके साथ ही ईवीएम, इफरात पैसा और केंद्रीय जांच एजेंसियों से भी है। इन सबके दम पर मोदी मंडल ने अब की बार चार सौ पार का आंकड़ा सेट कर दिया है। ऐसे समय में बड़े भाई के तौर पर कांग्रेस को आगे आकर एकता का जज्बा दिखाना चाहिए।

ममता ने अभिषेक और उद्धव से कहा

### हिम्मत जुटाएं, कुछ तो निकालेंगे...



दिल्ली में इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस यानी आईएनडीआईए गठबंधन की मीटिंग हो रही है। इंडिया अलायंस की इस बैठक से पहले का एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी अपने भतीजे अभिषेक बेनर्जी के साथ दिखाई दे रहीं हैं। उनके साथ उद्धव ठाकरे हैं जिन्हें ममता बेनर्जी धैर्य रखने के लिए कह रही हैं। ममता उद्धव से कह रही हैं कि हिम्मत से काम लो, कुछ न कुछ तो हल निकालेंगे।

---

*गृहमंत्री शाह ने आपराधिक कानून संशोधन से जुड़े 3 बिल किए पेश*

# कानूनी व्यवस्था को बेहतर प्रक्रिया को सरल बनाएंगे



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गृह मंत्री अमित शाह ने आपराधिक कानून संशोधन से जुड़े तीन नए बिल लोकसभा में पेश किए हैं। लोकसभा में सीआरपीसी, आईपीसी की जगह भारतीय न्यायिक संहिता विधेयक-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 और भारतीय साक्ष्य विधेयक-2023 पेश किया गया है।

इनके बारे में कहा गया है, भारतीय न्यायिक संहिता विधेयक- 2023 को लाने का कारण कानूनी व्यवस्था को और बेहतर बनाना और इसकी प्रक्रिया को सरल बनाना है। लोकसभा बिल पेश करने के दौरान कहा गया कि अहम बिलों पर विचार का मकसद आपराधिक कानूनों में सुधार करना है। इन विधेयकों को शुरुआत में गृह मंत्री शाह ने मानसून सत्र में पेश किया था और इन्हें संसदीय स्थायी समिति के पास भेजा गया था।

### 175 धाराएं बदल जाएंगी और 8 नई धाराएं जुड़ेंगी

आईपीसी में फिलहाल 511 धाराएं हैं। इसके स्थान पर भारतीय न्यायिक संहिता लागू होने के बाद इसमें 356 धाराएं रह जाएंगी। यानी 175 धाराएं बदल जाएंगी। 8 नई धाराएं जोड़ी जाएंगी, 22 धाराएं हटाई जाएंगी। इसी तरह सीआरपीसी में 533 धाराएं रह जाएंगी। 160 धाराएं बदलेंगी, 9 नई जुड़ेंगी, 9 खत्म होंगी। सुनवाई तक पूछताछ वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए करने का प्रावधान होगा, जो पहले नहीं था।

### 3 साल के भीतर देना होगा फैसला

सबसे बड़ा बदलाव ये है कि अब ट्रायल कोर्ट को हर फैसला अधिकतम 3 साल के भीतर देना होगा। देश में 5 करोड़ मामले लंबित हैं। इनमें से 4.44 करोड़ मामले ट्रायल कोर्ट में हैं। इसी तरह जिला अदालतों में जजों के 25,042 पदों में से 5,850 पद खाली हैं। तीनों बिलों को जांच के लिए संसदीय समिति के पास भेज दिया गया है। इसके बाद इन्हें लोकसभा और बाद में राज्यसभा में पारित कराया जाएगा।

---

संजय की मुश्किलें बढ़ेंगी!

## शराब मामले में ईडी की चार्जशीट कोर्ट में 21 को हाजिर होना होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने पेश होने का आदेश दिया है।

विशेष सीबीआई न्यायाधीश एमके नागपाल ने संजय को तलब करने के लिए प्रोडक्शन वारंट जारी किया है। 21 दिसंबर को कोर्ट में पेश हों। पिछले हफ्ते सिंह के वकील और ईडी की दलीलें सुनने के बाद जमानत याचिका अर्जी पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था।

### उत्पाद शुल्क नीति मामले में आरोप पत्र दायर किया



अदालत ने ईडी को दो दिनों के भीतर लिखित दलीलें दाखिल करने का भी निर्देश दिया था। सिंह के वकील को एक दिन के भीतर जवाब दाखिल करने का भी निर्देश दिया था। इस महीने की शुरुआत में ईडी ने उत्पाद शुल्क नीति मामले में आप सांसद संजय सिंह के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था।

कोविड मामले पर कर्नाटक सरकार अलर्ट

## फेस मास्क पहनें और भीड़-भाड़ वाले स्थानों में जाने से बचें लोग

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कोविड के बढ़ते केस पर कर्नाटक सरकार ने एडवाइजरी जारी की है। सरकार ने वृद्ध, गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों, गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं को बाहर जाने पर मास्क पहनने व भीड़-भाड़ वाले इलाकों में जाने से बचने को कहा है।

केरल और तमिलनाडु की सीमा से लगे जिलों में अधिकारियों को सतर्क रहने को कहा गया है। देश में जेएन.1 सब वैरिएंट के उद्भव, सर्दी और नए साल के उत्सव के दौरान अलर्ट दिया है।

### कोई भी लक्षण दिखें तो डॉक्टर से सलाह लें



जारी एडवाइजरी में कहा गया है कि बुखार, खांसी, सर्दी और नाक बहने जैसे श्वसन संबंधी लक्षणों वाले सभी लोगों को शीघ्र डॉक्टरों से परामर्श लेना चाहिए। मरीजों को फेस मास्क पहनना चाहिए और बंद, खराब हवादार स्थानों और भीड़-भाड़ वाले इलाकों में जाने से बचना चाहिए।

*राज्यसभा को केंद्र सरकार ने दी जानकारी*

## 2921 दवाएं अमानक और 422 नकली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सरकार ने राज्यसभा को बताया कि अप्रैल 2022 से मार्च 2023 के बीच दवाओं के 89,729 नमूनों की जांच की गई जिनमें से 2,921 दवाएं मानक गुणवत्ता की नहीं पाई गईं, जबकि 422 की पहचान नकली दवा के रूप में हुई।

स्वास्थ्य राज्य मंत्री भारती प्रवीण पवार ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के औषधि नियंत्रकों से प्राप्त सूचना के अनुसार नकली, मिलावटी दवाओं के निर्माण, बिक्री और वितरण के लिए 642 अभियोजन शुरू किए गए जबकि इसी अवधि के दौरान 262 लोगों को गिरफ्तार किया गया।



इसमें राजस्थान के आंकड़े शामिल नहीं हैं। पवार ने पिछले साल का ब्योरा देते हुए कहा कि अप्रैल 2021 से मार्च 2022 के बीच 88,844 नमूनों की जांच की गई जिनमें से 2,545 नमूनों को मानक गुणवत्ता के अनुकूल नहीं पाया गया जबकि 379 नमूने नकली पाए गए। नकली, मिलावटी दवाओं के निर्माण, बिक्री और वितरण के लिए 592 अभियोजन शुरू किए गए और 450 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

### 200 से अधिक कार्रवाई

*मंत्री ने कहा कि निरीक्षण के निष्कर्षों के आधार पर, राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरणों द्वारा औषधि नियम 1945 के प्रावधानों के अनुसार कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इसके अलावा उत्पादन रोकने का आदेश देने, निलंबन, लाइसेंस उत्पाद लाइसेंस रद्द करने आदि जैसी 200 से अधिक कार्रवाई की गई है।*

---

पीएम ने युवाओं से स्मार्ट हैथकॉन के ग्रैंड फिनाले में शामिल होने किया आग्रह

# देश की प्रगति यात्रा को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएं

*मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रतिभागियों से जुड़े*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि वे स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2023 के ग्रैंड फिनाले के प्रतिभागियों के साथ बातचीत को उत्सुक हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि मैं अग्रणी नवप्रवर्तकों (इनोवेटर्स) के साथ शामिल होने के लिए उत्सुक हूं। यह 23 दिसंबर तक चलेगा।

सोशल मीडिया हैंडल एक्स (एक्स ) पर पीएम मोदी ने कहा कि मुझे हमारे युवाओं द्वारा किए जा रहे रिकॉर्ड नवाचारों के बारे में और अधिक जानकर खुशी हो रही है, जिनके परिणाम भारत की प्रगति यात्रा को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि मैं आपसे कार्यक्रम में शामिल होने और हमारी युवा शक्ति का समर्थन करने का आग्रह करता हूं।

### प्रतिभागियों के साथ की बातचीत

पीएम मोदी ने मंगलवार रात 9:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2023 के ग्रैंड फिनाले के प्रतिभागियों के साथ बातचीत की। इस अवसर पर वे प्रतिभागियों को संबोधित भी किया और उनके विचारों को भी जाना। उनसे सुझाव भी लिए।



### एसआईएच का ग्रैंड फिनाले 23 तक होगा आयोजित

इस साल एसआईएच का ग्रैंड फिनाले 19 से 23 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है। एसआईएच 2023 में, 44,000 टीमों से 50,000 से अधिक विचार प्राप्त हुए, जो पहले एसआईएच की तुलना में लगभग सात गुना वृद्धि को दर्शाता है।

### इसका पुरस्कार 2 करोड़ रु. से अधिक

भाग लेने वाली टीमें 25 केंद्रीय मंत्रालयों और राज्य सरकारों के 51 विभागों द्वारा पोस्ट किए गए 231 समस्या विवरणों (176 सॉफ्टवेयर और 55 हार्डवेयर) का समाधान प्रदान करेंगी। स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2023 का कुल पुरस्कार 2 करोड़ रुपए से अधिक है, जहां प्रत्येक विजेता टीम को प्रति समस्या विवरण 1 लाख रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

**ग्रैंड फिनाले में 12,000 से अधिक प्रतिभागी**

देश भर के 48 नोडल केंद्रों पर आयोजित होने वाले ग्रैंड फिनाले में 12,000 से अधिक प्रतिभागी और 2500 से अधिक सलाहकार और मार्गदर्शक भाग लेंगे। अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, स्मार्ट शिक्षा, आपदा प्रबंधन, रोबोटिक्स और ड्रोन, विरासत और संस्कृति सहित विभिन्न विषयों पर समाधान प्रदान करने के लिए इस वर्ष ग्रैंड फिनाले के लिए कुल 1282 टीमों का चयन किया गया है।

सीएम का भरतपुर दौरा

## भजनलाल ने काफिला रोककर बनाई चाय, दुकानदार आनंदित

एजेंसी ▶▶ भरतपुर

राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा एक दिनी दौरे भरतपुर पहुंचे। इस दौरान लोगों ने उनका स्वागत किया। रास्ते में एक जगह पर रुककर सीएम ने चाय बनाई। इस दौरान सीएम ने कुल्हड़ में चाय पी। सीएम द्वारा दुकान पर आकर चाय बनवाने से दुकानदार की खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

सीएम पहली बार अपने गृह जनपद भरतपुर जा रहे हैं। ऐसे में उनके द्वारा हाईवे पर रुककर चाय बनाने की चर्चा अब पूरे प्रदेश में हो रही है। लोगों ने उन्हें जमीन से जुड़ा रहने वाला सीएम बताया है।



### काफिला रोककर दुकान पर पहुंचे

दुकानदार ने कहा कि सीएम के दर्शन शबरी जैसे हुए। उन्होंने हमारे यहां चाय पी और सम्मान दिया। दुकानदार ने आगे बताया कि उन्होंने आते ही पहले कुल्हड़ को हाथ लगाया और कहा कि इसमें चाय बनाओ फीकी चाय पिऊंगा मैं। 5-7 लोगों ने फीकी चाय पी और कुछ ने चीनी वाली चाय पी। वे करीब 15 मिनट तक बैठे रहे।

# हूतियों के गढ़ में घुसे मिसाइलों से लैस भारतीय युद्धपोत, अमेरिकी नौसेना भी तैयार

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव

इजराइल और हमास के बीच गाजा में चल रहा युद्ध अब लाल सागर की ओर बढ़ता दिखाई दे रहा है। यमन के ईरान समर्थक हूती विद्रोहियों के लाल सागर में लगातार मिसाइल और ड्रोन हमले के बाद माहौल बहुत तनावपूर्ण हो गया है। हूतियों ने कई जहाजों को निशाना बनाया है जिससे उनमें आग तक लग गई है। हूती हमलों को विफल करने के लिए अमेरिकी नौसेना को बार-बार कार्रवाई करनी पड़ रही है। इस दुनिया के सबसे व्यस्त मार्गों में से एक लाल सागर में भारतीय जहाजों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए भारत ने भी अपने मिसाइलों से लैस दो युद्धपोतों को तैनात कर दिया है। वहीं अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने लाल सागर के व्यापारिक जहाजों के लिए मैरिटाइम सिक्यॉरिटी फोर्स के विस्तार का ऐलान किया है। इस बीच हूतियों ने भी इजराइली जहाजों पर हमले जारी रखने का ऐलान किया है।

*"यमन के हूती विद्रोहियों के हमले के बीच लाल सागर में अब जंग के बादल मंडराने लगे हैं। भारत ने अपने दो घातक डेस्ट्रायर को अदन की खाड़ी में तैनात किया है। ये युद्धपोत मिसाइलों से लैस हैं।"*

### भारत ने अदन की खाड़ी में तैनात किए दो युद्धपोत



फाईल फोटो

**खास बातें**
- हूतियों के हमलों पर अमेरिका को करनी पड़ रही कार्रवाई
- भारत ने अपने जहाजों की बढ़ाई सुरक्षा

**ईरान समर्थक हूती का दावा**

ईरान समर्थक हूती इजराइली जहाजों पर मिसाइल हमले करने का दावा कर रहे हैं। उन्होंने पिछले दिनों भारत आ रहे एक जापानी जहाज का अपहरण कर लिया था। भारतीय व्यापारिक जहाजों पर हमले के बढ़ते खतरे को देखते हुए अब दो डेस्ट्रायर को भारतीय नौसेना ने अदन की खाड़ी में तैनात किया है। भारत उत्तरी अरब सागर में इन युद्धपोतों के जरिए सुरक्षा मुहैया कराएगा। भारतीय नौसेना ने डेस्ट्रायर आईएनएस कोचि और रेडॉर की पकड़ में नहीं आने वाले आईएनएस कोलकाता को अदन की खाड़ी में तैनात किया है।

### ...तो लाल सागर में होते रहेंगे हमले

*भारतीय नौसेना के यदोनों ही डेस्ट्रायर किलर मिसाइलों से लैस हैं आईएनएस कोचि पहले से ही लाल सागर के मुंहाने पर समुद्री लुटेरों के खिलाफ कार्रवाई करता रहा है। भारत सरकार की ओर से अभी इस तैनाती पर कोई बयान नहीं आया है। अमेरिकी धमकी से बेअसर हूती विद्रोहियों ने ऐलान किया है कि जब तक गाजा में इजराइल हमले नहीं रोकता है, वे लाल सागर में हमले करते रहेंगे।*

### ईरान से मिल रही है भरपूर मदद

हूती विद्रोही अलकायदा, इस्लामिक स्टेट और कई अन्य आतंकी गुटों की मदद से यमन की सरकार के खिलाफ युद्ध लड़ रहे हैं। हूतियों को ईरान से हथियारों की मदद मिलती है। हूती विद्रोही ईरानी मिसाइलों के बल पर लाल सागर में डर का माहौल पैदा किए हुए हैं। इससे तेल के व्यापार पर बहुत बुरा असर पड़ा है। इस इलाके से दुनिया का 10 फीसदी तेल जाता है। ये हूती वद्रिोही लाल सागर से सटे दक्षिणी यमन के बाब अल मंदाब में मौजूद हैं और व्यापारिक जहाजों पर हमले कर रहे हैं। इस पूरे संकट में सोमालिया के समुद्री लुटेरे और संकट को बढ़ा रहे हैं।

### हूतियों के खिलाफ बनाया गठबंधन

*समुद्री लुटेरे व्यापारिक जहाजों का अपहरण करके उन्हें सोमालिया ले जा रहे हैं। एक तरफ जहां चीन दक्षिण चीन सागर में संकट बढ़ा चुका है, वहीं ईरान ने खाड़ी में तनाव को बढ़ा दिया है। इससे समुद्री व्यापार के लिए बड़ी समस्या बनती जा रही है। इसी वजह से अमेरिका अब मैरिटाइम फोर्स की मदद से सुरक्षा मुहैया कराने की कोशिश कर रहा है। इस गठबंधन में ब्रिटेन, बहरीन, फ्रांस, नार्वे और अन्य देशों की नौसेनाएं शामिल हैं।*

---

**खबर संक्षेप**

### क्राउडफंडिंग से 6 घंटे में पार्टी ने जमा किए 1 करोड़

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने क्राउडफंडिंग का अभियान शुरू किया है। जिसकी



शुरुआत कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने डोनेट फॉर देश नाम के कैंपेन के साथ ही। इस अभियान के तरत 6 घंटे में काफी पैसे डोनेट किए गए। पार्टी ने दावा किया है कि उन्होंने इस क्राउडफंडिंग से महज 6 घंटे में एक करोड़ रुपए जुटा लिए हैं। बता दें कि इस क्राउडफंडिंग के लिए खुद खरगे ने 1,38,000 रुपए का दान दिया है। अभियान के दौरान कांग्रेस ने कहा कि 'बेहतर भारत के लिए दान' 138 साल की यात्रा की याद दिलाता है।

### समलैंगिक जोड़ों को आशीर्वाद दे सकेंगे पादरी

**रोम।** वेटिकन ने पोप फ्रांसिस द्वारा अनुमोदित एक ऐतिहासिक फैसले में कहा कि, रोमन कैथोलिक पादरी



समान-लिंग वाले जोड़ों को तब तक आशीर्वाद दे सकते हैं जब तक वे नियमित चर्च अनुष्ठानों या धार्मिक अनुष्ठानों का हिस्सा नहीं होते हैं। साथ ही वेटिकन के दस्तावेज़ में कहा गया है कि, इस तरह का आशीर्वाद अनियमित स्थितियों को वैध नहीं करेगा बल्कि संकेत होगा कि भगवान सभी का स्वागत करते हैं। इस एतिहासिक फैसले में कहा गया कि, पुजारी भी मामले-दर-मामले के आधार पर निर्णय लें।

### प्रदर्शन के बीच यात्री ट्रेन में आगजनी, 4 की मौत

**ढाका।** बांग्लादेश में आम चुनाव की तारीखों के एलान के बीच, राजनीतिक अशांति के बीच अज्ञात



लोगों ने मंगलवार को एक घटना को अंजाम दिया, जिसमें उन्होंने यात्री ट्रेन को आग लगा दी। इस वारदात में एक महिला और उसके नाबालिग बेटे समेत चार लोगों की मौत हो गई है। बता दें विपक्षी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी द्वारा मंगलवार को चुनावों का बहिष्कार करने और चुनाव आयोग के चुनाव कार्यक्रम के खिलाफ औपचारिक विरोध के चलते यह घटना हुई, इस विरोध में राष्ट्रव्यापी बंद का आह्वान किया गया था।

---

**पीएम नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त**

## भूटान के नरेश ने गेलेफू परियोजना का किया शुभारंभ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने सोमवार को गेलेफू माइंडफुलनेस सिटी परियोजना का अनावरण किया। यह भारत से दक्षिण पूर्व एशिया तक 1000 वर्ग किमी (2,50,000 एकड़) में फैली है। गेलेफू स्पेशल एडमिनिस्ट्रेशन रीजन से पूरे भूटान को लाभ मिलने के साथ ही यहां की सड़कों, पुलों और हवाई अड्डों जैसे सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण निवेश की आवश्यकता होगी। भूटान नरेश वांगचुक ने कहा कि गेलेफू की कल्पना आर्थिक केंद्र से कहीं अधिक है। यह भूटान को दुनिया से जोड़ने और देश के भविष्य को आकार देने वाला प्रवेश द्वार बनने में है। इसका लक्ष्य निवेश आकर्षित करना और रोजगार पैदा करना है। यह गेलेफू या सैमड्रुप जोंगखार से असम और पूर्वोत्तर भारतीय राज्यों को जोड़ते हुए म्यांमार, थाईलैंड, कंबोडिया, लाओस, वियतनाम, मलेशिया और सिंगापुर तक फैला हुआ है।





### अब मजबूत होगा आर्थिक गलियारा

*यह एक ऐसा आर्थिक गलियारा बनाता है, जो दक्षिण एशिया को दक्षिण पूर्व एशिया से जोड़ता है। वांगचुक ने कहा कि मुझे खुशी हो रही है कि मेरी हाल की यात्रा के दौरान भारत सरकार ने भूटान की ओर जाने वाली प्रमुख सड़कों के सुधार और विस्तार के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने हमारे दो या तीन सीमावर्ती शहरों को रेलवे लाइनों से जोड़ने का भी वादा किया है। मैं पीएम नरेंद्र मोदी और भारत सरकार को उनके समर्थन के लिए आभार व्यक्त करना चाहता हूं। गेलेफू विशेष प्रशासनिक क्षेत्र की कल्पना एक स्वायत्त आर्थिक केंद्र के रूप में की गई है, जो कानूनों और नीतियों को आकार देने के अधिकार से संपन्न है। भारतीय सीमा से दक्षिण पूर्व एशिया तक के आर्थिक गलियारे के निर्माण में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।*

### परियोजना से पूरे देश को होगा पर्याप्त

बता दें कि 1000 वर्ग किमी या 2,50,000 एकड़ में फैला गेलेफू माइंडफुलनेस सिटी भूटान के कुल सतह क्षेत्र का केवल 2.5 प्रतिशत प्रतिनिधित्व करता है। गेलेफू या सैमड्रुप जोंगखार से प्रस्तावित भूमि कनेक्शन, असम और पूर्वोत्तर भारतीय राज्यों को पार करते हुए, म्यांमार, थाईलैंड, कंबोडिया, लाओस, वियतनाम, मलेशिया और सिंगापुर तक फैला हुआ है, जो एक गतिशील आर्थिक गलियारा बनाता है। जो दक्षिण एशिया को दक्षिण पूर्व एशिया से जोड़ता है। इस परियोजना से पूरे देश को पर्याप्त लाभ होने की उम्मीद है।

---

**वार्ता से पहले ब्रिटेन ने की कार्बन टैक्स लगाने की घोषणा**

## भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते में नई अड़चन! अगले माह बातचीत

**उम्मीद जताई जा रही है कि भारत अपने प्रयासों में सफल होगा**

**2022-23 में 20.36 अरब डॉलर का रहा था दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यूरोपियन यूनियन के बाद अब ब्रिटेन ने भी आयरन, स्टील, एल्यूमिनियम, सेरामिक्स और सीमेंट के आयात पर कार्बन बॉर्डर टैक्स लगाने की घोषणा की है। यह टैक्स 2027 से लगाया जाएगा। यूरोप और ब्रिटेन के इस फैसले से भारत जैसे देशों की मुश्किलें बढ़ जाएंगी। इसके साथ ही भारत और ब्रिटेन के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की राह में एक नई अड़चन खड़ी होगी। एफटीए से जुड़े कुछ अनसुलझे मुद्दों पर चर्चा के लिए अगले महीने दोनों देशों के बीच 14वें दौर की बातचीत प्रस्तावित है। लेकिन अब इस नए फैसले के बाद इस बातचीत पर भी आशंका के बादल मंडरा रहे हैं।

*भारत और ब्रिटेन के बीच द्विपक्षीय व्यापार को गति देने के लिए एफटीए पर बातचीत जनवरी, 2022 में शुरू हुई थी. दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार पिछले वित्त वर्ष में 20.36 अरब डॉलर रहा था।*



### 14 वें दौर की होगी बातचीत

*भारत और ब्रिटेन के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से संबंधित अनसुलझे मुद्दों पर चर्चा के लिए अगले महीने 14वें दौर की बातचीत प्रस्तावित है। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि भारत और ब्रिटेन के अधिकारी एक व्यापक एवं महत्वाकांक्षी मुक्त व्यापार समझौते के लिए बातचीत का दौर जारी रखेंगे। जनवरी में 14वें दौर की वार्ता आयोजित की जाएगी। दोनों देशों के बीच 13वें दौर की बातचीत हाल ही में संपन्न हुई है। इलेक्ट्रिक वाहनों और व्हिस्की पर आयात शुल्क में छूट देने और पेशेवरों के लिए वीजा संबंधी प्रावधानों पर अब तक गतिरोध बना हुआ है। अब इसमें कार्बन टैक्स का भी मुद्दा जुड़ गया है। भारत और ब्रिटेन के बीच द्विपक्षीय व्यापार को गति देने के लिए एफटीए पर बातचीत जनवरी, 2022 में शुरू हुई थी. दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार पिछले वित्त वर्ष में 20.36 अरब डॉलर रहा था।*

### डब्ल्यूटीओ में भी विरोध दर्ज कराया

ब्रिटेन के वित्त मंत्री जेरेमी हंट ने एक बयान में कहा कि लगाया जाने वाला टैक्स आयातित वस्तुओं के उत्पादन में उत्सर्जित कार्बन की मात्रा और ब्रिटेन तथा मूल देश में कार्बन की कीमत के बीच अंतर पर निर्भर करेगा। उन्होंने कहा कि यह टैक्स सुनिश्चित करेगा कि, विदेशों से कार्बन गहन उत्पादों जैसे स्टील और सिरेमिक को ब्रिटेन में उत्पादित वस्तुओं की कार्बन कीमत के बराबर लाया जा सके। इस कदम से ब्रिटेन के उद्योगों को डीकार्बोनाइजेशन में निवेश करने का भरोसा मिलेगा। ब्रिटेन के इस कदम को भारत एफटीए वार्ता में गैर-टैरिफ बाधा के रूप में चिन्हित कर सकता है। क्योंकि भारत पहले ही यूरोपीय यूनियन द्वारा शुरू किए गए कार्बन बॉर्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म (सीबीएएम) का विरोध कर रहा है। भारत ने द्विपक्षीय स्तर के साथ-साथ डब्ल्यूटीओ में भी इसके खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया है।

### द्विपक्षीय निवेश संधि पर कर रहे हैं चर्चा

वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक इस सिलसिले में भारतीय अधिकारियों का एक दल लंदन के दौरे पर गया हुआ था। इलेक्ट्रिक वाहनों एवं व्हिस्की पर आयात शुल्क में छूट देने और पेशेवरों के लिए वीजा संबंधी प्रावधानों पर अब तक गतिरोध बना हुआ है। इसके अलावा दोनों देश द्विपक्षीय निवेश संधि पर भी बात कर रहे हैं। भारत और ब्रिटेन के बीच द्विपक्षीय व्यापार को और गति देने के लिए एफटीए पर बातचीत जनवरी, 2022 में शुरू हुई थी। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में 20.36 अरब डॉलर रहा था।

---

**अमेरिका के लिए बन रहा बड़ा खतरा**

## उत्तर कोरिया की नई मिसाइल की जद में पूरा अमेरिका, 30 हजार किमी प्रति घंटे की गति

एजेंसी ▶▶ प्योंगयांग(उत्तर कोरिया)

उत्तर कोरिया ने अपनी नई इंटर-कॉन्टीनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल ह्वॉसॉन्ग-18 का सफल परीक्षण किया।



टेस्ट में मिसाइल ने सभी मानकों को पूरा किया। मिसाइल लॉन्च के समय उत्तर कोरिया का शासक किम जोंग उन मौजूद था। वह इसकी सफल लॉन्चिंग से बेहद खुश दिखाई दिया। उत्तर कोरिया ने दावा किया है कि उनकी यह मिसाइल 6518 किलोमीटर की ऊंचाई तक गई। इस दौरान उसने 1002 किलोमीटर की दूरी तय की। इसके बाद वह समंदर में एक खाली जगह पर बनाए गए टारगेट को हिट कर गई। सबसे डरावनी इसकी स्पीड है। यह मैक 25 की स्पीड में टारगेट की तरफ बढ़ती है। यानी 30,600 किमी प्रति घंटे की रफ्तार है। इस गति से तो यह आधे घंटे से कम समय में अमेरिका तक पहुंच जाएगी। जबकि उत्तर कोरिया से अमेरिका की हवाई दूर मात्र सवा दस हजार किलोमीटर ही हो सकती है।


### मिसाइल से कई लक्ष्य

एमआईआरवी का मतलब है मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टार्गेटेबल रीएंट्री व्हीकल। यानी एक ही मिसाइल से कई टारगेट पर निशाना लगाना। इस मिसाइल में सवा से लेकर डेढ़ टन वजनी हथियार को लगाया जा सकता है। बताया जा रहा है कि इसकी रेंज 15 हजार किलोमीटर है। अधिकतम 6648 किमी की सीधी ऊंचाई तक जा सकता है। इस मिसाइल को 9 एक्सल वाले ट्रांसपोर्टर इरेक्टर लॉन्चर से दागा जाता है। 18 दिसंबर 2023 की टेस्टिंग भी हो चुकी है।

---

**यूक्रेन ने किया दावा**

## रूस के ब्रह्मास्त्र 'किंझल' को यूक्रेन ने देखते ही मार गिराया



एजेंसी ▶▶ कीव

रूस और यूक्रेन में जंग जारी है। यूक्रेन अब रूसी सेना पर पलटवार कर रहा है। रूस जहां यूक्रेन पर ताबड़तोड़ बम गिरा रहा है, वहीं यूक्रेन रूसी हमलों को नाकाम कर रहा है। इसी बीच यूक्रेन ने दावा किया कि उसने रूस की हाइपरसोनिक मिसाइल किंझल को मार गिराया है।

### रूसी मंत्रालय ने अभी तक नहीं दिया बयान

यूक्रेन की वायुसेना के प्रवक्ता यूरिये इनहत ने घोषणा की है कि उनकी सेना ने एक एक्स-47 एम किंझल मिसाइल को राजधानी कीव के ऊपर मार गिराया है। उन्होंने कहा कि यह हमला 14 दिसंबर को रूसी सेना की ओर से किया गया था। इनहत ने कहा, 'एक मिसाइल को मार गिराया गया है।' इसकी पुष्टि यूक्रेनी वायुसेना के प्रमुख ने भी की है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने अभी इस बारे में कोई बयान नहीं दिया है। किंझल को मार गिराने के दावे की अभी स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है।

---

**गांसु में 105 और किंघई में 11 मृत**

## चीन में 6.2 तीव्रता से आया भूकंप,116 लोगों की मौत



### भूकंप के झटके लगते ही लोग घर से बाहर भागे

एजेंसी ▶▶ शंघाई

चीन में सोमवार रात करीब 12 बजे आए शक्तिशाली भूकंप में 116 लोगों की मौत हो गई। पहले 111 लोगों के मारे जाने की पुष्टि हुई थी। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.2 मापी गई है। चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र का कहना है कि तेज झटके लगते ही लोगों में दहशत फैल गई। चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स के अनुसार, भूकंप से अब तक उत्तर पश्चिम चाइना के गांसु प्रांत में 105 और किंघई प्रांत में 11 लोगों की मौत हो गई। देश की ब्लू स्काई रेस्क्यू टीम राहत और बचाव अभियान में जुटी हुई है।

### 300 से ज्यादा घायलों का इलाज किया गया

किंघई प्रांत ने प्रभावित क्षेत्र में बचाव अभियान चलाने के लिए 68 एम्बुलेंस और 40 से अधिक प्रांतीय और मंगलवार सुबह 6:30 बजे तक प्रभावित इलाके में 300 से ज्यादा घायलों का इलाज किया गया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने भी तत्काल चिकित्सा आपातकालीन प्रतिक्रिया बलों को भेजा है। भूकंप से किंघई प्रांत के हैडोंग में ज्यादा नुकसान हुआ है। यहां इस वक्त न्यूनतम तापमान शून्य से 12 डिग्री सेल्सियस नीचे है। कड़ाके की ठंड के बीच राहत और बचाव अभियान चल रहा है। हैडोंग, जिशिशान काउंटी से लगभग 20 किलोमीटर दूर है।

### चिकित्सकों की टीम पहुंची

मीडिया के अनुसार, गांसु प्रांत के जिशिशान काउंटी में 6.2 तीव्रता का भूकंप आने के बाद गांसु स्वास्थ्य विभाग ने 33 एम्बुलेंस और अन्य पेशेवर वाहनों के साथ-साथ 173 चिकित्सा कर्मचारियों को घटनास्थल पर भेजा।

---

**अमेरिका, सिंगापुर, चीन,जकार्ता और मलेशिया में फैल रही महामारी**

## भारत ही नहीं दुनिया के पांच देशों में पहुंचा कोरोना का घातक वैरिएंट

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

कोरोना वायरस एक बार फिर वापसी करने लगा है। कोरोना वायरस का नया सब वैरिएंट जेएन.1 सामने आया है, जिसने एक बार फिर दुनिया की टेंशन बढ़ा दी है। लोग मान कर चल रहे हैं कि सोशल डिस्टेंसिंग और मास्क एक बार फिर चलन में आ जाएंगे। भारत में केरल में इस वायरस के मामले देखे गए हैं। मंगलवार को 115 नए मामले मिले हैं। जेएन.1 वैरिएंट बेहद तेजी से फैलता है। सबसे पहले लक्जमबर्ग में इसका मामला मिला था। लेकिन अब भारत ही नहीं इसके मामले पांच और देशों में भी मिले हैं। इस वायरस के मामले अमेरिका, चीन, सिंगापुर, भारत और कुछ यूरोपीय देशों में दिखे हैं।




सिंगापुर में यह वायरस तेजी से फैल रहा है। 4 से 10 दिसंबर के बीच सिंगापुर में 56,000 से ज्यादा मामले देखे गए हैं। सिंगापुर के स्वास्थ्य मंत्री के मुताबिक अस्पताल में भर्ती होने के मामले बढ़े हैं। 60 साल की उम्र से ऊपर के लोग अस्पताल में ज्यादा भर्ती हो रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से एक बयान में कहा गया कि जेएन.1 से संक्रमित केस कोविड-19 के मामलों के लिए जिम्मेदार हैं।

**खास बातें**
- सिंगापुर में 56 हजार से ज्यादा मामले
- जकार्ता में हर रोज औसतन 200 मामले
- इंडोनेशिया ने लॉकडाउन लगाने से कर दिया इनकार

*"जेएन 1 वैरियंट के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। कोरोना के इस वैरियंट के मामले भारत में भी देखे जा रहे हैं। भारत ही नहीं अन्य देशों में मामले देखे गए हैं। अमेरिका, सिंगापुर, चीन और मलेशिया में भी इस वायरस के मामले देखे गए हैं।"*

### कहां कितने मामले?

*रिपोर्ट के मुताबिक इंडोनेशिया में नवंबर की तुलना में कोविड के मामलों में 13 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। राजधानी जकार्ता में हर रोज औसतन 200 मामले देखे जा रहे हैं। अधिकारियों ने कहा कि इनमें से लगभग 90 फीसदी मामले बिना लक्षण वाले या हल्के लक्षण वाले हैं। अस्पताल में यहां कम लोग भर्ती हो रहे हैं। मलेशिया में क्रिसमस और नए साल से पहले एक हफ्ते में कोविड के मामले दोगुने हो गए। रिपोर्ट के मुताबिक नवंबर के अंतिम सप्ताह में मामले 6,796 थे जो 10 दिसंबर तक बढ़कर लगभग 13 हजार हो गए। हालांकि इंडोनेशिया में सरकार ने लॉकडाउन लगाने से इनकार कर दिया है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने लोगों से मास्क पहनने को कहा है।*

### चीन-अमेरिका में भी बढ़े मामले

चीन में अब तक जेएन.1 के लगभग सात मामले देखे गए हैं। चीनी अधिकारियों के मुताबिक यह निम्न महामारी स्तर है। सभी संक्रमण बिना लक्षण वाले हैं। फिलीपींस में में कोविड और फ्लू जैसे संक्रमण के मामले बढ़े हैं। दिसंबर के पहले सप्ताह में 1,340 नए मामले देखे गए। अमेरिका में जेएन.1 का सबसे पहला मामला सितंबर में मिला था। लेकिन यह धीरे-धीरे बढ़ा है।



# 'हनुमान' का रोंगटे खड़े कर देने वाला ट्रेलर आउट

**मुंबई।** तेजा सज्जा स्टारर तेलुगु सिनेमा की सुपरहीरो फिल्म 'हनुमान' का टीजर रिलीज होने के बाद से ही फैंस इसकी रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वहीं अब मेकर्स ने फैंस की एक्साइटमेंट को बढ़ाते हुए इस मोस्ट अवेटेड फिल्म का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज कर दिया है। ट्रेलर बेहद दमदार है और इसे देखकर यकीन मानिए रोंगटे खड़े हो जाएंगे। इसमें पौराणिक कथाओं और कल्पना का मिश्रण दिखाया गया है। ट्रेलर की शुरुआत में तेजा सज्जा समुद्र की अथाह गहराइयों में नजर आते हैं। इसके बाद भगवान हनुमान का वर्णन करते हुए बैकग्राउंड साउंड आती है।

लाइफ Style

# कृति
## शूटिंग पूरी होने पर मनाया जश्न



कृति सेनन ने अपनी प्रोड्यूस की हुई फिल्म 'दो पत्ती' की शूटिंग पूरी कर ली है। 'दो पत्ती' का रैप-अप हो चुका है। कृति ने जश्न मानते हुए इसकी जानकारी सोशल मीडिया पर साझा की है। एक्ट्रेस ने वीडियो और फोटोज शेयर की है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कृति इस फिल्म को लेकर पिछले काफी समय से सुर्खियों में हैं। 'आदिपुरुष' एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर वीडियो और फोटोज शेयर की है, जिसमें काजोल, कनिका ढिल्लों, कृति सेनन और फिल्म डायरेक्टर शशांक चतुर्वेदी नजर आ रहे हैं और कैप्शन में लिखा, और यह एक रैप-अप है! दो पत्ती की रोमांचक यात्रा समाप्त हो गई है, 2024 में, केवल नेटफ्लिक्स पर। बता दें, कृति सेनन को फिल्मी पर्दे पर 9 साल का वक्त बीत चुका है। एक्ट्रेस पर्दे पर हीरोइन के तौर में काम किया है और अब प्रोड्यूसर के तौर पर भी अपना करियर शुरू करने जा रही है। फिल्म 'दो पत्ती' की कृति सेनन प्रोड्यूसर है। ये फिल्म कृति ने अपने प्रोडक्शन हाउस ब्लू बटरफ्लाई में बनी है। एक्ट्रेस ने वीडियो शेयर कर लिखा, हर फिल्म में मेरे दिल का टुकड़ा होता है, लेकिन कुछ में मेरी आत्मा भी होती है। दो पत्ती में मेरा दिल, आत्मा, दिमाग, प्यार, आंसू, सपने और बहुत कुछ है एक निर्माता के रूप में मेरी पहली फिल्म और मैं ' हमने इस रचनात्मक यात्रा का भरपूर आनंद लिया। यह जानकर मेरा दिल बैठ गया कि यह यात्रा समाप्त हो गई है, मैं खूबसूरत यादों और उससे भी ज्यादा खूबसूरत लोगों के लिए आभारी हूं, जिन्होंने इसे इतना खास बना दिया।

## हॉलीवुड मसाला




# फुटबॉल मैच देखने निकलीं किम

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड एक्ट्रेस किम कार्दशियन को अक्सर अपनी बच्चों के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करते देखा गया। हाल ही में किम को अपनी पांच साल की बेटी शिकागो और आठ साल के बेटे सेंट के साथ लॉस एंजेलिस में स्पॉट किया गया। किम बच्चों के साथ बास्केटबॉल गेम्स के लिए जा रही थीं। लुक की बात करें तो किम रेड फलालैन शर्ट और कार्गो पैंट में स्टाइलिश दिखीं। ओपन हेयर्स और ब्लैक शेड्स किम के लुक को परफेक्ट बना रहे हैं।



# दोस्त संग डिनर डेट पर स्पॉट हुईं केंडल

**लॉस एंजेलिस।** केंडल जेनर हॉलीवुड इंडस्ट्री की बोल्ड एंड ग्लैमरस एक्ट्रेसेस में से एक हैं। वह अक्सर अपने लुक्स को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चा में रहती हैं। केंडल को बीती रात दोस्तों के साथ कोलोराडो में डिनर के लिए स्पॉट किया गया, जहां वह अपने लुक से सबको खूब इंप्रेस करती नजर आईं। अब एक्ट्रेस की ये तस्वीरें इंटरनेट पर खूब वायरल हो रही हैं। लुक की बात करेंतो इस दौरान केंडल चॉकलेट ब्राउन और ब्लैक बेल्ट वाला फर कोट पहने नजर आईं। इस लुक को उन्होंने ब्लैक ट्रांसपेरेंट स्टॉकिंग्स और ब्लैक बेली से कंप्लीट किया है। ओवरऑल लुक में एक्ट्रेस का स्टाइल देखते ही बन रहा है।



# इंटरनेशनल फिल्म में डेब्यू करेंगी नेहा

**मुंबई।** एक्ट्रेस नेहा धूपिया मिस्त्र के पॉपुलर फिल्म मेकर अली एल अरबी द्वारा निर्देशित 'ब्लू 52' से इंटरनेशनल मूवी में डेब्यू करने जा रही है इंटरनेशनल डेब्यू के बारे में बात करते हुए, नेहा ने कहा, ब्लू 52 की जर्नी शुरू करना किसी जादू से कम नहीं है। इस इंटरनेशनल वेंचर में अलग-अलग कल्चर के फ्यूजन ने मुझे एक ऐसे करेक्टर में गहराई से उतरने की अनुमति दी, जो चैलेंजिंग और इमोशनल है। एक्ट्रेस ने कहा, मेरा मानना है कि यह ट्रांसफॉर्मेटिव एक्सपीरियंस है, जो स्थायी प्रभाव छोड़ेगा और मुझे खुशी है कि अली ने मुझे अपनी पहली इंटरनेशनल फिल्म में लीड रोल निभाने के लिए चुना। निर्देशक अली एल. अरबी ने कहा, ब्लू 52 का निर्माण मिस्त्र, अमेरिका और भारत की सिनेमाई भाषाओं को मिलाकर किया जा रहा है।



# दिलजीत का 'बंदा' गाना रिलीज...

**मुंबई।** फिल्म डंकी के निर्माताओं ने नया गाना बंदा है, पेश किया है। 'बंदा' नाम का ये गाना एक जोशीला ट्रैक है, जो फैंस और ऑडियंस को फिल्म में शाहरुख खान के किरदार हार्डी से रूबरू कराता है। इस गाने को दिलजीत दोसांझ ने गाया है जबकि गाने के बोल कुमार ने लिखे हैं और संगीत प्रीतम ने दिया है। शाहरुख खान का इंट्रोडक्शन सॉन्ग निश्चित रूप से प्रशंसकों और दर्शकों के बीच काफी एक्साइटमेंट लेकर आएगा। डंकी में अभिनेता बोमन ईरानी, तापसी पन्नू, विक्की कौशल, विक्रम कोचर और अनिल ग्रोवर द्वारा रंगीन किरदार निभाए गए हैं। जीओ स्टूडियोज, रेड चिलीज एंटरटेनमेंट और राजकुमार हिरानी फिल्म्स की प्रस्तुति, राजकुमार हिरानी और गौरी खान द्वारा निर्मित, अभिजात जोशी, राजकुमार हिरानी और कनिका ढिल्लों द्वारा लिखित, डंकी 22 दिसंबर को रिलीज होने वाली है।

## टीवी मसाला

# शादी के बंधन में बधेंगी श्रेनु रचाई दूल्हे के नाम की मेहंदी

**मुंबई।** टीवी एक्ट्रेस और डांसर मुक्ति मोहन के बाद अब एक और एक्ट्रेस शादी के बंधन में बंधने जा रही है। हम बात कर रहे हैं टीवी एक्ट्रेस श्रेनु पारिख की। हाल ही में एक्ट्रेस की मेहंदी सेरेमनी हुई है, जिसकी तस्वीरे सोशल मीडिया पर साझा की है। श्रेनु पारिख जल्द अपने ब्वॉयफ्रेंड अक्षय म्हात्रे संग शादी करने जा रही है। शादी से पहले एक्ट्रेस की प्री-वेडिंग फंक्शन की शुरुआत हुई है। अदाकारा की मेहंदी सेरेमनी हुई। इस मौके पर श्रेनु ग्रीन कलर का लहंगा पहना, जिसमें वह बेहद खूबसूरत नजर आ रही है। श्रेनु पारिख और अक्षय म्हात्रे की मुलाकात साल 2021 में 'घर एक मंदिर' के सेट पर हुई और फिर दोनों के बीच प्यार हो गया। इस कपल ने अपने रिश्ते को सीक्रेट रखा।



# 2023 में इन फिल्मों को सिनेमाघरों में नहीं मिले दर्शक, लेकिन ओटीटी पर रहीं टॉप ट्रेंड

***मुंबई।** वैसे तो साल 2023 बॉलीवुड के लिहाज से काफी अच्छा रहा। इस साल बॉलीवुड की कई सारी फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर रिलीज के साथ हंगामा मचाया। वहीं, कुछ बड़ी फिल्में ऐसी भी रहीं, जिन्हें सिनेमाघरों में तो पसंद नहीं किया गया और फिल्म बुरी तरह फ्लॉप रही। वहीं, जब इन फ्लॉप फिल्मों को ओटीटी पर रिलीज किया गया तो ये टॉप ट्रेंड करने लगी। हम आपको साल 2023 की उन्हीं फिल्मों के बारे में बताने जा रहे हैं।*

### किसी का भाई किसी की जान




सलमान खान की यह फिल्म जब सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, तो इसे बिलकुल भी पसंद नहीं किया गया था और बॉक्स ऑफिस पर यह फ्लॉप साबित हुई थी, लेकिन जैसे ही इसे ओटीटी पर लाया गया यह फिल्म ओटीटी पर टॉप ट्रेंड करने लगी थी।

### मिशन रानीगंज- द ग्रेट भारत रेस्क्यू




अक्षय कुमार की इस फिल्म को सिनेमाघरों में अच्छा रिस्पॉन्स नहीं मिला था और रिलीज के साथ ही यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही थी, लेकिन ओटीटी पर आते ही यह टॉप ट्रेंड करने लगी थी। यह एक आपदा थ्रिलर फिल्म है, जो टीनू सुरेश देसाई द्वारा निर्देशित और पूजा एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित है।

### गुमराह

यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जो वर्धन केतकर द्वारा निर्देशित और टी-सीरीज फिल्म्स और मुराद खेतानी के सिने1 स्टूडियो द्वारा निर्मित है। फिल्म में मृणाल ठाकुर और रोनित रॉय के साथ आदित्य रॉय कपूर दोहरी भूमिका में हैं। यह 2019 की तमिल फिल्म थडम की रीमेक है. यह बॉक्स ऑफिस पर तो फ्लॉप साबित हुई थी, लेकिन ओटीटी पर आते ही यह छा गई थी।

### शहजादा

रोहित धवन द्वारा निर्देशित यह एक कॉमेडी एक्शन फिल्म है, जो सिनेमाघरों में तो कुछ कमाल नहीं दिखा पाई, लेकिन ओटीटी पर रिलीज होते ही टॉप ट्रेंड करने लगी थी। इसमें कार्तिक आर्यन मुख्य भूमिका में हैं, जिन्होंने इस फिल्म के साथ अपने प्रोडक्शन की शुरुआत भी किया। वहीं, कृति सेनन, परेश रावल, मनीषा कोइराला और रोनित रॉय मुख्य भूमिकाओं में थे।

### कुत्ते

यह एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जिसे आसमान भारद्वाज ने लिखा और निर्देशित किया। फिल्म में तब्बू, अर्जुन कपूर, नसीरुद्दीन शाह, राधिका मदान, कोंकणा सेन शर्मा और कुमुद मिश्रा जैसे कलाकार शामिल हैं। यह फिल्म सिनेमाघरों में तो नहीं चली, लेकिन ओटीटी पर इसे दर्शकों का प्यार हासिल हुआ था।

# पहली बार लीड रोल में नजर आएंगी नोरा

**मुंबई।** एक्ट्रेस नोरा फतेही पहली बार पर्दे पर मुख्य भूमिका निभाती नजर आएंगी। नोरा फतेही ने कई फिल्मों में काम किया है, लेकिन उन्हें बॉलीवुड में बतौर लीड काम करने का मौका नहीं मिला। हालांकि, अब एक्ट्रेस को बतौर लीड पहली फिल्म मिल गई है। नोरा फिल्म क्रैक में मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। नोरा की फिल्म क्रैक की शूटिंग पूरी हो चुकी है।



## डंकी के लिए बुक हुए 70 प्रतिशत मल्टीप्लेक्स




**मुंबई।** शाहरुख खान 'डंकी' के साथ बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर की हैट्रिक लगाने की तैयारी कर रहे हैं। फिलहाल रिलीज से पहले ही 'डंकी' का क्रेज फैंस के सिर चढ़कर बोल रहा है और इसी के साथ फिल्म की धुंआधार एडवांस बुकिंग भी हो रही है। डंकी की एडवांस बुकिंग के चलते देशभर के 70 फीसदी मल्टीप्लेक्स पहले दिन के लिए हाउसफुल हो गए हैं।

## हैरतअंगेज स्टंट से भरपूर 'क्रैक' का टीजर आया सामने



**मुंबई।** रोलर-ब्लेडिंग से लेकर स्काइडाइविंग, स्कीइंग और कार-चेजिंग तक विद्युत जामवाल की लेटेस्ट फिल्म क्रैक-जीतेगा तो जिएगा का टीजर आपके रोंगटे खड़े कर देगा। फिल्म के निर्माताओं ने मंगलवार को टीजर जारी किया, जिसमें फिल्म की पेशकश के बारे में जानकारी दी गई। एक मिनट लंबे टीजर की शुरुआत विद्युत और अर्जुन के स्काइडाइविंग से होती है।

## दीपिका ओटीटी पर फिर दिखाएंगी जलवा



**मुंबई।** दीपिका पादुकोण को लेकर एक बड़ी खबर आ रही है कि एक बार फिर ओटीटी पर नजर आएंगी। यह ओटीटी प्रोजेक्ट ड्रग माफिया कल्चर पर आधारित होने वाला है। इसकी शूटिंग अगले साल शुरू होने की संभावना है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दीपिका पादुकोण और नेटफ्लिक्स के बीच ड्रग्स माफिया संस्कृति पर आधारित एक प्रोजेक्ट को लेकर बातचीत चल रही है।

# 22 मार्च से शुरू हो सकता है आईपीएल, मई में फाइनल




**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी सीजन की नीलामी 19 दिसंबर को दुबई में हुई। इस बीच खबर यह है कि आईपीएल 2024 की शुरुआत 22 मार्च से हो सकती है। भारत की इस प्रतिष्ठित लीग के लिए लगभग 2 महीने की विंडो मिलती है। रिपोर्ट के मुताबिक आईपीएल 2024 का फाइनल मुकाबला मई 2024 के आखिर में हो सकता है। हालांकि इस पर अब तक कोई आधिकारिक ऐलान नहीं किया गया है।

### लोकसभा चुनाव को देखते हुए बनेगा शेड्यूल

गौरतलब है कि अगले साल भारत में लोकसभा चुनाव होने हैं और इसको ध्यान में रखते हुए मार्च 2024 के आखिरी सप्ताह में लीग के अगले चरण की शुरुआत होने की संभावना है। गौरतलब हो कि आईपीएल 2023 की शुरुआत 31 मार्च को हुई थी और इसका खिताबी मुकाबला 29 मई को खेला गया था। महेंद्र सिंह धोनी के नेतृत्व में चेन्नई सुपरकिंग्स ने खिताब पर कब्जा जमाया था।

### पहले भी लोकसभा चुनाव के बीच हुआ आईपीएल

बता दें कि इससे पहले भी बोर्ड के सामने ऐसी स्थिति आ चुकी है, जिसमें लोकसभा चुनाव के दौरान लीग का आयोजन कराया गया था। आईपीएल के कार्यक्रम के दौरान साल 2009, 2014 और 2019 में आम चुनाव हुए थे। टूर्नामेंट को दूसरे संस्करण के लिए पूरी तरह से दक्षिण अफ्रीका में स्थानांतरित कर दिया गया था। 7वें संस्करण के पहले भाग की मेजबानी भारत में की गई थी और शेष मैच संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित किए गए थे।

# हर्षल अब तक के सबसे महंगे भारतीय खिलाड़ी पंजाब किंग्स ने 11 करोड़ 75 लाख में खरीदा



एजेंसी ▶▶| दुबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के खिलाड़ियों की नीलामी मंगलवार को दुबई के कोका कोला एरेना में हुई। इस बोली में हालांकि कई खिलाड़ियों पर जमकर धनवर्षा हुई वहीं हर्षल पटेल अब तक के सबसे महंगे भारतीय खिलाड़ी हैं जिनके लिए पंजाब किंग्स ने 11 करोड़ 75 लाख रुपए खर्च किए।

पूरे आईपीएल में अगर महंगे खिलाड़ियों की बात की जाए तो ऑस्ट्रेलियाई के तेंज गेंदबाज मिचेल स्टार्क को केकेआर ने 24 करोड़ 75 लाख में, कप्तान पैट कमिंस 20 करोड़ 50 लाख में हैदराबाद ने अपनी झोली में डाला। डैरिल मिचेल के लिए भी चेन्नई सुपर किंग्स ने 14 करोड़ रुपए खर्च किए। इस टीम ने रचिन रविंद्र और शार्दुल ठाकुर को भी अपने साथ जोड़ा।



### पहले सेट में पॉवेल सबसे महंगे



पहले सेट के खिलाड़ियों में वेस्टइंडीज के रोवमैन पॉवेल सबसे महंगे रहे जिन्हें राजस्थान रॉयल्स ने 7.4 करोड़ रुपए में खरीदा। हैरी ब्रूक चार करोड़ रुपए में दिल्ली कैपिटल्स में शामिल हुए वहीं सनराइजर्स हैदराबाद ने 6.8 करोड़ रुपए में ट्रैविस हेड को खरीदा।

### फ्रेंचाइजियों ने खेला इन पर दांव

| खिलाड़ी | रकम | टीम |
|---|---|---|
| अल्जारी जोसेफ | 11.50 करोड़ | बेंगलोर |
| दिलशान मदुशंका | 4.6 करोड़ | मुंबई इंडियंस |
| शिवम मावी | 6.40 करोड़ | लखनऊ |
| चेतन सकारिया | 50 लाख रुपए | केकेआर |
| उमेश यादव | 5.80 करोड़ | गुजरात टाइटंस |
| जयदेव उनादकट | 1.6 करोड़ | हैदराबाद |
| दिलशान मदुशंका को | 4.60 करोड़ | हैदराबाद |
| शिवम मावी | 6.40 करोड़ | लखनऊ |
| उमेश यादव | 5. 80 करोड़ | गुजरात टाइटंस |
| चेतन सकारिया | 50 लाख | केकेआर |
| के.एस. भारत | 50 लाख | केकेआर |
| ट्रिस्टन स्टब्स | 50 लाख | दिल्ली कैपिटल्स |
| गेराल्ड कोएत्ज़ी | 5 करोड़ | मुंबई इंडियंस |
| पैट कमिंस | 20.5 करोड़ | हैदराबाद |
| वानिंदु हसरंगा | 1.5 करोड़ - | हैदराबाद |
| डेरिल मिचेल | 14 करोड़ | चेन्नई सुपर किंग्स |
| मिचेल स्टार्क | 24.75 करोड़ | कोलकाता |
| अज़मतुल्लाह उमरज़ई | 50 लाख | गुजरात टाइटंस |
| हर्षल पटेल | 11.75 करोड़ | पंजाब किंग्स |
| रचिन रवींद्र | 1.80 करोड़ | चेन्नई सुपर किंग्स |
| शार्दुल ठाकुर | 4 करोड़ | चेन्नई सुपर किंग्स |
| क्रिस वोक्स | 4.20 करोड़ | पंजाब किंग्स |

## खबर संक्षेप




### हार्दिक और सविता ने जीते एफआईएच पुरस्कार

**लुसाने।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मिडफील्डर हार्दिक सिंह और महिला टीम की कप्तान सविता को मंगलवार को एफआईएच के सालाना पुरस्कार में साल का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी और साल की सर्वश्रेष्ठ महिला गोलकीपर चुना गया। देश के लिए 114 मैच खेल चुके हार्दिक को भारतीय हॉकी का भविष्य माना जाता है। वह तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के अहम सदस्य थे। हार्दिक का यह साल का दूसरा बड़ा पुरस्कार है। सविता ने लगातार तीसरी बार इस खिताब को अपने नाम किया है। नीदरलैंड के गोलकीपर पिरमिन ब्लैक को पुरुषों के वर्ग में साल का सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर चुना गया। टेरेसा लीमा (स्पेन) और गैसपार्ड जेवियर (फ्रांस) क्रमशः महिला और पुरुष वर्ग में साल के सर्वश्रेष्ठ उभरते हुए खिलाड़ी चुने गये।

### भारत-इंग्लैंड के मैच से सीख लेगी ऑस्ट्रेलिया : ताहलिया

**मुंबई।** ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम की उप कप्तान ताहलिया मैकग्रा ने मंगलवार को कहा कि उनकी टीम भारत और इंग्लैंड के बीच पिछले सप्ताह खेले गए एकमात्र टेस्ट मैच से सीख लेकर गुरुवार से यहां शुरू होने वाले टेस्ट मैच में खेलने के लिए उतरेगी।



ऑस्ट्रेलिया की टीम भारत के खिलाफ सभी प्रारूप के अपने दौरे की शुरुआत 21 से 24 दिसंबर तक होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच से करेगी। इसके बाद दोनों टीमों के बीच तीन एकदिवसीय और इतने ही टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जाएंगे। मैकग्रा ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ भारतीय गेंदबाज हावी रहे और उन्होंने उसकी टीम को दोनों पारियों में 136 और 131 रन पर आउट कर दिया था।

### महान फुटबॉल खिलाड़ी बो लारसन का निधन

**माल्मो (स्वीडन)।** स्वीडन के लिए 70 अंतरराष्ट्रीय मैच और तीन विश्व कप खेलने वाले महान फुटबॉल खिलाड़ी बो लारसन का निधन हो गया।



वह 79 साल के थे। बोसे के नाम से पहचाने जाने वाले लारसन के पास मिडफील्ड और स्ट्राइकर के रूप में खेलने की क्षमता थी। उन्होंने 1970, 1974 और 1978 में विश्व कप टीम का प्रतिनिधित्व किया था। वह घरेलू फुटबॉल में माल्मो का प्रतिनिधित्व करते थे। उन्होंने इस क्लब के लिए 1965 से 1977 के बीच 546 मैच में 289 गोल किये थे। वह घरेलू लीग में तीन बार सत्र में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी थे।

## क्रिकेट : भारतीय टीम में 46.2 ओवर में बनाए थे 211 रन

# दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे वनडे में भारत को 8 विकेट से हराकर सीरीज में की बराबरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गक्वेहरा

दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम ने दूसरे वनडे में भारतीय क्रिकेट टीम को 8 विकेट से हराकर सीरीज में 1-1 से बराबरी की है। सेंट जॉर्ज पार्क स्टेडियम पर खेले गए मैच में भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 46.2 ओवर में 211 रन पर सिमट गई। जवाब में प्रोटियाज टीम ने टोनी डी जोरजी की नाबाद शतकीय पारी की बदौलत 43वें ओवर में लक्ष्य हासिल किया। दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के बल्लेबाज टोनी डी जोरजी ने भारतीय गेंदबाजों को आड़े हाथों लिया और 109 गेंदों में शतक जड़कर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की।

### दक्षिण अफ्रीका ने दर्ज की आसान जीत

पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 46 रन तक अपने 2 विकेट खो दिए। शुरुआती झटकों के बाद साई सुदर्शन (62) और केएल राहुल (56) ने अर्धशतक लगाए। इनके अलावा अन्य बल्लेबाजों ने निराश किया और टीम बड़ा स्कोर



नहीं बना सकी। जवाब में रीजा हेंड्रिक्स (52) और जोरजी ने पहले विकेट के लिए 110 रन की साझेदारी करके अच्छी शुरुआत दिलाई। बचा हुआ काम जोरजी और वैन डर डुसेन (36) ने पूरा किया।

### पहले दो वनडे में फिफ्टी जड़ने वाले दूसरे भारतीय बने सुदर्शन

अपना दूसरा ही वनडे खेल रहे सुदर्शन ने 83 गेंदों पर 62 रन की पारी खेली। अपनी इस पारी में उन्होंने 7 चौके और 1 छक्का भी लगाया। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने सीरीज के पहले वनडे में भी अर्धशतक लगाया था। ऐसे में वह अपने पहले 2 वनडे मैचों में अर्धशतक लगाने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। उनसे पहले नवजोत सिंह सिद्धू ने अपने करियर के पहले 2 वनडे में अर्धशतक लगाए थे।

### राहुल ने पूरे किए 1,000 वनडे रन

केएल राहुल ने 64 गेंदों पर 7 चौकों की मदद से 56 रन की पारी खेली। मुकाबले में 21 रन बनाते ही राहुल के इस साल वनडे में 1,000 रन पूरे हुए। वह इस मुकाम को हासिल करने वाले चौथे भारतीय और कुल 8वें बल्लेबाज बन गए।

### स्कोर बोर्ड

| भारत पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रुतुराज गायकवाड़ पगबाधा बर्गर | 04 | 02 | 1 | 0 |
| साई सुदर्शन बो विलियम्स | 62 | 83 | 7 | 1 |
| तिलक वर्मा का हेंड्रिक्स बो बर्गर | 10 | 30 | 0 | 0 |
| लोकेश राहुल का मिलर बो बर्गर | 56 | 64 | 7 | 0 |
| संजू सैमसन बो हेंड्रिक्स | 12 | 23 | 1 | 0 |
| रिंकू सिंह स्टं. क्लासेन बो महाराज | 17 | 14 | 2 | 1 |
| अक्षर पटेल बो मार्कराम | 07 | 23 | 0 | 0 |
| कुलदीप का हेंड्रिक्स बो महाराज | 01 | 05 | 0 | 0 |
| अर्शदीप सिंह का मिलर बो हेंड्रिक्स | 18 | 17 | 1 | 1 |
| आवेश खानरन आउट (मुलडर) | 09 | 09 | 0 | 1 |
| मुकेश कुमार नाबाद | 04 | 09 | 1 | 0 |

अतिरिक्त: 11, कुल: 46.2 ओवर में 211/10

गेंदबाजी

बर्गर 10-0-30-3, विलियम्स 9-1-49-1, हेंड्रिक्स 9.2-1-34-2 मुलडर 4-0-19-0, महाराज 10-0-51-2, मार्कराम 4-0-28-1

| दक्षिण अफ्रीका पारी : | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रीजा हेंड्रिक्स का मुकेश बो अर्शदीप | 52 | 81 | 7 | 0 |
| टोनी डी जोरजी नाबाद | 119 | 122 | 9 | 6 |
| वैन डेर डुसेन का सैमसन बो रिंकू | 36 | 51 | 5 | 0 |
| एडेन मार्कराम नाबाद | 02 | 02 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 06, कुल : 42.3 ओवर में 215/2

गेंदबाजी: मुकेश 8-2-46-0, अर्शदीप 8-0-28-1 आवेश 8-0-43-0, अक्षर 6-0-22-0, कुलदीप 8-0-48-0 तिलक 3-0-18-0, रिंकू 1-0-2-1, सुदर्शन 0.3-0-8-0

# पूरी तरह फिट होने में अभी कुछ समय लगेगा : ऋषभ



एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को उम्मीद है कि वह अगले कुछ महीनों में पूरी तरह से फिट हो जाएंगे और अगले साल आईपीएल के दौरान प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में बहुप्रतीक्षित वापसी करेंगे। पंत पिछले साल सड़क दुर्घटना में चोटिल हो गए थे जिसके कारण वह वर्ष 2023 में नहीं खेल पाए। पंत की अनुपस्थिति में पिछले सत्र में ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने दिल्ली कैपिटल्स की अगुवाई की थी।

### पंत ने इंस्टग्राम पर जारी किया वीडियो

*दिल्ली कैपिटल्स ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर एक वीडियो जारी किया है जिसमें पंत ने कहा, '' मुझे लगता है कि पिछले कुछ महीनों की तुलना में मैं अब काफी बेहतर महसूस कर रहा हूं। मैं अब भी शत प्रतिशत फिटनेस हासिल करने की राह पर हूं लेकिन उम्मीद है कि अगले कुछ महीनों में मैं पूरी तरह से फिट हो जाऊंगा। ऋषभ पंत के सड़क दुर्घटना में चोटिल होने के बाद प्रशंसकों ने उनके प्रति जो प्यार और स्नेह दिखाया वह इस विकेटकीपर बल्लेबाज के दिल को छू गया जिसका अहसास उन्हें पहली बार हुआ।*

### शारीरिक ही नहीं मानसिक लड़ाई भी

ऋषभ ने कहा जब आप बुरे दौर से गुजर रहे होते हैं या आपके साथ ऐसा कुछ होता है तो यह केवल शारीरिक ही नहीं मानसिक लड़ाई भी होती है और अगर आपके प्रशंसक आपके प्रति प्यार और स्नेह दिखाते हैं तो यह काफी मायने रखता है और इससे वास्तव में चोट से उबरने में मदद मिली।

# ऑस्ट्रेलिया से हार के बाद पाक के 2 अंक कटे और जुर्माना भी लगा

एजेंसी ▶▶| पर्थ

पाकिस्तान क्रिकेट टीम को ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ पर्थ टेस्ट में 360 रन से करारी शिकस्त मिली थी। अब मेहमान टीम के लिए एक और बुरी खबर है। दरअसल, इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने स्लो ओवर रेट के चलते पाकिस्तानी टीम के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अंक काटे हैं। इसके साथ-साथ पाकिस्तानी टीम के खिलाड़ियों पर मैच फीस का जुर्माना भी लगाया गया है।

### पाकिस्तान को मिली थी करारी शिकस्त

ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में डेविड वार्नर के शतक (164) की मदद से 487 रन बनाए। पाकिस्तान से डेब्यू करने वाले आमेर जमाल ने उम्दा गेंदबाजी (6/111) विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी 5 विकेट के नुकसान पर 233 रन पर घोषित की। मेजबान टीम से उस्मान ख्वाजा (90) और मिचेल मार्श (63*) ने अर्धशतक लगाए। जीत के लिए मिले 450 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तानी टीम महज 89 रन पर ही सिमट गई थी।

### आईसीसी ने पाक खिलाड़ियों पर की ये कार्रवाई

आईसीसी ने पाकिस्तानी टीम और सहयोगी स्टाफ पर उनकी मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया और साथ में उनके 2 अंक भी काटे। आईसीसी की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार, खिलाड़ियों पर प्रत्येक कम ओवर के लिए उनकी मैच फीस का 5 प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है।

### न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज से बाहर हो सकते हैं शादाब खान

**कराची।** पाकिस्तान के ऑलराउंडर शादाब खान के न्यूजीलैंड के खिलाफ जनवरी में होने वाली टी20 श्रृंखला के लिए टीम में चुने जाने की संभावना नहीं है



क्योंकि अभी वह टखने की चोट से पूरी तरह नहीं उबरे हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के सूत्रों के अनुसार पूर्व कप्तान बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान को पांच मैचों की श्रृंखला से विश्राम देने पर चर्चा चल रही थी, लेकिन राष्ट्रीय चयन समिति ने बाद में अपना मन बदल दिया। सूत्रों ने कहा,''चयन समिति के अध्यक्ष वहाब रियाज और उनके साथियों ने टीम के निदेशक मोहम्मद हफीज और टी20 टीम के नए कप्तान शाहीन शाह अफरीदी से ऑनलाइन चर्चा की।

# अलावेस को हराकर गिरोना स्पेनिश लीग में फिर से शीर्ष पर

**मैड्रिड।** गिरोना ने स्ट्राइकर आर्टेम डोवबीक के दो गोल की मदद से अलावेस को 3-0 से पराजित करके स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में फिर से शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। इस जीत से गिरोना ने रीयाल मैड्रिड को पीछे छोड़ा। उसके 17 मैच में 44 अंक हैं और वह रीयाल मैड्रिड से दो अंक और तीसरे नंबर पर काबिज बार्सिलोना से नौ अंक आगे हो गया है। डोवबीक ने 23वें मिनट में गिरोना की तरफ से पहला गोल किया। इसके बाद उन्होंने 59वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदला। इस बीच पोर्तू ने मध्यांतर से चार मिनट पहले टीम की तरफ से दूसरा गोल किया था। अलावेस ला लिगा की अंक तालिका में अभी 13वें स्थान पर है।



## विराट कोहली से विवाद के बाद आए थे चर्चा में

# गेंदबाज नवीन उल हक पर लगा 20 महीने का प्रतिबंध

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज नवीन उल हक को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। अनुबंध के उल्लंघन के कारण उन्हें इंटरनेशनल लीग टी-20 में भाग लेने से 20 महीने के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है।

हाल ही में समाप्त हुए सीजन में वह शारजाह वॉरियर्स के लिए खेले थे। नवीन ने 9 मैचों में 24.36 की औसत से 11 विकेट लिए थे। पिछले सीजन रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ मुकाबले में उनका विराट कोहली के साथ काफी विवाद भी हो गया था। इसके कारण वह काफी चर्चा में भी रहे थे।



### अनुबंध दायित्व का पालन नहीं कर पाए

*इंटरनेशनल लीग टी 20 की 3 सदस्यीय अनुशासन समिति ने दोनों पक्षों यानी नवीन और शारजाह वारियर्स को अलग-अलग सुना और सभी सबूतों की जांच की। इसके बाद उन्होंने नवीन पर 20 महीने के प्रतिबंध लगाया। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि नवीन शारजाह के साथ अपने अनुबंध संबंधी दायित्वों का पालन करने में विफल रहे हैं। बता दें, शारजाह वॉरियर्स ने नवीन के साथ एक साल का अनुबंध किया था, जिसे टीम ने बढ़ाना चाहा, लेकिन नवीन ने मना कर दिया।*

### हाल ही में लिया था वनडे क्रिकेट से संन्यास

*गौरतलब है कि नवीन ने हाल ही में वनडे क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। वह केवल टी-20 क्रिकेट खेलना चाहते थे। ऐसे में यह उनके लिए बड़ा झटका है। इंडियन प्रीमियर लीग में नवीन लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए खेलते हैं। पिछले सीजन रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ मुकाबले में उनका विराट कोहली के साथ काफी विवाद भी हो गया था। इसके कारण वह काफी चर्चा में भी रहे थे।*

# न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में पाक की टीम में तीन नए चेहरे

एजेंसी ▶▶| कराची

पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 12 जनवरी से शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 श्रृंखला के लिए शाहीन शाह अफरीदी की अगुवाई में मंगलवार को 17 सदस्यीय टीम घोषित की जिसमें कुछ नए चेहरे शामिल किए गए हैं। चयनकर्ताओं ने विकेटकीपर बल्लेबाज हसीबुल्लाह, ऑलराउंडर अब्बास अफरीदी और स्पिनर अबरार अहमद को पहली बार टी20 टीम में शामिल किया है।



### पाकिस्तान की टी20 टीम

*शाहीन शाह अफरीदी (कप्तान), आमिर जमाल, अब्बास अफरीदी, अबरार अहमद, आजम खान, बाबर आजम, फखर जमा, हारिस रऊफ, हसीबुल्लाह, इफ्तिखार अहमद, मुहम्मद नवाज, मुहम्मद रिजवान, मुहम्मद वसीम जूनियर, साहबजादा फरहान। सईम अयूब, उसामा मीर और ज़मान खान।*




## रेलवे को मिला 2 करोड़ 39 लाख रुपए का राजस्व

**भोपाल।** भोपाल रेल मंडल ने महज 15 दिनों में बिना टिकट यात्रा कर रहे करीब 37 हजार 202 यात्रियों से 2 करोड़ 39 लाख रुपए वसूले। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक सौरभ कटारिया के मार्गदर्शन में टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अवधि में बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों के 18 हजार 291 मामले पकड़े गए, जिनसे किराया एवं बतौर जुर्माना सहित 1,39,25,915 रुपए वसूल किया गया। अनियमित टिकट यात्रियों के 18840 मामले पकड़े गए, जिनसे किराया एवं जुर्माना हित 99,92,992 रुपए वसूल किया गया। बिना बुक कराए सामान के साथ यात्रा करने के 71 मामले पकड़े गए, जिनसे 18,985 रुपए वसूला गया।

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन के रात्रि भोज में पहुंचे भाजपा के 'दिग्गज'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार रात को अपने आवास विंध्य भवन में भाजपा विधायकों, वरिष्ठ पदाधिकारियों और नेताआ को रात्रि भोज पर आमंत्रित किया। रात्रि भोज में पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान, प्रोटेम स्पीकर गोपाल भार्गव, मनोनीत विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय, विधायक रामेश्वर शर्मा, कृष्णा गौर समेत अन्य भाजपा नेता शामिल हुए।








## व्यक्तित्व और कृतित्व से स्वस्थ समाज बनाने में सार्थक रचनात्मक भूमिका निभाने पर संतोष चौबे को सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

साहित्य, संस्कृति, शिक्षा और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में पांच दशकों से सक्रिय संतोष चौबे को अमेरिका के पं. तिलक राज शर्मा स्मृति न्यास द्वारा पं. तिलक राज शर्मा स्मृति शिखर सम्मान 2023 प्रदान जाएगा। यह पुरस्कार उन्हें संस्था के अध्यक्ष इंद्रजीत शर्मा 21 दिसंबर को विश्वरंग समारोह में प्रदान करेंगे। चौबे को यह सम्मान उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व के जरिए स्वस्थ समाज की दिशा में सार्थक एवं रचनात्मक भूमिका निभाने



के लिए प्रदान किया जा रहा है। इस सम्मान के तहत उन्हें एक लाख एक हजार रुपए, गोल्ड मैडल, अंगवस्त्र और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा।




## आठ साल पुराने डेयरी संचालकों को ही मिलेगी जमीन

**भोपाल।** शहर में चलाई जा रहीं डेयरियों को शहर से बाहर करने के लिए नगर निगम ने 765 पशुपालकों को नोटिस जारी किए हैं। हालांकि पहले चरण में 10 प्रतिशत डेयरियों की ही शिफ्टिंग होगी। डेयरी संचालन के लिए शहर से बाहर रियायदी दर में जमीन दी जाएगी। नियमों के तहत पशु पालकों को वर्ष 2015 या उससे पहले का गुमास्ता लाइसेंस और दुग्ध संघ का पंजीयन पेश करना पड़ेगा। जिसके बाद ही डेयरियों को जमीन आवंटित की जाएगी। इधर पशु पालकों का कहना है कि आठ वर्ष पुराने दस्तावजे दिखाने की शर्त जोड़ने से 765 डेयरी संचालकों में से 90 प्रतिशत तो इस दायरे से बाहर हो जाएंगे। सिर्फ 10 फीसदी को निगम रियायती दरों पर जमीन दे रहा है।

## श्रीनाथजी को लाल वस्त्र एवं मोती से बने पालने में किया विराजमान



■ श्रीजी मंदिर में नवनीत महोत्सव

**भोपाल।** पुराने शहर के लखेरापुरा स्थित श्रीजी मंदिर में चल रहे सात दिवसीय महोत्सव के तहत मंगलवार को नवनीत महोत्सव में प्रभु का पालन उत्सव मनाया गया। इस दौरान प्रभु श्रीनाथजी लाल वस्त्र एवं मोती से बने पालने विराजमान कराया गया। श्री जी का मंदिर लखेरापुरा के मुखिया श्रीकांत शर्मा ने बताया कि वृंदावन से आए हुए दांडी डाडन नए नित्य किया गया। श्रध्दालुओं ने प्रभु की बलिया ली एवं सभी वैष्णव जनों को टॉफी लड्डू एवं पैसे लुटाए। कीर्तन गायन किया गया।

## आरटीओ को देना होगा उपभोक्ता को 20 हजार रुपए का हर्जाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आरटीओ के अधिकृत वेबसाइट से आवेदन के दौरान तय राशि से अतिरिक्त भुगतान होने और कई बार शिकायत करने के बाद भी उक्त राशि वापस नहीं मिलने के मामले में जिला उपभोक्ता आयोग ने उपभोक्ता को राहत दी है। उपभोक्ता आयोग ने मामले में फैसला सुनाते हुए आरटीओ अधिकारी को आदेश दिए है कि वह उपभोक्ता को दो माह के अंदर 3200 रुपए का सात प्रतिशत ब्याज के साथ 20 हजार रुपए मानसिक क्षतिपूर्ति राशि अदा करें। दरअसल, उपभोक्ता ने परिवहन विभाग के आयुक्त, आरटीओ के अधिकारी सहित एमपी ऑनलाइन के निदेशक के विरुद्ध अप्रैल मार्च 2022 में याचिका लगाई थी। मामले में आयोग की अध्यक्ष न्यायाधीश गिरीबाला सिंह, सदस्य अंजुम फिरोज व सदस्य अरूण प्रताप सिंह ने उपभोक्ता के पक्ष में फैसला सुनाया है।












हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930